

खेल

**मैक्स को मिल सकती है कड़ी चुनौती : 18 जून को पावों नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज चौपड़ा**

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





देश

**बिजेपी प्रत्याशी अरूण गोविल के लिए राम की छवि चुनौती, समझे मेरठ का समीकरण**

शुक्ल पक्ष रोहिणी संवत 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 12 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 121 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 72, 220 | ₹85,000 |

## आज का इतिहास

- 1978 : भारतीय रेलवे के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश की पहली डबल डेकर ट्रेन सिंहगढ़ एक्सप्रेस बाम्बे (अब मुम्बई) के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे तक चलायी गयी।
- 2013 : फ्रांस की सीनेट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी।

## न्यूज बाइट्स

### मनीष कश्यप ने पश्चिमी चंपारण से चुनाव लड़ने का किया है एलान

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे सभी प्रत्याशी और जोर लगाते नजर आ रहे हैं। गली, मोहल्ले से लेकर सभी वार्डों का चक्कर काट रहे हैं। लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। लेकिन इनमें कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी हैं जो कि बढ़ चढ़कर ताल ठोक रहे हैं। ये निर्दलीय प्रत्याशी पहले टिकट की आस में थे लेकिन जब टिकट नहीं मिला तो फिर अकेले मैदान में उतरने का फैसला किया और अब जनता के सामने कई वादे भी कर रहे हैं। इनमें यूट्यूबर मनीष कश्यप भी एक हैं। मनीष कश्यप लोगों के बीच जाकर अपना विजन बताने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में मनीष कश्यप ने बताया कि वह किसके दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह किस सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

### बिहार में 120 रूटों पर दौड़ेंगी 376 नई बसें

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में 120 रूटों पर नई बसें चलाने की योजना है। इन मार्गों पर 376 बसों की आवश्यकता बताई गई है। बसों के परिचालन को लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। हालांकि, भविष्य में अन्य मार्गों पर भी जरूरत के अनुसार बसों के परिचालन की योजना है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने बसों के परिचालन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। पिछले दिनों वाहन मालिकों को इसके लिए आमंत्रित भी किया गया था। इन रूटों पर बसों के परिचालन को लेकर रिक्तियों को सार्वजनिक किया गया है। इन रूटों पर 2 से 21 तक बसें चलाने की योजना है।

### अभियान चलाकर स्कूलों में उपलब्ध कराई गई पुस्तकों की होगी जांच

**पटना (नि.सं.)।** राज्यभर में अभियान चलाकर प्रारंभिक स्कूलों में पहुंची किताबों की जांच होगी। इस दौरान अधिकारी स्कूल में जाकर जायजा लेंगे कि कितनी किताबें पहुंची हैं। कितने बच्चे नामांकित हैं और उनमें से कितनों को किताबें उपलब्ध करी दी गयी है। 13 अप्रैल तक यह अभियान चलेगा। 13 के बाद सभी अधिकारी जिलों के माध्यम से शिक्षा विभाग को रिपोर्ट देंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गयी है। विभाग ने एक प्रारूप भी तैयार किया है, जिसमें किताबों से संबंधित पूरी जानकारी पदाधिकारियों को देनी है। मालूम हो कि राज्य के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र (2024-25) की किताबें संबंधित प्रखंडों में मार्च के अंत तक पहुंचा दी गयी थी। पदाधिकारी यह भी देखें कि बच्चों की संख्या के अनुरूप किताबें उपलब्ध हैं या नहीं। प्रखंडों के माध्यम से किताबें स्कूलों को उबलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

# लोकसभा चुनाव में 94 सीटों के लिए अधिसूचना आज होगा जारी




एजेंसी | नयी दिल्ली

निर्वाचन आयोग नयी लोकसभा के चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए अधिसूचना आज जारी करेगा। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे। आयोग ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि तीसरे चरण के चुनाव के लिए भारत के राजपत्र में अधिसूचना 12 अप्रैल , 2024 को जारी की जाएगी।

विज्ञप्ति के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में 29-बैतूल संसदीय क्षेत्र केस्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा।तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तरीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे। मध्य प्रदेश के 29-बैतूल (अजा) संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान के लिए अलग से अधिसूचना भी कल जारी की जाएगी। इस सीट के लिए दूसरे चरण में होने वाला चुनाव बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया था। तीसरे चरण में जिन सीटों के लिए मतदान कराया जाना है उनमें असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, गोवा, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। कुल सात चरणों में कराए जा रहे लोक सभा चुनाव की मतगणना चार जून को करायी जाएगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

## बिहार में पांच लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन आज से

निज संवाददाता | पटना

बिहार में तीसरे चरण के चुनाव को लेकर आज अधिसूचना जारी की जाएगी और इसके साथ ही 5 संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा व खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में नामांकन शुरू होगा। इन क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। 20 अप्रैल को सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 अप्रैल तक नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तीसरे चरण के चुनाव क्षेत्रों में 7 मई को मतदान होगा। जबकि, सभी वोटों की गिनती अन्य चुनाव क्षेत्रों के साथ ही 4 जून को होगा और चुनाव परिणाम उसी दिन जारी कर दिए जाएंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम एवं वीवीपैट का पहला रैंडमाइजेशन हो चुका है। दूसरा रैंडमाइजेशन मतदान की तिथि के पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस चरण के जिलों में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिए है।

शराब के नशे में स्कूल बस चला रहा था ड्राइवर

# दुर्घटना में मौत की नींद सो गए आठ मासूम

एजेंसी | रेवाड़ी (हरियाणा)

आठ बच्चों के लिए यम वाहन बनी स्कूल बस के चालक धर्मेंद्र ने शराब पी रखी थी जिसके चलते ही हादसा हुआ। जबकि जीएल पब्लिक स्कूल कनीना के प्रबंधन से जुड़े लोगों को पता था कि चालक शराब पीने का लती है। इसके बाद भी बस की चाबी सौंप दी। यदि प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी समझता तो हादसे में आठ बच्चों की जान नहीं जाती और 37 बच्चे घायल नहीं होते। इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन से लेकर आरटीए भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। वह भी आंख बंद किए बैठे रहे और नियमों को ताक पर रख मौत की बस सड़क पर दौड़ती रही। घटना के बाद स्कूल संचालक ने अपने मोबाइल का स्विच बंद कर लिया है। अधिकारी भी जांच की बात कह कुछ कहने से बच रहे हैं। हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ। धनौदा और झाड़ली गांव में बच्चों के लेने से पहले चालक गांव खेड़ी पहुंचा था। ग्रामीण अशोक तथा सुनील ने बताया कि वह चालक ठीक से बात भी नहीं कर पा रहा था। कुछ युवकों ने उससे चाबी भी छीन ली थी। धर्मेंद्र ने नौकरी जाने की बात कह माफी मांगी तो उसे चाबी दे दी गई थी। वहां से वह बस लेकर चला तो गति अधिक होने तथा दिमाग सही नहीं होने पर उसने कनीना के महिला महाविद्यालय के पास मोड़ होने पर उसने बस से नियंत्रण खो दिया और पेड़ से टकरा बस पलट गई।



**स्कूल बस का दुर्घटनाग्रस्त होना बेहद दुःखद-अमित शाह**

देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा-हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस का दुर्घटनाग्रस्त होना बेहद दुःखद है। मेरी संवेदनाएँ मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। स्थानीय प्रशासन के द्वारा घायल बच्चों को सहायता पहुँचाई जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

बस में शीशों के पास सेफ्टी राड नहीं होने के चलते जब बस पलटी तो शीशे टूटने से आठ से दस बच्चे बस से आकर गिर गए और बस के नीचे दबने से आठ की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस से कूद कर भाग गया।

यह बस 10 अप्रैल 2015 को आरटीए महेंद्रगढ़ कार्यालय से पंजीकृत हुई थी। इसकी फिटनेस अवधि 23 अगस्त 2018 तक वैध थी। इसके बाद फिटनेस नहीं कराई गई। आरटीए की ओर से भी कोई कदम नहीं आए गए। बस का इंश्योरेंस 30 अगस्त 2017 को खत्म हो चुका है, जिसे आज तक रिन्यू नहीं कराया गया है। टैक्स भी 2017 तक ही भरा हुआ है। इसके अलावा बस का प्रदूषण सर्टिफिकेट भी 18 मार्च 2024 में समाप्त हो चुका है।

स्कूल बस में छोटे बच्चे सवार होते हैं। ऐसे में बस में शीशों के साथ सेफ्टी राड लगानी अनिवार्य होती है। इस बस में राड नहीं लगी होने से शीशे टूटने के बाद बच्चे बाहर गिरे और मौत का शिकार हो गए। बस में प्राथमिक चिकित्सा बाक्स भी नहीं था। चालक के अलावा सुरक्षा गार्ड या सहायक भी नहीं था। जबकि यह अनिवार्य होता हैं।

## बीएसएफ ने भारत बांग्लादेश सीमा से 82.5 लाख का सोना किया जब्त

- जब्त सोने के बिस्कुटों को आगे की कानूनी कार्रवाही के लिए कस्टम्स कार्यालय बानपुर को सौंप दिया गया है।

एजेंसी | नई दिल्ली



दक्षिण बंगाल सीमान्त के अंतर्गत सीमा चौकी कादीपुर, 32वीं वाहिनी के सजग जवानों ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिला की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर, बीएसएफ के इंटेलीजेंस विभाग की सुचना पर कार्रवाही करते हुए कुल 10 सोने के बिस्कुट जब्त किये। जब तस्कर इन सोन के बिस्कुटों को बॉर्डर तारबंदी के ऊपर से फेंककर बांग्लादेश से भारत में तस्करी का प्रयास कर रहे थे। जब्त सोने का कुल वजन 1.166 किलो है और अनुमानित कीमत 82,45,952 रुपए है। जानकारी के अनुसार सीमाचौकी कादीपुर के जवानों को बॉर्डर तारबंदी के ऊपर से सोना फेंकने की सटीक जानकारी मिली। जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात सभी जवानों सतर्क कर दिया गया और तथा तारबंदी के आगे और पीछे के पूरे संदिग्ध क्षेत्र में अम्बुश लगा दिया गया। देखा गया कि एक व्यक्ति जो सोने की खेप लेने के लिये आया हुआ था, एक संदिग्ध सामने झाड़ियों में छिपा हुआ है और दो व्यक्ति गुप्त रूप से घनी वनस्पति की आड़ लेकर बांग्लादेश की ओर से तारबंदी की ओर आ रहे थे। लेकिन बदमाश और उसका साथी जंगल का फायदा उठाकर बांग्लादेश की ओर भागने में सफल रहे। तलाशी के दौरान प्लास्टिक पैकेट मिला जिसको दो नागरिक गवाहों, ग्राम पंचायत सदस्य हुडा दिगंबरपुर और एक अन्य गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति में पैकेट खोला गया जिसमे से दस सोने के बिस्कुट बरामद हुए। जवानो ने सोने के बिस्कुटों को आगे की कार्रवाई के लिए जब्त कर लिया। जब्त सोने के बिस्कुटों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम्स कार्यालय बानपुर को सौंप दिया गया है।

## पूर्णिया से निर्दलीय कैंडिडेट पप्पू यादव के ऑफिस में पुलिस की रेड



निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस की कार्रवाई पर पप्पू यादव की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि कितना नीचे गिरेगी सरकार, पूर्णिया के बेटे को और कितना परेशान करेगी? जनता जवाब देगी। अपने पोस्ट में पप्पू यादव ने आगे लिखा है कि बीजेपी-जदयू की सरकार का हार का डर अच्छा लगा! मुझे वाई श्रेणी की सुरक्षा देने के लिए इनके पास पुलिस बल नहीं है। छापा मारने सैकड़ों पुलिस भेज दिया। जानकारी के अनुसार पप्पू यादव के कार्यालय अर्जुन भवन पर सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद प्रचार वाहनों के कागजातों की जांच की। एक प्रचार वाहन में कट-आउट समेत डीजे लगे रहने पर एसडीपीओ ने उनकी कागजात की मांग की गयी। इसके अलावा प्रचार के लिए तैयार कई अन्य वाहनों का अनुमति पत्र दिखाने को कहा गया। कार्यालय कर्मियों ने उन्हें अनुमति के लिए आवेदन काउंटर पर रिसिप्ट रहने की जानकारी दी।

## नक्सली दंपती समेत भाकपा माओवादी के 15 सदस्यों का चाईबासा में सरेंडर



निज संवाददाता | चाईबासा(झारखंड)

झारखंड में दशकों तक आतंक मचाने वाले नक्सलियों की कमर धीरे-धीरे टूटती जा रही है। कोल्हान और सारंडा के बीहड़ों में आतंक मचाने वाले भाकपा माओवादी के 15 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में गुरुवार (11 अप्रैल) को सभी ने सीआरपीएफ एवं झारखंड पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

सुरक्षा बलों के सामने हथियार डालने वाले 15 नक्सलियों में 7 की उम्र 30 साल से कम है। एक नाबालिग है और 3 की उम्र महज 19 साल है। एक नक्सली की उम्र 50 साल है। पुलिस एवं सुरक्षा बलों का कहना है कि भाकपा माओवादी संगठन के आंतरिक शोषण, भयादोहन एवं पुलिस की लगातार बढ़ती दबिश की वजह से कई नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। नक्सलियों ने झारखंड पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समक्ष सामूहिक रूप से सरेंडर किया। ये सभी नक्सली कोल्हान और सारंडा के बीहड़ों में सक्रिय थे।

## गांधी मैदान में 30 हजार लोगों ने अदा की नमाज, मुख्यमंत्री भी हुए शामिल



निज संवाददात | पटना

बिहार समेत देशभर में 11 अप्रैल को ईद मनाई जा रही है। पटना के गांधी मैदान में भी ईद की रौनक रही। हर साल की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में अकीदतमंद ईद की नमाज पढ़ने पहुंचे। लगभग 30 हजार से अधिक लोगों ने गांधी मैदान में ईद की नमाज अदा की। इसमें सीएम नीतीश कुमार भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री करीब 15 मिनट बाद गांधी मैदान से अपने आवास के लिए निकल गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। इधर पूर्णिया में मेडिकल कॉलेज स्थित ईदगाह में पप्पू यादव पहुंचे। अकीदतमंदों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगों में पप्पू यादव के साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ सी लगी रही। ईद की नमाज को लेकर पटना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि पटना सिटी अनुमंडल में कुल 402 स्थान पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्त की गई है। इनके साथ सशस्त्र और लाठी बल को भी तैनात किया गया है।

## मतदान के बाद भी अर्द्धसैनिक बल पूरी तरह नहीं हटेंगे



निज संवाददाता | पटना

बिहार में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के बाद उस क्षेत्र से अर्द्धसैनिक बल पूरी तरह नहीं हटेंगे। एहतियातन, हरेक चरण के मतदान संपन्न होने वाले संबंधित संसदीय क्षेत्रों के जिलों में अर्द्धसैनिक बलों की 2 कंपनियों की तैनाती जारी रहेगी। इनकी तैनाती तबतक रहेगी जबतक सभी चरणों का चुनाव कार्यक्रम संपन्न नहीं हो जाता।

जानकारी के अनुसार अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस बलों की तैनाती के लिए राज्य स्तर पर बनी समन्वय समिति में सुरक्षा बलों की तैनाती की रणनीति तैयार की गयी है। इस रणनीति के तहत ही मतदान के बाद भी एहतियातन सुरक्षा बलों की मौजूदगी बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं, एक चरण का चुनाव खत्म होने पर अर्द्धसैनिक बलों को दूसरे चरण वाले नजदीकी चुनाव क्षेत्र में भेजा जाएगा।

## बिहार के 70 हजार स्कूलों के नाम बदलेंगे, महापुरुषों के नाम पर रखने की तैयारी

निज संवाददाता | भागलपुर

**पूर्वी बिहार, कोसी-सीमांचल के 2641 स्कूलों का बदल जाएगा नाम**

भागलपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा के अनुसार जिले के 430 नवसृजित और 116 उत्क्रमित विद्यालयों के नाम बदले जाएंगे, जबकि बांका जिले में 75 नवसृजित विद्यालयों के नाम बदले जाएंगे। लखीसराय में 308 नवसृजित प्राथमिक और 194 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सुपौल में 542 नवसृजित विद्यालय और 407 उत्क्रमित विद्यालय, मुंगेर में 21 नवसृजित विद्यालय तथा 69 उत्क्रमित विद्यालय, अररिया में 160 नवसृजित विद्यालय और 100 उत्क्रमित विद्यालय, जबकि मधेपुरा जिले के 219 विद्यालयों के नाम बदले जाएंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन विद्यालयों के नाम बदलने के पीछे की बड़ी वजह यह भी है कि ई-शिक्षा कोष और यू-डायस कोड पोर्टल में एंट्री करने के समय बड़े-बड़े नाम होने से परेशानी होना भी है।

बिहार के करीब 70 हजार सरकारी स्कूलों के नाम बदले जाएंगे। इनमें नवसृजित प्राथमिक विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय शामिल हैं। इन स्कूलों का नाम नवसृजित और उत्क्रमित के बदले राजकीय या देश एवं राज्य के देशभक्त महापुरुषों के नाम पर रखे जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। सबकुछ ठीक रहा तो जुलाई के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद स्कूलों के नाम की ई-शिक्षा कोष और यू-डायस पोर्टल पर एंट्री कर दी जाएगी। स्कूल उसी नए नाम के साथ जाना जाने लगेगा। शिक्षा विभाग भागलपुर समेत प्रदेश के सभी 38 जिलों से नवसृजित तथा उत्क्रमित विद्यालयों की जानकारी लेने में जुट गया है। शिक्षा को बढ़ावा देने और आम लोगों तक शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीण इलाकों में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खोले गए थे। इसके तहत बीते दो दशक में प्रदेश में बड़े पैमाने पर नवसृजित विद्यालयों खोले गए। हालांकि, जमीन और भवन के अभाव में इनमें से अधिकतर स्कूल नजदीकी विद्यालय में टैग कर दिए गए, जबकि हजारों विद्यालय कहीं पेड़ की छांव में तो कहीं किसी के घर या उनके दरवाजे पर संचालित किये जा रहे थे। इसके अलावा पिछले पांच से सात के दौरान जिलों में खोले गए ऐसे नवसृजित तथा उत्क्रमित विद्यालयों का अब नाम बदला जाना है जिन्हें जमीन और भवन दोनों उपलब्ध हो चुके हैं। विद्यालयों के नाम बदले जाने का यह काम राज्य स्तर पर किया जाएगा।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल, एक रेफर



**रजौली**। थाना क्षेत्र के एनएच 20 एवं नीचे बाजार स्थित शिवालय के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गयें।घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे राघवेन्द्र भारती ने कहा कि सिमरकोल के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर द्वारा लूना बाइक की टक्कर में घायल युवक की पहचान मलिक टोला निवासी स्व सुनील ठठेरा के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।अस्पताल में मौजूद परिजनों ने कहा कि युवक अपने घर से मुरहेना बाजार स्थित अपने दुकान पर जा रहा था।इसी क्रम में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से लूना सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।वहीं नीचे बाजार में राज शिवालय मंदिर के समीप डीह रजौली निवासी प्यारे यादव के पुत्र प्रह्लाद यादव मोटरसाइकिल से रजौली बाजार आ रहा था।इसी क्रम में मोटरसाइकिल के अनियंत्रित हो जाने से युवक सड़क पर गिर पड़ा।चिकित्सक ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार युवक को हल्की चोटें आई है।जिसका इलाज कर जरूरी दवाइयां आदि देकर वापस घर भेज दिया गया है।वहीं सड़क दुर्घटना को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार से पूछे जाने पर कहा कि उन्हें दुर्घटना सम्बंधित कोई जानकारी नहीं है।पीड़ित परिजनों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एटीएम फ्रॉड गैंग का पर्दाफाश , तीन शातिर चोरों को पुलिस ने दबोचा

**नवादा**। पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जिला पुलिस ने एटीएम कार्ड से जालसाजी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही पुलिस ने रंगेहाथ तीन जालसाजों को धर-दबोचा है। आरोपियों के पास से दो चाकू, फेवीक्विक, एक इंजेक्शन, एक पिलास, आईफोन समेत तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। नगर थाना की पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। पकड़े गए आरोपी बहुत ही शातिराना अंदाज में लोगों को निशाना बनाते थे। शातिर एटीएम स्लॉट में फेवीक्विक लगाकर कस्टमर का एटीएम फंसा दिया करते थे और उपभोक्ताओं के एटीएम से रुपये की अवैध निकासी करते थे। नगर थाना पुलिस ने शहर के व्यवहार न्यायालय के नजदीक लगे एसबीआई एटीएम के पास से तीनों शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र के देवसपुरा गांव के मोहन कुमार का पुत्र विक्की कुमार, जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के कुमार सिकंदरा गांव के अलखदेव प्रसाद का बेटा विशाल कुमार और रामरतन सिंह का पुत्र अमृत कुमार शामिल है।

**ऐसे चिपक जाता है एटीएम कार्डः**– नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया की शातिर युवकों द्वारा एटीएम मशीन में सिरिंज के जरिए एटीएम कार्ड लगाने वाले सॉकेट में फेवीक्विक इंजेक्ट कर दिया जाता था। जैसे ही कोई व्यक्ति रुपये निकालने एटीएम में दाखिल होता तो ये लोग अलर्ट हो जाते थे। इसके बाद पैसा निकालने वाला व्यक्ति अपना एटीएम कार्ड जैसे ही डालते थे, वैसे ही थोड़ी देर बाद उसका कार्ड उसमें चिपकने की वजह से नहीं निकल पाता था। इसी दौरान फ्रॉड करने वाला युवक अंदर दाखिल होकर परेशानी पूछता था। पीड़ित जब बताता कि उसका कार्ड नहीं निकल रहा है तो ये उसकी मदद में लग जाते थे। ये तीनों शातिर चोर एटीएम फ्रॉड की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस सभी चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### हर्सोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

**नरहट**। प्रखण्ड क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय का त्योहार ईद उल फितर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर के मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की। नमाजियों ने देश में अमन-चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे का गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जिला प्रशासन की ओर से ईद को लेकर तमाम ईदगाहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। शेखपुरा जामा मस्जिद के पास थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह, एसआई मिथलेश कुमार सिंह दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे।

### शांति पूर्वक संपन्न हुआ माहे -रमजान का महापर्व ईद

**गढपुरा बेगूसराय**। मुसलमान भाइयों के द्वारा एक माह तक चलने वाला माहे रमजान का महापर्व ईद प्रखंड क्षेत्र मे ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक ढंग से ईद की नवाज़ अदा कर एक दुसरे से गले मिल मुबारक बाद देते हुए संपन्न हुआ.इस अवसर पर गुरुवार कि सुबह निर्धारित समय पर सभी मस्जिदों में मुसलमान भाइयों ने ईद के अवसर पर नमाज अता कर एक दूसरे से गले मिल बधाई दी.बताते चलें कि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है. इसे मीठी ईद भी कहा जाता है. ईद का त्योहार भाईचारे और शांति का संदेश देता है. इस मौके पर घरों में खास तरह की सेवईयां बनाई जाती है और एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है. बुधवार की शाम ईद-उल-फितर का चांद नजर आया. चांद नजर आते ही लोगों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया और एक-दूसरे को ईद की बधाई दी.गुरुवार सुबह से ही ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में अदा की गई.ईद पर्व के मद्देनजर नजर प्रखंड क्षेत्र में सभी मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसको ले थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिमोहन कुमार पुलिस बलों के साथ विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से बातचीत कर शांति पूर्वक ईद पर्व मनाने का अपील करते हुए नजर आए। ईद पर्व को ले प्रखंड क्षेत्र के मालीपुर ,कोरैय, सुजानपुर ,राहुल नगर, धर्मपुर ,गढपुरा ,कुंम्हारसों, रजौड़, सोनमां प्राणपुर आदि गांव के मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जहां लोगों ने आपसी सौहार्द वातावरण के बीच ईद का पर्व संपन्न हुआ.

### इनामी सूटर मो0 नियाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चेरियाबरियारपुर (बेगूसराय)**। चेरियाबरियारपुर पुलिस ने बुधवार की रात्रि थाना क्षेत्र के कुख्यात इनामी अपराधी नागमणि महतो उर्फ नागो गैंग के शुटर पचास हजार रूपये के इनामी खोदाबंदपुर निवासी सक्रिय अपराधी मो नईम के पुत्र मोहम्मद नियाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बाबत पुलिस कप्तान के निर्देश पर मंझौल एसडीपीओ नवीन कुमार ने चेरियाबरियारपुर थाना पर प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दिया। उन्होंने बताया थाना पुलिस, एस टी एफ, एस ओ जी-03 जिला आसूचना इकाई की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर थाना क्षेत्र के कुंभी दुर्गा स्थान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि इस कुख्यात अपराधी के ऊपर खोदाबंदपुर एवं चेरियाबरियारपुर थाना में कुल 08 मामले अंकित हैं । जिसमें चेरियाबरियारपुर थाना में 02 मामले एवं खोदावंदपुर थाना में 06 मामले हैं। इसके ऊपर हत्या, रंगदारी, चोरी, लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामलों का आरोपी नियाज फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि इस गैंग के खात्मे से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा। बताते चले कि चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में शिवा चिमनी के मालिक जयजयराम महतो और नाज चिमनी के मालिक से नागमणि महतो एवं उसके गुर्गे 10-10 लाख रुपये रंगदारी देने की मांग किया था। इसको लेकर चिमनी पर जाकर दहशत फैलाने के लिए कई राउंड हवाई फायरिंग भी किया था। बीते दिन नागमणि महतो सहित इसके गैंग के कई लोगों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही खाजहांपुर गांव में एक घर से इस टीम के हथियार का जखीरा भी हाल में ही पुलिस ने छापामारी कर बरामद किया था।

## 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदाता बूथ पर पहुंच करें वोट,डीएम

# ईवीएम कमीशनिंग को लेकर डिस्पैच सेंटर पहुंचे डीएम व एडीएम,दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। **रजौली**



मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय में बने रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के डिस्पैच सेंटर में ईवीएम कमीशनिंग के शुरू होने पर गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवादा सह निर्वाची पदाधिकारी प्रशांत कुमार एवं एडीएम चन्द्रशेखर आजाद ने निरीक्षण किया।इस दौरान एसडीओ रजौली आदित्य कुमार पीयूष,बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार के अलावे अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।लोकतंत्र के महापर्व कहे जाने वाले लोकसभा के चुनाव के पहले चरण में नवादा संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर इंटर विद्यालय रजौली में रजौली एवं हिसुआ विधानसभा का डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।मगध रेंज के आयुक्त से लेकर जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,डीडीसी,एडीएम,एसडीओ एवं एसडीपीओ समेत दर्जनों अधिकारियों ने इस डिस्पैच सेंटर का दर्जनों बार से भी अधिक निरीक्षण कर व्याप्त कमियों को दूर किया जा रहा है।प्रशासनिक निरीक्षण के बाद डिस्पैच सेंटर पूर्णतः तैयार है।दोनों विधानसभाओं में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं अन्य जरूरी सामान भी डिस्पैच सेंटर पहुंच गया है।इंटर विद्यालय के मैदान में हिसुआ विधानसभा के वाहन पड़ाव बनाया गया है।इसके अलावा रजौली विधानसभा के वाहनों के लिए अनुमंडल परिसर की बगल में खाली पड़ी जमीन पर वाहनों का पड़ाव स्थल चयन किया गया है।डिस्पैच केंद्र के समीप एचडी के द्वारा पेयजल, वेंडर को टेंट का निर्माण एवं नगर पंचायत को साफ सफाई तथा बिजली विभाग को बिजली कनेक्शन निर्बाध रूप से देने एवं बिजली सुचारू रखने के अलावे निर्देशित किया गया है।नवादा जिला प्रशासन द्वारा लोक सभा चुनाव को लेकर कमर कस लिया गया है।एक तरफ जहां जिला प्रशासन द्वारा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर तरह तरह के कार्यक्रम किया जा रहा है।वहीं दूसरी तरफ बूथ सेंटर को दुरुस्त करने को लेकर लगातार निरीक्षण भी इनके द्वारा किया जा रहा है।

**निर्भीक होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में बूथ पर पहुंचे मतदाता**– जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि वे अपने पदस्थापन के बाद तीसरी बार रजौली आये हैं।पहली बार वे चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर पहुंच पुलिस एवं उत्पाद बलों को जांच हेतु महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए थे।वहीं डिस्पैच सेंटर का लगातार दो बार निरीक्षण किया।साथ ही कहा कि आज से ईवीएम कमीशनिंग शुरू हुई है,जो अगले दो-तीन दिनों में पूरी कर ली जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि नवादा लोकसभा के मतदाताओं से अपील है कि वे 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में ज्यादा से ज्यादा लोग वोट करें।उन्होंने मतदताओं को यह आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में मतदान के संचालन को लेकर सभी तैयारियां की जा चुकी है।साथ ही कहा कि चुनाव हेतु पर्याप्त से भी अधिक पुलिस बल मौजूद हैं।जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।वहीं शांति में विघ्न डालने वालों के साथ प्रशासन सख्ती से निपटेगी।

# गले मिल दी ईद की मुबारकबाद,पुलिस रही चौकस



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

बुधवार की शाम में चांद देखे जाने के बाद गुरुवार को नारदीगंज प्रखंड में ईद धूमधाम से मनायी गयी।मौके पर सुरक्षा को चौक चौबंद पुख्ता रहा । बीडीओ रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद केंद्रीय पुलिस बल के साथ नारदीगंज बाजार स्थित जामा मस्जिद में सुरक्षा को लेकर तैनात रहे। उसके बाद नारदीगंज बाजार के अलावा, कहुआरा, भट्ट बिगहा, हरनारायणपुर समेत अन्य गांवों में फ्लैग मार्च निकाली। उन्होंने कहा मस्जिदों व ईदगाहों समेत चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रही।नारदीगंज प्रखंड सभी मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह क़ो ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान नारदीगंज जामा मस्जिद के अलावा बहादुरगंज,चिरैंया, पेश,ननौरा,मसौढ़ा,नारपुर पकरिया समेत अन्य मस्जिद पर ईद की नमाज अदा की गई । लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। मौके पर मुस्लिम समाज क़े लोगों ने नए - कपड़े पहने और मिठाईयां, सेवईया, लच्छा-दूध और फल बांटे। दिनभर बधाई और शुभकामनाएं का दौर जारी रहा । कहा कि हम सभी अल्लाह के बंदे हैं और हम सभी अपने -अपने मजहब क़े परवरदिगार क़ो मानते हैं। अल्लाह, गॉड ईश्वर सभी एक हैं, जो हमे अच्छे रास्ते पर ले जाते हैं, और मानव क़ो मानव से प्रेम करना सिखाता है।

# 50 हजार का ईनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार..

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

बेगूसरायपुलिस एवं S.T.F SOG-03 के संयुक्त कार्रवाई में चेरियाबरियारपुर थानाक्षेत्र के कुम्भी दुर्गा स्थान से किया गया गिरफ्तार। 01 देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतूस जप्त । घटना का विवरण :- बेगूसराय जिला के नागमणि महतो गैंग के सक्रिय सदस्य फरार कुख्यात अपराधी मो० नेयाज जो हथियार के बल पर चोरी, लूट, हत्या, रंगदारी, एवं आर्म्स एक्ट जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया था। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंझौल, श्री नवीन कुमार के नेतृत्व में चेरियाबरियारपुर थाना की पुलिस टीम, जिला आसूचना इकाई बेगूसराय एवं S.T.F SOG-03 की संयुक्त कार्रवाई में चेरियाबरियारपुर थानाक्षेत्र के कुम्भी दुर्गा स्थान से मो० नेयाज पे०-मो० नईम सा०-बरियापुर पश्चिमी, थाना-खोदावंदपुर जिला बेगूसराय को पकड़ा गया। विधिवत तलाशी में उसके पास से 01 देशी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्त करते हुए मो० नियाज को गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम द्वारा उक्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के निर्देश पर इसके छिपने के सभी संभावित जगहों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी।मो० नेयाज बेगूसराय खोदावंदपुर थानान्तर्गत बरियारपुर पश्चिमी का रहने वाला है। इसके द्वारा चोरी, लूट, हत्या, रंगदारी, एवं अवैध आर्म्स एक्ट जैसे कई गंभीर अपराधों को अंजाम दिया गया था तथा वर्तमान में रंगदारी, हत्या एवं आर्म्स एक्ट जैसे कांडो में वांछित /फरार थे।

# डाक कर्मियों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। **नवादा**

## बेहतरीन कार्य करने वाले डाककर्मी हुए सम्मानित




नवादा मंडल अंतर्गत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डाककर्मी को चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार एवं पोस्टमास्टर जनरल मनोज कुमार एवं पोस्टमास्टर जनरल परिमल सिन्हा एवं डाक निदेशक मुख्यालय पवन कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस की उपस्थिति में डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया सम्मानित यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्र में दिया गया नवादा मंडल गत वित्तीय वर्ष में ईस्ट रीजन खाता खोलने में दूसरे स्थान पर रहा. इसके लिए नवादा मंडल के डाकपाल को एवं शाखा डाकपाल को सम्मानित किया गया सत्येंद्र कुमार संजय कुमार निराला, मनोज कुमार, सिन्हा शंकर कुमार, छोटेलाल लक्ष्मीकांत एवं मार्केटिंगऔर बिजनेस हेड ऑफिस डेवलपमेंट जितेंद्र कुमार को भी किया गया सम्मानित साथ ही साथपोस्टल लाइफ इंश्योरेंस में भी कई सारे कर्मचारी को सम्मानित किया गया डाक अधीक्षक कार्यालय में भी अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारीयों को प्रणाली प्रबंधक प्रधान डाकघर के कर्मचारी पोस्टमैन डाक अधिक दर्शन एमटीएस एवं ग्रामीण डाक सेवकों को भी अर्चना कुमारी एवं बरिये पदाधिकारी के द्वारा किया गया सम्मानित सभी कर्मचारीयों ने और भी बेहतरीन प्रदर्शन करने का और नवादा मंडल को एक नंबर पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. इस मौके पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने सभी को बधाई देते हुए और अच्छा प्रदर्शन करने शुभकामना दिया एवं पोस्ट मास्टर जनरल श्री मनोज कुमार जी ने सभी को टीम में रहकर काम करने का आदेश दिया इसके बाद आदरणीय निर्देशक ने खुशी जाहिर करते हुए चीफ पोस्टमास्टर जनरल के नेतृत्व में हुए काम को खूब सराहा और आगे भी डाक कर्मियों के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि हम लोग सभी मिलकर डाक विभाग को जनहित से जुड़े सभी काम को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक शंभू कुमार डाक केशव लाल डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार एवं राहुल कुमार कार्यालय अधीक्षक अभिषेक कुमार खुशबू कुमारी स्वीटी कुमारीपूजा गुप्ता प्रतिभा नारायण अभिषेक कुमारविकास कुमार मनीष कुमार अतिश कुमार कृष्ण मुरारी अयोध्या प्रसाद कुमारी रिंकु मनीष रंजन सिन्हा अंजय कुमार पंकज कुमार, मिथिलेश कुमार, श्री कांत शर्मा, निशांत कुमार, सुमन कुमारी, श्याम किशोर, भीम सेन, अशोक कुमार पाण्डेय जय कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, आदि लोगों को किया गया.

# ईदगाहों में नमाज अदा कर रमजान की दी विदाई, एक दूसरे के गले मिल दी ईद की मुबारकबाद

निज संवाददाता। **नवादा**



बुधवार की शाम चांद देखे जाने के बाद गुरुवार को जिले के विभिन्न प्रखंडो में ईद धूमधाम से मनायी गयी। इसके साथ ही एक माह तक चलने वाले रमजान का पाक महीना और त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ सम्पन्न हुआ। मौके पर जिला प्रसाशन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था । मस्जिदों एवं ईदगाहों समेत चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा करने क़े बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। विगत एक महीने के रमजान के अवसर पर उपवास के बाद ईद उल फितर का त्यौहार जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद की नमाज अदा करने के लिए सुबह-सुबह मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों और ईदगाहों पर जुट कर ईद उल फितर की नमाज अदा की। दूसरे समुदाय के लोग भी जुटे और उनके द्वारा ईद उल फितर की बधाई दी गई। नगर के शहरी क्षेत्र के बड़ी दरगाह , अंसार नगर समेत सभी मस्जिदों में सुबह क़ो ईद की नमाज अदा की गई। वारिसलीगंज,अकबरपुर, गोविन्दपुर, रजौली, हिसुआ के बड़ी मस्जिद एवं गढ़ पर मस्जिद पर ईद की नमाज अदा की गई । लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। मौके पर मुस्लिम समाज क़े लोगों ने नए - कपड़े पहने और मिठाईयां, सेवईया, लच्छा-दूध और फल बांटे। दिनभर बधाई और शुभकामना का दौर जारी रहा । मजहब वही है, जहां इंसानियत है। मजहब से जो दूर होता है वहीं आतंकवाद और उग्रवाद का जन्म होता है। मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। सब अपने मजहब क़ो प्यार करेंगे और देश से प्यार व लगाव होगा, तो नफरत खत्म हो जाएगा और अमन-चैन और खुशियां आएगा। हम सभी अल्लाह में बंदे हैं और हम सभी अपने -अपने मजहब क़े परवरदिगार क़ो मानते हैं। अल्लाह, गॉड और ईश्वर सभी एक है, जो हमे अच्छे रास्ते पर ले जाते हैं और मानव क़ो मानव से प्रेम करना सिखाता है। ईद के मौके पर हम देश-दुनियां में अमन-चैन की दुआ करते है और भारत की अक्षुण एकता का परिचय देते हुए गले मिलकर बधाई देते हैं।

# डीएम व एडीएम ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड स्थित सभागार में गुरुवार को डीएम प्रशांत कुमार एवं एडीएम चन्द्रशेखर आजाद ने लोकसभा चुनाव में तैनात सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।इस दौरान एसडीओ रजौली आदित्य कुमार पीयूष,बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार भी मौजूद रहे।डीएम ने बैठक में उपस्थित सेक्टर पदाधिकारियों से बूथों के बारे में जानकारी ली।साथ ही कहा कि मतदान से तीन दिन पूर्व उन्हें वाहन कोषांग से वाहन उपलब्ध करवा दिया जाएगा एवं पुलिस पदाधिकारियों की टैगिंग करवा दी जाएगी।वहीं मतदान से दो दिनों पूर्व पार्टी मिलान के दौरान पीठासीन पदाधिकारी से सम्बंधित सेक्टर पदाधिकारी मोबाइल नम्बर आदि आदान-प्रदान करना है।वहीं मतदान से एक दिन पूर्व मतदान कर्मियों को बूथ पर भेजने हेतु वाहन कोषांग से सम्पर्क स्थापित करना है एवं मतदान कर्मियों के बूथ पर पहुंचने की सूचना जिला मुख्यालय को सूचित करना है।साथ ही मॉकिंग टेस्ट कर ईवीएम की जांच कर भी रिपोर्ट करने को निर्देशित किया गया है।वहीं मतदान के दिन सभी सेक्टर पदाधिकारियों को जिला मुख्यालय में मतदान प्रतिशत की सूचना देने को निर्देश दिए गए हैं।

# आपसी भाईचारे के साथ मना ईद बखरी एसडीएम



निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**

बखरी एसडीएम तथा डीएसपी समेत अन्य पदाधिकारी ईद पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्रों के मस्जिदों, मुस्लिम मोहल्ले तथा भीड़ भाड़ वाले इलाके मे शान्ति व्यवस्था बहाल के लेकर भ्रमण किए। इस दौरान एसडीएम सौरव कुमार सन्नी ने कहा कि ईद पर्व भाई चारे के साथ हो इसको लेकर प्रखंड ही नही अनुमंडल क्षेत्र के अलग अलग मस्जिदें मे लोगो को सद्भभावना ,भाई चारे के साथ ईद पर्व मनाने का संदेश दिया। इस दौरान मक्कखाचक, सलौना स्थित पठान टोली, मोहनपुर, अकहा, समेत मस्जिद तथा मुहल्ले वालों से वार्ता किया। वही बखरी डीएसपी कूंदन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी जगहों पर ईद का पर्व सद्भभावना के साथ मनाया जा रहा, अभी तक कही से कोई शिक़ायत नही है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र के हरेक मस्जिदों पर पेट्रोलिंग पार्टी तथा घुम रहे।

# धूमधाम से मनाया गया ई द-उल, फितर त्योहार

निज संवाददाता। **बरौनी बेगुसराय**



आसपास में धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर त्योहार, लोगों ने दी एक दूसरे को बधाई रमजान के महीने में रोजा रखने के बाद ईद-उल-फितर भाईचारे और अमन का पैगाम लेकर आती है। आज बड़ी संख्या में लोग बरौनी के पुरानी ईदगाह,रहमानी ईदगाह फुलवरिया गंज,जामा मस्जिद बरौनी पहुंचे और नमाज पढ़ी। ईद में बड़ी संख्या में लोग एक साथ ईदगाह और मस्जिद पर इक्कठा हुए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में हिन्दू भाईयों ने ईद-उल-फितर की लोगों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की यह शुभ अवसर देश में एकजुटता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता रहे। समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद असजद अली,मास्टर अख्तर हुसैन अख्तर,मास्टर मोबिन अख्तर, ने भी बधाई देते हुए कहा कि- 'सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों-बहनों को ईद मुबारक। रमजान के पवित्र महीने के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार समाज में भाईचारे तथा सद्भावना को मजबूत करने का पावन अवसर है। आइए, इस पवित्र अवसर पर हम सब को मानवता की सेवा तथा जरूरतमंदों के जीवन को संवारने का संकल्प लें।'

बताते चलें कि बरौनी तथा उसके आसपास के इलाकों में मुस्लिम भाइयों का पवित्र त्यौहार ईद आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया, सुबह से ही बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग नए नए परिधानों में फुलवरिया दरगाह रोड स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिंदू समुदाय के लोगों से भी गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए मिलन की प्रतीक सेवइयां भी परोसी गई।मालूम हो कि बुधवार को द्वितीय का चांद दिखने की खबर फैलते ही मुस्लिमों में खुशी की लहर दौड़ गई उसी समय से सभी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने लगे। ईद उल फितर की नमाज अदा करने से पहले अकीदतमंदो ने रमजान उल मुबारक की आखिरी अशरे से लेकर ईद के दिन सुबह तक यतीम, मिस्कीन, वेवा(विधवा) और बेसहारा लोगों में सदका फित्र निकालकर तक्सीम किया।गया ताकि ऐसे गरीब गुरबा लोग ईद की खुशियों से महरूम ना रह जाए।

खेत से घर जाने के दौरान हुआ हादसा

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वृद्ध महिला को मारी टक्कर, मौत



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के अकोढी मेला गांव के पास सड़क हादसा हो गया। खेत से घर जाने के दौरान एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस वजह से महिला सड़क पर गिर गई। इसके बाद गांव के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। घटना की जानकारी महिला के परिजनों को दी गई। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए निजी वाहन से अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। जहां चिकित्सकीय इलाज के दौरान महिला की अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में ही मौत हो गई। मृत महिला मोहनिया थाना क्षेत्र के अकोढी मेला गांव के शिव बिंद की पत्नी पूर्णमासी देवी बताई जा रही है। मृतक के बेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी मां खेत में बाल चुनने के लिए गई हुई थी। फिर उधर से वापस घर लौटने के दौरान किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे वह गिर गई। काफी देर बाद लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तो हमलोग को जानकारी हुई। फिर उनको इलाज को लेकर अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में आए हैं, जहां उनकी मौत हो गई है। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के चिकित्सक डॉक्टर रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि एक वृद्ध महिला अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में इलाज के लिए लाई गई थी। परिजनों द्वारा बताया गया था कि एक्सीडेंट हुआ था। लेकिन काफी देर के बाद उनको अस्पताल लाया गया जिससे उनकी हालत काफी खराब थी। हम लोगों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। लेकिन हार्ट बीट और पल्स लगातार गिर रहा था और अंत में उनकी मौत हो गई।

## विवाद को लेकर गोलीबारी एक को लगी गोली गंभीर

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में आपसी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना घोसी थाना क्षेत्र के चुनकपुर गांव की है। जहां हरेश यादव(50) नामक पशु व्यापारी को गुरुवार को झुनकी पशु मेला से लौटने के दौरान गांव के पास गोली मार दिया गया। परिजनों ने बताया कि पशु व्यवसायी जैसे ही अपने घर पर पहुंचा कि गांव के ही सत्येंद्र यादव ने अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दिया। इसके कारण उसके पेट में एक गोली लग गई। इसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर अवस्था में PMCH रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि इस व्यक्ति के पेट में गोली लगी है। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। बता दें कि कई सालों से हरेश यादव और सत्येंद्र यादव में विवाद चल रहा था। इसी को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। SDPO-2 संजीव कुमार ने बताया कि घोसी थाना क्षेत्र के चुनाव से पहले गांव में आपसी विवाद में गोलीबारी की घटना हुई है। इसमें एक व्यक्ति को गोली लगी है। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। घटना को अंजाम देने वाला सत्येंद्र यादव अपने घर से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना का कारण क्या है इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

## जुलूस नहीं तो वोट नहीं चुनाव बहिष्कार पोस्टर पर बवाल, एसपी बोले : होगी सख्त कार्रवाई

**डीएम ने बैनर लगाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का दिये निर्देश**

- रामनवमी जुलूस निकालने पर किसी भी प्रकार का रोक नहीं
- डीजे को किया गया प्रतिबंधित



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ में अहले सुबह राजेंद्र सरोवर पर एक बैनर टंगा मिला जिस पर लिखा था जुलूस नहीं तो वोट नहीं चुनाव बहिष्कार। जिला प्रशासन के पास मामला संज्ञान में जाते ही डीएम सावन कुमार ने बैनर लगाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और बैनर छापने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई करने का निर्देश भभुआ थानाध्यक्ष को दिया। कैमूर डीएम और एसपी ललित मोहन शर्मा ने संयुक्त रूप से वीडियो जारी कर लोगों से आह्वान किया है कि रामनवमी जुलूस निकालने पर किसी भी प्रकार का रोक नहीं लगाया गया है। जबकि डीजे को प्रतिबंधित किया गया है। अगर कोई इस तरह बहक रहा है तो गलत है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि आज सुबह 9 बजे के लगभग अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भभुआ ने बताया कि पोस्टर लगा है। इसका संज्ञान मिलते ही एसपी के साथ सदर थानाध्यक्ष को अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस जहां से छपी है, उसके विरुद्ध भी एफआईआर करने का निर्देश दिया है। शांति समिति की बैठक में सरकार के निर्देशानुसार डीजे नहीं बजाने का निर्देश दिया गया था।

डीजे को डाइवर्ट करके जुलूस नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगा दिया है जबकि जुलूस की परमिशन जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही है। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आप जुलूस निकाल सकते हैं कोई दिक्कत नहीं है। लोगों को बहकाने का यह प्रयास किया गया है। सीसीटीवी फुटेज से बैनर लगाने वाले को चिह्नित किया जाएगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने कहा कुछ लोग वोट बहिष्कार करने के लिए लोगों को उकसा रहे हैं जो गैरकानूनी है। धारा 117 के तहत अपराध बनता है। जो भी यह कर रहा है वह छिपा नहीं रहेगा। जांच कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वाहन मालिक से प्राप्त की उनकी समस्या की जानकारी

## डीएम ने निर्वाचन कार्य में वाहनों की आपूर्ति हेतु दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** लोकसभा चुनाव में वाहनों की सुलभ उपलब्धता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले वाहन मालिकों, वाहन एसोसिएशन के अध्यक्ष, ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंधक के साथ निर्वाचन कार्य में वाहनों की आपूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिया। डीएम ने वाहन संचालकों को वाहनों की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जरूरी हिदायतें भी दी। उन्होने चुनाव कार्य में वाहनों की आपूर्ति हेतु जिला प्रशासन को सहायता करने के लिए सहयोग मांगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले को वाहनों की आपूर्ति हेतु गया जिले से टैग किया गया है। चूकी गया जिला में निर्वाचन प्रथम चरण में है तथा जहानाबाद जिला में सातवां चरण में निर्वाचन है, इसलिए गया जिला में वाहन की समस्या होती है तो उस समय जहानाबाद जिला प्रशासन को मांग पत्र उपलब्ध होने पर निर्वाचन कार्य हेतु वाहन उपलब्ध कराना होगा, ताकि निर्वाचन आसानी से निकल सकें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वाहन मालिक से उनकी समस्या की जानकारी प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि अधिग्रहित वाहन की किराया राशि ससमय भुगतान कर दिया जाए। साथ ही पेट्रोल पंप के मालिकों द्वारा भी वाहन के ईंधन की राशि ससमय भुगतान कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही सभी वाहन मालिक एवं एसोसिएशन द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम सभी निर्वाचन कार्य में बढ़ चढ़ कर सहायता करेंगे ताकि चुनाव बेहतर तरीके में सम्पन्न कराने में सहुलियत हो सके।

### चेतना सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं को सिखाया जा रहा योग

**कलेर (अरवल) (नि.सं.)।** दीक्षांत समारोह एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव समारोह के उपरांत सरकारी स्कूल का क्रेज बढ़ता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि लगभग सभी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पहले की अपेक्षा ज्यादा देखी गई। जिसका मुख्य कारण है दीक्षांत समारोह में विद्यालय प्रबंधन एवं अधिकारियों के द्वारा परिजनों के समक्ष छात्रों को पुरस्कृत करना। विद्यालय में चलाए गए इस कार्यक्रम से समाज में गहरा प्रभाव पड़ा है। परिणाम स्वरूप क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालय में छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। इस मौके पर चेतना सत्र के दौरान बच्चों को योग विद्या एवं ड्रिल के माध्यम से उन्हे शिक्षकों द्वारा आकर्षित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय बोधबिगहा में कार्यरत खेल प्रशिक्षक बृज किशोर कुणाल ने बताया कि किसी भी कार्य करने से पहले ईश्वर की वंदना किया जाता है। उसी तरह बच्चों में शिक्षा के प्रति ललक बढ़ाने के लिए योग विद्या एवं ड्रिल का सहारा लेकर उन्हें उत्प्रेरित किया गया है। ताकि खेल-खेल में उन्हें शिक्षा दिया जा सके वहीं शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत किया जा सके।

## हर तबके के लोग चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनें : उपेंद्र कुशवाहा

निज संवाददाता



**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** भोजपुरी गायक पवन सिंह के काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा पर एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने रिएक्शन दिया है। रालोजपा नेता कुशवाहा बोले कि जीत तो पहले से सुनिश्चित है, लेकिन पहले से मार्जिन और बढ़ जा रहा है। उन्होंने डेहरी में कहा कि सब कुछ बहुत अच्छा चल रहा है। समाज के सभी वर्गों का समर्थन है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि आज हर तबके के लोग चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनें। बता दें कि लोकसभा क्षेत्र से पवन सिंह की उम्मीदवारी की बात सामने आने पर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। उपेंद्र कुशवाहा ने कुछ भी सीधे कहने के बजाए अपने अंदाज में बात को नजरअंदाज करने की कोशिश की है। लेकिन उनकी चिंता नजर आ रही है। कुशवाहा ने आगे कहा कि हम साइंस के विद्यार्थी हैं, कॉमर्स के सवाल का जवाब कहां से दे पाएंगे। बता दें कि पवन सिंह हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे, उनको उम्मीद थी कि भाजपा उनको कहीं से टिकट देगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बुधवार को अचानक ही उन्होंने चुनाव लड़ने की बात कही है। 2014 और 2019 के चुनाव में काराकाट संसदीय क्षेत्र में सीधा मुकाबला रहा है। इस बार भी माना जा रहा था कि एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा और इंडिया गठबंधन के राजाराम में ही सीधा मुकाबला होगा, लेकिन अब पवन की उम्मीदवारी से तय है कि अब मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा, परिणाम चाहे जो हो लेकिन अब काराकाट भी हॉट सीट बन गई है।

## उत्पाद विभाग की पुलिस ने छापेमारी कर देसी शराब के साथ 19 पियक्कड़ों एवं कारोबारियों को दबोचा

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** शराब का स्टॉक किए हुए कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए जिले की उत्पाद विभाग की पुलिस ने स्नैफर डॉग और ड्रोन का सहारा लिया है। शराब छिपाने के ठिकानों का पता लगाने के लिए नगर थाना क्षेत्र, घोसी, मखदुमपुर सहित 23 स्थानों पर स्नैफर डॉग की मदद से जबर्दश्त सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच शराब कारोबारियों और 14 पियक्कड़ों सहित 19 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में 180 लीटर देशी शराब के साथ ही 0.750 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्पाद अधीक्षक नित्यानन्द प्रसाद ने बताया कि दरधा नदी के झलास और इरकी गांव में स्नैफर डॉग के सहयोग से सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों में संचालित आधा दर्जन से अधिक भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया।

जमीन के अंदर ड्रम में सड़ाए जा रहे जावा महुआ को विनिष्ट किया गया। लगभग तीन घंटे तक चले अभियान के दौरान झलास हटा-हटाकर भट्ठी की तलाश की गई। उन्होंने बताया कि नदी में उगी बड़ी-बड़ी झलास का फायदा उठा कारोबारी शराब का निर्माण करते हैं। बालू खोदकर बड़े-बड़े ड्रम में जावा महुआ सड़ाया जा रहा था। उसमें सड़ाए जा रहे जावा महुआ को नदी में बहा दिया गया। एफआईआर दर्ज की जाएगी। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि छापेमारी अभियान बीबीपुर, पाली, महमदपुर, झुनाथी, परसबीघा, काको, बलजोरी बिगहाभेळावार, सरेंन, टेहटा, इमलिया, हाजिसराय, कुर्था, गोलकपुर, हजिसराय, अहियासा, हाजीपुर, आजाद बिगहा, पलिया,चंदहरिया, घोसी, बर्बट्टा गांव सहित 23 स्थानों पर चलाया गया।

## मतदाता जागरूकता, मोटर साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

निज संवाददाता



**अरवल।** इनडोर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम के तहत अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इनडोर स्टेडियम के मुख्य द्वार से मतदाता जागरूकता, मोटर साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आप लोग चुनाव में पूर्ण भागीदारी निभाकर जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ा सकते है। सभी लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान अवश्य करने जाए। जिससे कि लोकतंत्र में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अगर कोई प्रतिनिधि प्रथम दृष्ट्या पसंद नहीं आता है तो नोटा बटन दबाएँ, लेकिन मतदान जरूर करें। उन्होंने बताया कि मतदान करना न सिर्फ एक नैतिक जिम्मेवारी है बल्कि यह जागरूक नागरिक होने की पहचान को भी दर्शाता है। साथ ही मतदान आपको गर्व व स्वाभिमान की अनुभूति भी कराता है। वही मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े जिले के सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को अपना शतप्रतिशत प्रयास देने का आह्वान किया गया।

वहीं जिले में उन सभी मतदाताओं से जानकारी प्राप्त करने को कहा गया जो पिछली बार चुनाव में मतदान नहीं किया था। इस बार के चुनाव में उनके मतदान की भागीदारी को सुनिश्चित करवायें। इस मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव खोलो कर निर्धारित एक जून को मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि नजदीकी मतदान केन्द्र पर मतदान करने जाएं। महिलाएँ जागरूक है और वे मतदान का अपना दायित्व जरूर पुरा करेंगी। उनके द्वारा जिले के पुरूष मतदाताओं से अपील की गई कि चुनाव एक महापर्व है जो प्रत्येक पाँच वर्ष में आता है। इसे हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाय एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### घर में लगी आग, सीओ ने पीड़ित को दी खाने- पीने की सामग्री

**अरवल (नि.सं.)।** सदर थाना क्षेत्र के मुरादपुर हुजरा गांव में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण एक घर जलकर खाक हो गया। इस आग लगी की घटना में लाखों रुपए की सामान जलकर खाक हो गई मिली जानकारी के अनुसार मुरादपुर हुजरा गांव निवासी राजेश पासवान के घर बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक से आग लग गई देखते ही देखते ही लपटे इतनी तेज हो गई कि घर में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। इस आग लगी की घटना में गाय और बकरियां भी जल गई जिससे उसकी मौत हो गई।राजेश पासवान ने बताया कि हम लोग अपने पूरे परिवार के साथ एक बगल के कमरा में सो रहे थे तभी गाय और बकरी का चिल्लाने की आवाज सुनाई दिया तभी नींद खुला तो देख की घर में आग लगी हुई है। चिखने चिल्लाने के बाद ग्रामीण इकट्ठा होकर आग बुझने लगे। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## दानापुर से पुणे के लिए 02 जोड़ी तथा दानापुर एवं समस्तीपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलायी जाएगी 01-01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दानापुर एवं समस्तीपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 01-01 जोड़ी तथा दानापुर से पुणे के लिए 02 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 01409/01410 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। यह स्पेशल दानापुर और लोकमान्य तिलक के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी।

यह स्पेशल समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 3. गाड़ी सं. 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन पुणे से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को 19.55 बजे खुलकर बुधवार को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन दानापुर से 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को 06.30 बजे खुलकर गुरूवार को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी। यह स्पेशल दानापुर और पुणे के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर एवं दौण्ड स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 16 तथा साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 4. गाड़ी सं. 01471/01472 पुणे-दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01471 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन पुणे से 11 एवं 14 अप्रैल तथा 02 एवं 05 मई, 2024 को 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01472 दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 12 एवं 15 अप्रैल तथा 03 एवं 06 मई, 2024 को 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी । यह स्पेशल दानापुर और पुणे के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर एवं दौण्ड स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 18 तथा साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे।

पुलिस द्वारा शहर में लगातार अपराधियों के खिलाफ चला रही छापेमारी अभियान

## पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 141 बोतल शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

- जांच के बाद शराब कारोबारी का गिरोह का होगा खुलासा



निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के बड़ी संगत मोहल्ले से शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बड़ी संगत मोहल्ले में एक मकान में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखा हुआ है। इसी के सूचना पर छापेमारी दल का गठन किया गया। मौके पर पुलिस पहुंचकर जितेंद्र कुमार नामक व्यक्ति के घर की तलाशी ली। उसके घर से 141 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार होना चाहा, तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली थी की एक शराब तस्कर शराब का होम डिलीवरी कर रहा है।

इसी सूचना के आधार पर जब इसके घर में छापेमारी किया गया, तो भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। मौके से इसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है कि इस गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल है और शराब कहां से लाया गया और कहां-कहां पहुंचाया जाता है। सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद शराब कारोबारी का गिरोह का खुलासा होगा। पुलिस द्वारा शहर में लगातार अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है। कल ही शहर के एक मोहल्ले से हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लोगों के बीच भ्रम फैलाने में जुटी है राजद-कांग्रेस : उपेंद्र कुशवाहा

**गया।** चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री के अबकि बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने में पूरा देश जुटा है। बिहार के लोगों को इसमें 40 का योगदान करना है। औरंगाबाद व गया के एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाएं ताकि पीएम का संकल्प पूरा हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद लोगों में चुनाव के दौरान भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। जब उनकी सत्ता थी। तब तमाम गरीब-गुरबा ने उनका साथ दिया। उस वक्त उन्हें अपने अलावा कोई नहीं दिखता था। लेकिन, आज अचानक से उनकी ओर से कोशिश है कि लोगों के बीच भ्रम फैला दें कि पिछड़ा समाज के अन्य लोगों के प्रति उनके मन में अगाध प्रेम उमड़ पड़ा है। इसलिए इधर-उधर से लेकर उम्मीदवार बनाने का काम कर रहे हैं। कुछ लोग यह समझते हो कि आपके घर के किसी व्यक्ति को राजद ने उम्मीदवार बन उसे देख यदि आपको यह लगता है कि आपके प्रति राजद के मन में प्रेम आ गया है। तो यह गलतफहमी नहीं पालिएगा। चुनाव का परिणाम क्या होना है। यह सभी लोग जानते हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि यदि आप पिछड़ों की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो लालटेन छाप वालों के साथ पहले जो किया पिछले लोकसभा चुनाव में। वही करना पड़ेगा। वरना यदि आप चाहते हैं कि कारवां भी आगे बढ़े और लालटेन भी जले। यह नहीं संभव है।


### 26 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

**गया।** एसएसपी आशीष भारती के निर्देशन में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान में 26 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार किए गए अपराधकर्मी हत्या, पॉक्सो एक्ट, हत्या के प्रयास व महिला प्रताड़ना मामले में वांछित थे। इस दौरान 219 लीटर शराब व 100 किलो महुआ बरामद किया गया। साथ ही 62 हजार 500 रुपए बतौर फाइल की वसूली की गई। दो ट्रैक्टर व दो बाइक को भी बरामद किया गया।

### टनकुप्पा में मिला लावारिस शव, सनसनी

**टनकुप्पा।** टनकुप्पा पुलिस को मगध मेडिकल कॉलेज में लावारिश हालत में एक विवाहिता का शव मिलने की सूचना मिली। बता दें कि बुधवार की सुबह मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया में एक विवाहिता को किसी ने भर्ती कराया था। रोगी का नाम सोनी देवी, घर का पता टनकुप्पा डालकर भर्ती किया। इलाज के क्रम में लगभग दो घंटे बाद महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन रोगी को छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी टनकुप्पा थाना पुलिस ने मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस शव की पहचान में जुटी हुई है।

### सिगरेट का धुआं उड़ाते हथियार लहरा रहे युवक, कमरे में युवक बारी-बारी से पिस्टल के साथ बना रहे वीडियो



**नालंदा।** नालंदा में हथियार लहराते हुए युवकों का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि 4 से 5 युवक एक कमरे में मौजूद हैं। सभी सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए हथियार दिखा रहे हैं। वीडियो एक सप्ताह पहले का है। जो वेना थाना क्षेत्र के चुरावन बीघा से जुड़ा है। वीडियो में एक युवक अर्धनग्न हालत में हाथ में पिस्टल लिए किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रहा है। एक हाथ में पिस्तौल तो दूसरे हाथ में सिगरेट के कस ले रहा। कमरे में मौजूद अन्य युवक भी बारी बारी से पिस्टल लेकर वीडियो कॉल पर किसी को दिखा रहे हैं। बताया जा रहा कि वायरल वीडियो में दिख रहे युवक अपराधी गिरोह के हैं। वीडियो कॉल कर आम लोगों को हथियार का भय दिखाकर अपना धौंस दिखाते हैं। ताकि इलाके में उसका वर्चस्व बना रहे। किसी से पैसे की डिमांड तो किसी को बात नहीं मानने पर जान मारने की धमकी भी देते हैं। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के लिए वेना पुलिस को निर्देश दिया गया है। मामला सत्य प्रतीत होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### संजीत यादव बने छात्र जदयू के नगर अध्यक्ष



**नालंदा।** छात्र जनता दल यू. बिहार के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन ने संजीत यादव को नालन्दा का नगर अध्यक्ष बनाया है। संजीत यादव ने कहा कि मैंने विगत 6 वर्षों से छात्र जदयू के विभिन्न पदों पर रहकर संगठन को मजबूत करने का काम किया। आगे भी जो नई जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। नव मनोनित अध्यक्ष संजीत यादव ने कहा कि पार्टी को सेक्टर स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक मजबूत बनाना और नीतीश कुमार की नीतियों, उनके चलाई जा रही छात्र कल्याणकारी योजनाओं को छात्रों तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। बिहार देश में सबसे ज्यादा छात्र कल्याणकारी योजनाओं को चलने वाला पहला राज्य है। नवमनोनित अध्यक्ष संजीत यादव ने कहा कि मुझपर विश्वास कर संगठन की जिम्मेवारी दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार, छात्र जदयू बिहार के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन, विधायक गण विधान पार्षद गण, पूर्व विधायक गण के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूं। धन्यवाद देता हूं। बधाई देने वालों में जदयू बिहारशरीफ के अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, मुख्य प्रवक्ता - डॉ. धनंजय कुमार देव, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुप सिंह पटेल, छात्र जिला अध्यक्ष सन्नी पटेल, जिला सचिव बबलू पटेल, छात्र नेता आदित्य कुमार उर्फ डब्लू, किशोर कुणाल, विकास वर्मा, अंकित राज, पवन कुमार शर्मा, संजीव महतो, अर्णव आर्या, राजा, यश, दीपक कुमार, अमन राज, विभूति रंजन, सतीश कुमार सोनू मौजूद थे।

### अवैध हथियार के साथ शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थ



**गया।** अवैध हथियार के साथ शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थेगया। जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत गया नवादा रोड अबगिला मस्जिद और प्रखंड परिसर के बीच अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की शिनाख्त नौरंगा पंचायत के जगदीशपुर आम टोला निवासी वसीम का बेटा सैफ के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी छिनतई की घटना को अंजाम देने के फिराक में लगा था। वह अपने साथियों के इंतजार में सड़क पर खड़ा था। इस बात की सूचना मिलते एसआई नवीन कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही अपराधी ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सतर्कता से युवक पकड़ा गया।एसआई शुक्ला ने बताया कि युवक से तलाशी के दौरान एक लोडेड कट्टा सहित दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एसआई ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के अन्य तीन साथियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। जिनकी तलाश की जा रही है वे सभी शातिर लुटरे हैं। पुलिस अधिकारियों की माने तो युवक पूर्व में बाइक लूट के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बाइक लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का सदस्य है। वह बाइक सवार से न केवल रुपये पैसे बल्कि उनकी बाइक भी लूट लिया करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मानपुर और अबगिला क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया करता था। पूछताछ के बाद शातिर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि बीते माह भी मुफस्सिल पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास से शाम के वक्त एक युवक को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

# आज से 4 दिवसीय चैती छठ शुरू

## सूर्यतालाब पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था और मेले को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा



चार दिवसीय चैती छठ पर्व आज यानि 12 अप्रैल से नहाय खाय के साथ शुरू होकर 15 अप्रैल को पारण के बाद सम्पन्न होगा। इस अवसर पर राजकीय सूर्यपीठ बड़गांव में लगने वाले छठ मेला को लेकर जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने नगर पंचायत नालन्दा के कार्यपालक पदाधिकारी को तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने सूर्यतालाब में चुने का छिड़काव कर जल को स्वच्छ रखने, बैरिकेडिंग, बिजली, पेयजल, शौचालय, सभी जगहों पर साफ-सफाई, टेंट-पंडाल आदि को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आसपास के सभी खराब हैंडपंप को दुरुस्त करने के लिए पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया।

**श्रद्धलुओं को ठहरने के लिए चार पंडाल की व्यवस्थाः** वहीं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नगर पंचायत पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी जगह पर सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ पार्किंग स्थल पर समुचित सुविधा मुहैया कराई जाए। एसडीओ कुमार ओमकेश्वर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी तैयारी की जा रही है। सभी प्रकार की व्यवस्था को सुव्यवस्थित तरीके से नगर पंचायत नालन्दा के माध्यम से कराया जा रहा है। श्रद्धलुओं को ठहरने के लिए चार पंडाल की व्यवस्था की गई है। भीड़-भाड़ इलाके में वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए चारों तरफ 11 ड्रॉप गेट बनाया गया है। पीएचईडी की ओर से पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकलोरी की व्यवस्था होगी। कष्टी मार्ग पर कारपेट और पानी का छिड़काव सुचारू रूप से किया जाएगा।

# अधेड़ पर बच्ची से रेप की कोशिश का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा




**पिता ने कहा- मामले को दबाया जा रहा, ओपी प्रभारी ने कहा-गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारी**

नालंदा के चेरो ओपी क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की बच्ची के साथ अधेड़ आदमी द्वारा रेप का मामला सामने आया है। बुधवार को पुलिस पीड़िता का बयान दर्ज करवाने के लिए बिहारशरीफ कोर्ट पहुंची थी। यहां पीड़िता के परिजन हंगामा करने लगे। बयान दर्ज करवाने से पहले ही पीड़िता को कोर्ट परिसर से बाहर निकाल लिया। परिजन पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगा रहे थे। लड़की के पिता का कहना है कि वह दूसरे प्रदेश में रहकर काम करते हैं। छह अप्रैल को गांव के ही बढ़न राम ने उसके साथ गलत हरकत की। बच्ची की चीख सुनकर परिजन जमा हुए तो आरोपित भाग निकला। सूचना पाकर वह पुणे से गांव के लिए रवाना हुए। यहां पहुंचे तो एफआईआर कराई गयी। पुलिस जानबूझकर मामले की लीपा-पोती कर रही है। मेडिकल जांच होने से पहले ही आरोपित के परिजनों को पता चल गया कि कुछ नहीं निकला है। पुलिस आरोपितों से मिली हुई है। वहीं ओपी प्रभारी मिथलेश पंडित ने बताया कि परिजनों ने सूचना नहीं दी थी। जानकारी पाकर आठ अप्रैल को पुलिस गांव पहुंची थी। तब परिजनों ने आवेदन देने से इनकार कर दिया था। नौ अप्रैल को पीड़िता का बयान लेने के बाद एफआईआर की गयी थी। अब परिजन बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। पीड़िता का बयान भी नहीं दर्ज करवाया। मामले की जांच चल रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# गिट्टी लदे 6 हाईवा को किया जब्त

❒ **झारखंड से गया आ रहे थे वाहन, खनन और परिवहन विभाग करेगा 18 लाख जुर्माने की वसूली**



निज संवाददाता। गया

गया के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटारी हिल रोड से नगर एएसपी और स्थानीय पुलिस की टीम ने आज सुबह कार्रवाई की है। कटारी हिल रोड में भरत यादव महल घर के पास जांच की गई। जांच के दौरान गिट्टी लदे छह ओवरलोड ट्रक और हाईवा को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को थाना लाया गया है। खनन निरीक्षक ने बताया कि रामपुर थाना अध्यक्ष रवि कुमार के साथ ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। गिट्टी लदे छह वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि खनन और परिवहन दोनों विभागों ने जुर्माने की वसूली की है। जब्त वाहनों से करीब 18 लाख राजस्व की वसूली होगी।

**टीम के जाने का इंतजार कर रहे थे चालकः** जब्त सभी वाहन झारखंड के छतरपुर से गिट्टी लेकर गया शहर की तरफ जा रहे थे। चालक और पत्थर के कारोबारी सड़क से छापेमारी टीम के हटने का इंतजार करने लगे। रामपुर थाना अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि झारखंड से गया की ओर आ रहे 6 ओवरलोड ट्रक को पकड़ा गया है। इनमें चालक की भी गिरफ्तारी हुई है। आगे की प्रक्रिया पुलिस कर रही है।

# चंदा नहीं देने पर स्कूल में घुसकर की मारपीट

निज संवाददाता। गया




गया के इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित नेहूटा गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा सेवक और स्कूली बच्चों की गांव के एक युवक ने स्कूल में घुसकर पिटाई कर दी। गांव के युवक के विरुद्ध रसोइया से अभद्रता करने का आरोप भी है। मंदिर में गेट लगाने के लिए चंदा नहीं देने पर मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शिक्षा (टोला) सेवक प्रेमचंद भारती और गांव के ही धनंजय सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। प्राथमिक दर्ज कर मामले की जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। पीड़ित शिक्षा सेवक प्रेमचंद भारती ने बताया कि हम लोग स्कूल में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में व्यस्त थे। इसी दौरान गांव के ही धनंजय सिंह आए और रसोईया शर्मिला देवी से पूछने लगे कि राशन है। यही नहीं वह राशन के बक्शे की चाबी मांगने लगे। इस पर हमने चाभी प्रभारी के पास होने की बात कही। इसके बाद हमें और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने लगे।

**बच्चों ने भी थाने में की शिकायतः** टोला सेवक प्रेमचंद भारती एवं रसोइया शर्मीला देवी के साथ थाना पहुंचे 5वीं कक्षा के छात्र शनी कुमार, रंजीत कुमार, शिव कुमार, समर कुमार, विपिन कुमार आदि ने भी मारपीट करने की बात कही। प्रेम चंद का कहना है कि मारपीट का आरोपी 5 हजार रुपए की डिमांड कर रहा था। मन्दिर में गेट लगाए जाने के नाम पर 5 हजार की डिमांड कर रहा था। नहीं दिए जाने पर उसने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। प्रधानाध्यापक हेमाशंकर ने बताया कि वे बीआरसी मीटिंग में आए गए थे। इस घटना की जानकारी हमें नहीं है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी अब तक नहीं मिली है।

# देश के गृह मंत्री का बिहार में विरोध, अमित शाह के विरोध का वीडियो आया समाने

निज संवाददाता। गया



गया जिले के गुरारू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विरोध किए जाने का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो गुरारू सर्वोदय हाई स्कूल के पास बनाए गए हेली पैड का है। कुछ युवक वीडियो में विरोध करते हुए सुनाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो में विरोध कौन कर रहा है। यह स्पष्ट नहीं है। उसका चेहरा पूरे वीडियो में कहीं भी नजर नहीं आ रहा है। वीडियो 5 मिनट का है जिसमें से एक भी सेकेंड के लिए विरोध करने वाले युवक की तस्वीर सामने नहीं आई है। लेकिन युवकों ने अमित शाह के विरोध में और भाजपा के विरोध में जमकर नारेबाजी की है। यहां तक की वीडियो में हेलीपैड की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी से उलझते हुए की आवाज भी सुनाई दे रही है। विरोध करने वाले युवक राजद समर्थक कहे जा सकते है क्योंकि वह राजद और तेजस्वी यादव के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं और अमित शाह के विरोध में गो बैक के नारे लगा रहे हैं। यही नहीं वीडियो में जिन युवकों की आवाज सुनाई दे रही है। वह सुरक्षाकर्मी को धमकी भी दे रहे हैं कि हमारी सरकार आएगी तो हम आप लोगों को बता देंगे। वीडियो में अमित शाह भी दिख रहे हैं। उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी साथ-साथ चल रहे हैं। वीडियो वायरल करने वाले और विरोध करने वाले युवक कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि यह बिहार की धरती है विरोध करना हमारा अधिकार है। वे जय भीम के भी नारे लगा रहे हैं। इस दौरान एक सुरक्षा कर्मी ने विरोध करने वाले युवक को थप्पड़ भी जड़ा है। थप्पड़ के विरोध में युवक यह भी कहते हुए सुना जा रहा है कि मारिए नहीं लालू यादव की सरकार आने दीजिए। देख लेंगे। आपको भी। वीडियो उस समय का है जब गुरारू में सभा संबोधित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हेलीकॉप्टर से सर्वोदय हाई स्कूल मैदान के पास बने हेलीपैड पर उतरे थे। हेलीपैड के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। जहां बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर को देखने के लिए बच्चे युवक और अन्य उम्र के भी लोग मौजूद थे।

# ईद की नमाज अदा कर पूर्वजों को किया याद, ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही लगी भीड़

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद ईद की मुबारकबाद दी। मुसलमान भाइयों ने मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान में जाकर पूर्वजों को याद किया। ईद को लेकर सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में भीड़ उमड़ने लगी थी। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गला मिलकर ईद की बधाई दी। नवाज के बाद इमाम साहिबान ने पूरी कायनात में अमन-चैन, खुशहाली, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआएं की। लोग नए लिबास पहनकर और इत्र लगाकर नमाज अदा करने पहुंचे थे। नमाज पढ़ने वालों में बच्चों की संख्या भी अच्छी थी।

**परिवार की खुशहाली की दुआ मांगीः** शहर के बड़ी दरगाह में हजारों की संख्या में नमाजी पहुंचे। सभी ने नमाज अदा कर देश समाज और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही अल्लाहताला को इस बात के लिए आभार भी जताया कि उन्होंने महीने भर रोजा रखने की शक्ति दी। मखदूम साहब के गद्दीनशीन पीर साहब ने कहा कि अब हम लोग यह दुआ करते हैं कि पूरा महीना अच्छा गुजरा, साल भी अच्छा गुजरे, बुरे चीजों से दूर रहे और सब लोग एक साथ रहें। लोगों के दिलों को खुश रखे। नमाजियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी हर जगह पर मुस्तैद दिखी। जिले में सभी मस्जिदों व ईदगाहों के पास पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट व पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

# विदेशी संस्था ने लगाया चापाकल ग्रामीणों की बुझाई प्यास

## बेल्हंडा गांव में जनप्रतिनिधि नहीं कर सके वादा पूरा, ग्रामीणों ने कहा-इस बार ठगने वाले को वोट नहीं

निज संवाददाता। गया



गया जिले के गया लोकसभा 38 संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डोभी प्रखंड के बेला बेल्हंडा गांव में रहने वाले करीब ढाई सौ से तीन सौ घर की बस्ती है। इस बस्ती में बड़ी संख्या में दलित-महादलित मतदाता है। सभी कच्चे घरों में रहते हैं। इस गांव में आने के लिए पक्की सड़क भी नहीं है और न बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल, बिजली की सुविधा नहीं है। पानी की भी घोर किल्लत थी, जिसे विदेशी संस्थाओं ने इस बार दूर कर दिया है। गांव के ग्रामीण आधा किलोमीटर दूर दूसरे गांव पानी लाने जाया करते थे। ग्रामीणों ने कहा हर बार चुनाव में नेता हमसे वोट लेने वक्त वादा गांव में विकास का पर प्रलोभन देकर चले जाते हैं और पूरा नहीं कर पाते। इस बार ठगने वाले को वोट नहीं देंगे। बेला बेल्हंडा गांव की रहने वाली 13 वर्षीय मनीषा कुमारी ने बताया इस बार मार्च के महीने में विदेशी संस्थान ने हमारे गांव में चापाकल लगाया है। हमारे गांव में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। न चापाकल था और न कुआं। इसके बाद हम लोगों को दूसरे गांव पानी लाने अब नहीं जाना पड़ता है, अब बहुत अच्छा लगता है। मनीषा ने चापाकल के पास विदेशी संस्था का शिलापट भी दिखाया। इसके लिए विदेशी संस्था को मनीषा धन्यवाद दिया है। गांव के रहने वाले अनिल मांझी ने बताया हमारा गांव बड़ी आबादी वाला गांव है। इस गांव में चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों के द्वारा किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई। ना यहां गांव में आने के लिए रोड की सुविधा है, ना बिजली की सुविधा है और नहीं स्कूल की सुविधा है। पानी की भी सुविधा नहीं थी। जनप्रतिनिधियों ने वादा किया था। चुनाव जीतने के बाद यहा हर वो सुविधा मिलेगी जिससे आप लोग वंचित हैं। अनिल मांझी कहते हैं, सबसे ज्यादा कष्ट पानी के लिए हो रहा था, जिसके लिए हम लोगों ने चुनाव में जीते प्रतिनिधियों को कई बार आग्रह किया। लेकिन निराशा हाथ लगी, फिर विदेशी संस्था की नजर हम लोगों के गांव पर पड़ी और वे यहां शुद्धि लेने आए और इस वर्ष चापाकल लगवाया। जनप्रतिनिधि केवल हमें ठगते हैं, पर हम अब ठगने वाले नहीं, हम ऐसे नेता को वोट देंगे जो हमारा विकास करेंगे।

स्थानीय राहुल मांझी ने बताया हमारे हालत की शुद्धि लेने वाला कोई नहीं है। सिर्फ चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी गाड़ियों से गांव में पहुंचते हैं वोट लेने के वक्त हम भोले भाले जनता को गांव में विकास का लोभ लालच देकर चले जाते हैं। लेकिन चुनाव खत्म होते हैं। जीते हुए प्रतिनिधि हमें भूल जाते हैं। 10 वर्षीय रॉकी कुमार ने कहा कि हम लोगों के गांव में स्कूल भी नहीं है, जिससे बहुत दूर पढ़ने जाना पड़ता है और काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर गांव में स्कूल हो जाए तो हम लोगों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। रॉकी ने सरकार और जनप्रतिनिधि से स्कूल बनाने का आग्रह किया है। गया लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डोभी प्रखंड के बेल्हंडा गांव के रहने वाले ग्रामीण ने बताया हम लोगों के इस गांव में 5000 मतदाता है। हम लोगों को इंदिरा आवास के तहत पक्की मकान भी नहीं मिली है। हर तरह के मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। चुनाव के वक्त सिर्फ जनप्रतिनिधि यहां आते हैं और वादा कर चले जाते हैं। यहां पानी की बहुत समस्या थी। जनप्रतिनिधियों को बोला गया कि आपको वोट दिए हैं, कम से कम गांव में पानी की व्यवस्था कर दीजिए पर उनके कानों पर जूं नहीं रेंगी। फिर विदेशी संस्था ने हमारे गांव में चापाकल लगवाया लगता है, अब पक्का मकान भी वही लोग देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस रिसाव से लगी आग, झुलसा युवक

**आरा।** पीरों थाना क्षेत्र के पीरों थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव में बुधवार की दोपहर गैस रिसाव के कारण आग लगने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। जख्मी ओझवलिया मोड़ गांव निवासी राजू कुमार है जो शंकर गोड़ का पुत्र है। जख्मी ने बताया की मैं बुधवार की दोपहर गैस चूल्हे पर खाना बना रहा था। उसी दौरान अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा। इससे आग भभक उठी और वह बुरी तरह झुलस गया। जीसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने से प्लंबर मिस्त्री घायल टाउन थाना क्षेत्र के नाजीरगंज मोहल्ले में बुधवार की दोपहर ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने से एक पलंबर मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायल युवक बिहिया थाना क्षेत्र के भुआल दास के पिपरा जगदीश गांव निवासी जीतेंद्र कुमार है जो एकराम पासवान का 25 वर्षीय पुत्र है।

### एसपी नीरज सिंह ने जगदीशपुर थाने पहुंच कर किया निरीक्षण

**आरा।** भोजपुर जिले के नए पुलिस कप्तान नीरज सिंह ने मंगलवार की रात जगदीशपुर थाना पहुंच थाना का निरीक्षण किया। एसपी नीरज सिंह को देर रात थाना पहुचते ही थाना परिसर में अफरातफरी मच गई। थाना पहुचने के बाद एसपी नीरज सिंह ने जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह और थानाध्यक्ष के साथ बैठक किया। बैठक में क्राइम कंट्रोल से लेकर अपराधियों व वांछितों की गिरफ्तारी पर चर्चा की गयी। एसपी ने थानाध्य को लंबित कांडों का समय पर निष्पादन करने का खास टास्क दिय साथ ही साक्ष्य और तकनीकी पर आधारित अनुसंधान पर जोर दिया, ताकि अपराधियों को मुकम्मल सजा मिल सके। हत्या, लूट में फरार वांछित को पकड़ने पर जोर दिया गया। कम गिरफ्तारी पर फटकार भी लगाई गई। क्षेत्र में रात्रि गश्ती तेज करने, वारंटी की गिरफ्तारी और कुर्की जब्ती सहित कई अन्य बिंदुओं को लेकर भी निर्देश दिया। अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के साथ नियमित वाहन चेकिंग को लेकर भी थानाध्यक्ष को टास्क दिया । मौके पर डीएसपी के अलावा थानाध्यक्ष विगाउ राम, अपर थानाध्यक्ष जयंत कुमार, दारोगा नीतू कुमारी, पीएसआई मीना कुमारी, सहित कई आईओ मौजूद थे।

### जिले के 18 असामाजिक तत्वों को 5 जून तक लगानी होगी हाजिरी

**बक्सर।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु सभी थानाध्यक्षों द्वारा बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 की धारा 03 के तहत पुलिस अधीक्षक बक्सर के माध्यम से जिला दंडाधिकारी को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सूचना निर्गत करते हुए सुनवाई के उपरांत बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 की धारा 03 के तहत कुल 18 असमाजिक तत्वों के विरूद्ध विभिन्न थानों पर दिनांक 20 अप्रैल से 05 जून तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक उपस्थिति दर्ज करने हेतु आदेश पारित किया गया है। आदेश अनुपालन नहीं करने की स्थिति में संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा उन्हें अविलंब गिरफ्तार किया जाएगा।

### ईद में शिक्षकों को नहीं मिला वेतन

**बक्सर।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के आदेश का असर बक्सर जिले में कुछ खास नहीं दिखता। स्कूलों की जांच की बात हो तो उस पर सभी की नजर है किंतु ईद जैसे पर्व में उनके तनख्वाह का भुगतान समय पर हो इसकी चिंता जिला शिक्षा विभाग में नहीं दिखा। जिसके कारण जिले के करीब 4000 शिक्षकों का मार्च का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय के शिक्षकों में काफी रोष है। बता दे की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का स्पष्ट निर्देश है कि शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह के 7 तारीख तक हर हाल में कर देना है। बावजूद बक्सर जैसे जिले में उनके आदेश का पालन अब तक नही हो सका।

### दूसरे दिन भी बराप गांव के खेतों में लगी भीषण आग

**गड़हनी।** बराप गांव में लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी गेहूं के खेत में बिजली के शॉट सर्किट से आग लग गया। जिसमें अरुण सिंह, शिशुपाल पासवान व बिनोद राम के करीब दो बिगहा खेत मे लगा गेहूं जल कर राख हो गई। आग की सूचना मिलने के बाद गड़हनी थाना से आई अग्निशमन की गाड़ी व ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाया गया नही तो बहुत ज्यादा खेत मे लगी गेहूं जल जाता। किसान ने बताया कि खेत के ऊपर बिजली के तार गुजरा है। खेत में गेहूं काट रहा हार्वेस्टर की उपरी भाग से बिजली का तार टूटकर गिर गया। उसके चिंगारी से खेत मे आग लग गई। किसी किसान व मजदूर के शरीर पर नहीं गिरा, अन्यथा बहुत बड़ी हादसा हो सकती थी। आग लगते ही हार्वेस्टर लेकर ड्राइवर भाग गया। पूर्व बीडीसी सदस्य रंजन सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता सत्यदेव सिंह ने प्रशसन से किसानों को मुआवजा देने की मांग किया है।



### सम्राट अशोक के संकल्पों को पूरा करने का कुशवाहा समाज के लोगों ने लिया संकल्प



**आरा।** घर संसार मैरेज हॉल प्रांगण में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की जिलास्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा ने किया। वर्तमान राजनीतिक व सामाजिक परिवेश में कुशवाहा समाज की भागीदारी पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि रहे संगठन के प्रधान महासचिव प्रवीण कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चलकर उनके संकल्पों को पूरा करना है। इसके लिए हम सभी को संगठित व एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाज के विकास व सम्राट अशोक के संकल्पों को पूरा करने के लिए समाज के युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। इस दौरान मौजूद सभी ने एकजुट होकर सम्राट अशोक के संकल्पों को पूरा करने का संकल्प लिया। इससे पहले बैठक में शामिल संगठन के पदधारकों को फूलमाला व अंगवस्त्र देकर अभिवादन किया गया। मौके पर सासाराम के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह कुशवाहा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम मौर्य, जिला प्रधान महासचिव संजय कुशवाहा, राजीव रंजन कुशवाहा, कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, तरारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, जिला प्रवक्ता दीपक कुशवाहा, अभिषेक सिन्हा, लाल बादशाह सिंह कुशवाहा सहित अन्य संगठन के लोग मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता को जीविका ने निकाली रैली

**गड़हनी।** स्विप कार्यक्रम के तहत गड़हनी के जीविका कार्यालय से बगवां गांव तक इंदिरा सीएलएफ के तत्वावधान में जीविका दीदियों ने प्रभातफेरी व जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। यह रैली इंदिरा जीविका महिला संकुल संघ गड़हनी की अध्यक्ष सैंया बेगम के नेतृत्व में निकाली गई। संचालन समन्वयक राहुल गुप्ता व उमेश कुमार गुप्ता ने की। जीविका के बीपीएम साकेत नन्द तिवारी भी थे।

# बक्सर में झोपड़ी में लगी आग, हजारों की संपति जल कर राख

निज संवाददाता। बक्सर

**घर में रखी दो बाइक भी जली**



बक्सर के छ्तूपुर में एक घर में आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसमें कुछ लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से हैंडपंप और मोटर चला कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं, कुछ लोग घर के पास गेंहू की फसल का बोझा हटाने में लग गए। किसी ग्रामीणों की सूचना पर 20 मिनट के बाद अग्निशमन की एक छोटी वाहन पहुंच एक घंटे के कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन इस घटना में गरीब का झोपड़ी सहित उसका बाइक भी जल गया। घटना धनसोई थाना क्षेत्र की है। छतुपुर गांव में सुशील ठाकुर अपने जमीन पर पक्के दीवार के ऊपर झोपड़ी डाल कर रह रहे थे। तभी दोपहर में उनकी झोपड़ी से आग की लपटें उठने लगी। जिसे देख ग्रामीण इधर-उधर आग बुझाने के लिए दौड़ने लगे। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके कारण झोपड़ी से सामान निकालने की जगह आग बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं, अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। शुशील ठाकुर द्वारा बताया गया कि झोपड़ी में रखे दो बाइक समेत अनाज और अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालंकि अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में धनसोई थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश द्वारा बताया गया कि सूचना पर अग्निशमन की एक एमटी वाहन भेजा गया था। आग बुझ गया है। वहीं, ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और अंचलाधिकारी को फोन कर दी।

# आग से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक



निज संवाददाता। बक्सर

गर्मी का मौसम आते ही आग लगने की घटना बढ़ जाती है। खेत खलिहान या घर में आग लग जाय तो कैसे बचाव करना चाहिए।इसको लेकर दिनारा अग्निशामक बिग्रेड द्वारा बुधवार को भुआवल गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया गया ।अग्निशामक बिग्रेड टीम के प्रधान धर्मराज ओझा ने आंगनबाड़ी केंद्र सहित गांव के चौक चौराहे पर ग्रामीणों को एकत्रित कर आग से बचाव के तरीके बताए ।इन्होंने बताया की घर में गैस सिलिंडर के पास एक बाल्टी पानी के साथ जूट का बोरा जरूर रखना चाहिए,ताकि कहीं आग सिलिंडर में लग जाय तो जूट के बोरा को पानी में भिगोकर सिलिंडर पर डाल दें। इससे आग बुझ जाती है ।साथ ही ग्रामीणों को बताया की यदि खेत खलिहान में आग लग जाय तो तुरत अग्निशामक बिग्रेड को उनके मोबाइल नंबर 9955267235 पर या 7485805926 फोन करें ।इन्होंने बताया की सूचना मिलते ही बिग्रेड की टीम आकार अग्निशामक यंत्र से आग बुझा देगी।इस मौके पर अग्निशामक चालक विकास कुमार, अग्निक प्रियंका कुमारी, अग्निक अंबिका कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्यारंभ यज्ञ के साथ हुआ शिक्षा का आरंभ

निज संवाददाता। आरा



वैदिक काल व सनातन परंपरा में शिक्षा का प्रारम्भ यज्ञ के साथ होता था, जिसमें बच्चों के अभिभावक, राजपुरोहित, व राजा भाग लेते थे। जो समय बीतने के साथ खत्म हो गया लेकिन आरा में इसी वैदिक तरीके से बच्चों की शिक्षा की शुरुआत देखने को मिली बी.एस डीएवी स्कूल में। बी.एस.डीएवी.प.स्कूल में वैदिक हवन-यज्ञ के साथ नव शैक्षणिक सत्र आरंभ हुआ। इसी क्रम में दूसरे दिन मंगलवार को '21 कुंडीय देव यज्ञ सह विद्यारंभ संस्कार यज्ञ' हुआ। इसके साथ ही विधिवत नर्सरी कक्षा के बच्चों का विद्यारंभ हुआ। इन बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी इस यज्ञ में सहर्ष शामिल रहे। इनके आगमन के साथ ही विद्यालय परिसर में नर्सरी कक्षा का भी उद्घाटन हुआ। हवन-यज्ञ में शामिल बच्चों व अभिभावकों से बात करते हुए प्राचार्या नीशू जायसवाल ने कहा कि विद्यालय परिवार वैदिक परंपरा के अनुपालन में विश्वास करता है। जिन बच्चों के जीवन में विद्या का प्रवेश होने जा रहा है, हम उनके इस प्रथम दिवस को स्मरणीय बनाना चाहते हैं । हमारी कामना है कि वे पढ़-लिखकर संस्कारवान बनें। उनके भीतर अपने घर-परिवार, देश-समाज व प्रकृति के प्रति नैतिक बोध का बीजारोपण हो सके, यहीं हमारा परम उद्देश्य है। इस '21 कुंडीय देव सह विद्यारंभ यज्ञ' में नर्सरी कक्षा के वैभव कुमार यादव, अंशिका सिंह, सिद्धार्थ नायक, अनन्या सिंह, अर्णव राज, अंकुश सिंह, अभिराज कुमार, लव्या कुमारी तथा अनिका राज आदि ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ हिस्सा लिया। हवन-यज्ञ का विधिवत संचालन वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक सुरेंद्र पाण्डेय तथा वरुण कुमार झा ने किया। इस बात की जानकारी सुमन कुमार सिंह ने दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# घरों में चोरी करने वाले दिन में बेचते थे गुब्बारा, गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



नगर थाना पुलिस ने घर में चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के आभूषण और कपड़ा समेत अन्य सामान बरामद किए है। पकड़े गए आरोपितों में दो राजस्थान, एक मध्य प्रदेश और आरा के रहने वाले हैं। ये दिन में गुब्बारा बेचते थे। नगर थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि 5 अप्रैल की रात नगर थाना के जैन कॉलोनी शिव गंगा नगर, मझौआ बांध निवासी दीपक कुमार सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात समेत 10 लख रुपए की संपत्ति चुरा ली थी। जिसे लेकर संबंधित थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक कराई गई थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आर के रमना मैदान में छापेमारी कर जयपुर राजस्थान क्षेत्र निवासी राधेश्याम, रोमियो कुमार और मैहर मध्य प्रदेश निवासी बंटी कुमार को गिरफ्तार किया।

**आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा:** पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर नगर थाना क्षेत्र के रामगढ़िया निवासी लोकनाथ उर्फ भोला और पिंटू कुमार को भी पकड़ा गया। करीब 300 ग्राम चांदी-कपड़ा बरामद किया गया है। चोरी की चांदी को गला दिया गया था, जिससे कि गहनों की पहचान नहीं हो सके। पकड़े गए आरोपित घरों को चिह्नित कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

## डाक कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। आरा



बिहार डाक परिमंडल के कर्मचारियों के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आरा प्रधान डाकघर में किया गया है। इस समारोह में बिहार डाक विभाग के 2500 से अधिक उत्कृष्ट कर्मयोगियों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए। जिसमें भोजपुर जिले के 70 डाक कर्मयोगियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिहार डाक प्रमंडल के टॉप-10 कर्मयोगियों में पहला,दूसरा,तीसरा स्थान से लेकर 9 कर्मयोगियों ने स्थान प्राप्त किया है। इस अद्वितीय समारोह में डाककर्मियों को पुरस्कार वितरण मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार, बिहार प्रमंडल के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा किया गया। कर्मचारियों का चयन बचत बैंक खाता (एसबी), सुकन्या समृद्धि खाता (एसएसए), डाक जीवन बीमा (पीएलआई), ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई), इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। इस सामान समारोह के माध्यम से बिहार डाक परिमंडल के उन सभी कर्मयोगियों का सम्मान करने का संकल्प लिया गया है जो बिहार में डाक के क्षेत्र मैं अत्यधिक प्रशंसा के पात्र हैं। इसके अलावा यह समझ उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए भी है, जो समाज को सेवा प्रदान करने और डाक सेवाओं को सुगम बनाए रखने में अपना योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इस मौके पर डाक अधीक्षक पवन कुमार ने जिले के सभी डाक कर्मयोगियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि सर्किल कार्यालय की ओर से भोजपुर मंडल को सात कैटेगरी में अवार्ड दिया गया है। पूरे सर्कल में टॉप 10 परफॉर्मर में नौ भोजपुर से थे। सिर्फ एक बेतिया से थे।

**टॉप 10 कर्मयोगियों में भोजपुर के नौ शामिल:** आदित्य नारायण (भोजपुर), आशा देवी (भोजपुर), मनोज कुमार (भोजपुर), लाल मोहर(भोजपुर), रजनीश कुमार (बेतिया), मोहम्मद अमीन खान (भोजपुर), पुष्कर नारायण राय (भोजपुर), चंदन कुमार (भोजपुर), नवीन कुमार (भोजपुर), केशव पांडेय(भोजपुर) के शामिल है। आदित्य नारायण PLI/RPLI 2023–24 में 5.156 करोड़ का प्रीमियम दिया है। जबकि आशा देवी 1 करोड़ 435, मनोज कुमार 2 करोड़ 385 दिया है।

## CRPF जवान की सड़क हादसे में मौत

निज संवाददाता। बक्सर



**बाइक से बाजार जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

बक्सर में गोलंबर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार CRPF जवान की मौके पर ही मौत हो गई। बाजार करने के लिए घर से बाइक लेकर निकल था। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दी है। वहीं, इस घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस टक्कर मारकर भगाने वाले वाहन की तालाश में जुटी है। जिसपर आगे की कार्रवाई किया जा सके। बताया गया कि घटना नगर थाना क्षेत्र गोलंबर के पास हुई है। CRPF जवान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के अतरौना गांव के स्व.परमहंस सिंह का बेटा अनिल कुमार सिंह है। पिछले दिनों वह छुट्टी पर घर आया था। गोलंबर के पास उसका अपना नया मकान है। जहां पर उनका परिवार रहता है। शाम में गोलंबर से कुछ समान लाने जाने की बात कहकर घर से निकला था। तभी कुछ देर बाद परिजनों को सूचना मिली की सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन गोलंबर स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे जहां पर वह मृत पाया गया। परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। टाउन थाना इंचार्ज संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना यूपी के भरौली गोलंबर के समीप हुई है। हालांकि मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**श्रीनगर में तैनात था मृतक जवान:** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के अतरौना गांव के स्व. परमहंस सिंह का चार बेटों में सबसे छोटा अनिल कुमार सिंह सीआरपीएफ में नौकरी करता था। मृतक जवान CRPF के 18 बटालियन में शामिल था। पिछले दिनों छुट्टी पर घर आया था। 11 अप्रैल को फिर ड्यूटी पर वापस लौटने वाला था। इसी बीच उसके साथ दर्दनाक हादसा हो गया। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे है।

# शादी के एक महीने बाद पत्नी की पीट-पीट कर हत्या

निज संवाददाता। आरा



- **आरा में सास को गाली दे रहे ससुर को रोका, पति ने लाठी-डंडे से मारा**

भोजपुर में शादी के एक महीने बाद पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घर में सास-ससुर के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हो रही थी। इस दौरान ससुर, सास को गंदी-गंदी गाली दे रहा था। महिला ने इसका विरोध किया। और अपने ससुर से गाली नहीं देने को कहा। ससुर का विरोध करना महिला के पति को नागवार गुजरा और उसने महिला की लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी। पति ने उसे बुरी तरह पीटा और हाथ भी तोड़ डाला। मंगलवार सुबह घर में लड़ाई हुई थी, जिसके बाद मारपीट की गई। वहीं चरपोखरी पीएचसी में इलाज के दौरान बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान भैरोडीह गांव निवासी सोनू कुमार की पत्नी सपना कुमारी (19) के तौर पर हुई है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के भैरोडीह गांव की है।

**27 फरवरी को ही हुई थी शादी:** मृतका के चाचा पिंटू ठाकुर ने बताया कि तरारी थाना क्षेत्र के तरारी गांव निवासी मेरे बड़े भाई अशोक ठाकुर ने इसी साल 27 फरवरी को हिंदू रीति-रिवाज के साथ सपना कुमारी (19) की शादी भैरोडीह गांव निवासी सोनू कुमार से की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच मंगलवार की सुबह उसकी सास अनीता देवी और ससुर योगेंद्र ठाकुर के बीच घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था।

**ससुर से कहा था- गालियां नहीं दीजिए:** मृतका के चाचा ने कहा कि ससुर सास को गंदी-गंदी गालियां दे रहा था। जब उसने कहा कि पिताजी आप इस तरह से गाली नहीं दीजिए। घर में आपकी दो जवान बेटियां और हम हैं। इसी बात पर उसके पति ने डंडे से उसकी पिटाई कर दी। उसका हाथ तोड़ दिया था। सूचना पर हमलोग और गांव के कुछ लोग वहां गए उसे समझाया-बुझाया। इसके बाद उसका इलाज चरपोखरी पीएचसी में कराया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया।

**पति पर हत्या का आरोप:** परिजनों ने सूचना स्थानीय थाना को दी है। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में ले कर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी ओर मृतका के चाचा पिंटू ठाकुर ने उसके पति सोनू कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका 4 बहनों और 2 भाइयों में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां रिंकू देवी, तीन बहन पिंकी देवी, मुस्कान कुमारी, निधि कुमारी व दो भाई वीरू कुमार और विशुन कुमार है।

# कर्मनाशा पंप कैनाल से पानी की राह देख रहे हैं किसान

निज संवाददाता। बक्सर

- कर्मनाशा नदी पर पंप कैनाल को बनाने की मंजूरी वर्ष 2012 को ही मिल गई थी
- 12 वर्ष हो गये पर आज तक लगभग 68 करोड़ की कर्मनाशा पंप कैनाल परियोजना धरातल पर नहीं उतरी

सभा चुनाव सिर पर है। अपने यहां चुनाव अंतिम चरण में है। यही वजह है कि यहां चुनाव का पूरा माहौल नहीं दिख रहा। नेताओं की चहलकदमी नहीं के बराबर है। भाजपा के उम्मीदवार और कार्यकर्ता मतदान को ले कुछ सक्रिय दिख रहे हैं। कहने का मतलब है कि चुनाव की सरगर्मी इलाके में कम है। यहां 1 जून को मतदान होगा। चौक-चौराहों पर सुबह-शाम चुनाव की चर्चा हो रही है। चर्चा जीत-हार की नहीं बल्कि किस पार्टी से कौन उम्मीदवार होगा इस पर खूब बहस हो रही है। सियासत का पारा भले ही नरम हो, लेकिन स्थानीय मुद्दों पर खूब बातें हो रही है। आज हम बात करेंगे चौसा प्रखंड के निकृष गांव के पास कर्मनाशा नदी पर बन रहे पंप कैनाल की। 2012 में कर्मनाशा पंप कैनाल परियोजना को मिली थी मंजूरी गंगा और कर्मनाशा के किनारे चौसा प्रखंड दर्जनों गांव बसे हैं। यहां की आर्थिक समृद्धि कृषि पर निर्भर है। सिंचाई के लिए समय पर पानी मिल जाये तो क्या कहना। यहां के खेत हरे-भरे हो जाएंगे, वहीं किसानों के जीवन खुशहाली आ जाएगी। जानकारों की मानें तो चौसा प्रखंड के निकृष गांव के पास कर्मनाशा नदी पर पंप कैनाल को बनाने की मंजूरी वर्ष 2012 को ही मिल गई थी। 12 वर्ष हो गये पर आज तक लगभग 68 करोड़ की कर्मनाशा पंप कैनाल परियोजना धरातल पर नहीं उतरी। हर चुनाव में नेता जी मतदाताओं से मिलने के दौरान इसे पूरा कराने का भरोसा तो देते रहे पर किसानों के खेत तक इस परियोजना का एक बूंद पानी नहीं पहुंचा।

## एक नजर

### युवक की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**बांका (नि.सं.)**। बांका के आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी से मारकर युवक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डॉग स्क्वायड की मदद से तीन घंटे के अंदर आरोपियों की पहचान कर लगी गई। इसमें दो आरोपी हरि यादव और उसका बेटा ब्रह्मदेव यादव को घर से गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरे बेटे सिकंदर यादव को अमजोरा गांव उसके ससुराल से गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ राज किशोर कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की हत्या की गई थी। लीलावरण गांव के लोको यादव के बड़े बेटे अजय यादव को गांव के ही हरि यादव और उसके दोनों बेटे ब्रह्मदेव यादव और सिकंदर यादव ने फोन कर उसे बुलाया और जान से मार दिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि हरि यादव की 20 साल की बेटी से अजय यादव का प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार को यह बात पता लगी तो अजय को तीनों ने मिलकर लीलावरण स्कूल के पास बुलाया। इसके बाद कुल्हाड़ी से मारकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने आगे बताया कि हत्या के बाद मृतक युवक की मां मनकी देवी और पिता लोको यादव ने आनंदपुर ओपी में जमीन विवाद को लेकर हत्या का मामला दर्ज कराया था। इसमें सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। फिलहाल गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी को जेल भेज दिया गया।

### अररिया से चार शातिर साइबर ठग गिरफ्तार



**अररिया (नि.सं.)**। अररिया पुलिस साइबर ठग को दबोचने में एक बार फिर सफल रही। एसपी को गुप्त सूचना मिलने पर उन्होंने प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया था। जिन्होंने फ्रॉड कॉल कर ठगी करने वाले 4 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसपी अमित रंजन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार और माधुरी कुमारी के नेतृत्व में नगर थानाध्यक्ष, कुर्साकांटा थानाध्यक्ष, ताराबाड़ी थानाध्यक्ष और डीआइयू की एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा फ्रॉड कॉल के माध्यम से झांसा में लेकर ठगी करने वाले 4 साइबर अपराधी को नगद रुपए और अन्य कई उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। अररिया एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि यह साइबर ठग पहले फ्रॉड कॉल कर सीधे लोगों को फोन पर लालच देते हैं। फिर झांसा देकर अकाउंट खाली कर देते हैं। उस ठगी किए गए राशि को अलग अलग खाते में भेजकर एटीएम और UPI के माध्यम से राशि की निकासी कर लेते हैं। पुलिस टीम ने गिरफ्तार साइबर ठग के पास से 1 लाख 61 हजार 100 रुपए नगदी, 20 पीस एटीएम कार्ड, 15 पीस एंड्रॉयड मोबाइल, 33 पीस सिम कार्ड और एक बाइक भी बरामद किया है। गिरफ्तार साइबर ठग शाह मजीद अली पिता साह जहीर कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के कमलदाहा, कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के ही मरातीपुर के अभिषेक कुमार साह पिता जगदीश साह, शंकरपुर के चंदन पासवान पिता केदार पासवान व ताराबाड़ी थाना क्षेत्र बटूरबाड़ी वार्ड संख्या 2 के रविन्द्र कुमार साह पिता रामस्वरूप साह शामिल है। इस मामले में एसपी अमित रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। मामले का खुलासा करते हुए उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर ठग फ्रॉड कॉल के माध्यम से लोगों का अकाउंट खाली करते हैं। उन्होंने प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में नगर थानाध्यक्ष, कुर्साकांटा थानाध्यक्ष, ताराबाड़ी थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। एसपी ने बताया कि इस मामले को लेकर नगर थाना में कांड संख्या 227/24 दर्ज कर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार, माधुरी कुमारी, नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक, ताराबाड़ी थानाध्यक्ष रवि कुमार, कुर्साकांटा थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, नगर थाना के एएसआई संजीव कुमार,शिल्पा कुमारी, अंकुर कुमार, डीआईयू टीम व क्यूआरटी टीमके रीतेश कुमार झा, राहुल सिंह, आरकेश कुमार, अभिनित कुमार, संतोष कुमार अंकेश कुमार आदि शामिल थे।

### लूट के मामले में 10 साल से फरार अपराधी गिरफ्तार



**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के भोरे थाना की पुलिस ने लूट के मामले में 10 साल से फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान सीवान के निवासी रंजन सिंह के रूप में किया गया है। उससे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि रंजन सिंह के ऊपर आधा दर्जन से अधिक लूट व डकैती के मामले दर्ज है। पुलिस इसकी तलाश लगातार कर रही थी। सीवान के पचलखी में छापेमारी कर एक दुकान से इसको गिरफ्तार किया गया है। आरोपी भोर थान क्षेत्र में साल 2011 से लेकर 2015 तक लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। वहीं साल 2014 में इसने एक गाड़ी में मौजूद लोगों को लूटा था।

### मेडिकल शॉप का ताला तोड़ चोरों ने की 1.25 लाख की चोरी

**पूर्णिया (नि.सं.)**। पूर्णिया में मेडिकल शॉप का ताला तोड़ चोरों ने 1.25 लाख की चोरी की है। ये दिन भर की कमाई थी। दवा के थोक विक्रेता अपनी दुकान बंद कर रोजाना की तरह अपने घर चले गए थे। तीन की संख्या में आए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने लोहे की रॉड से पहले शटर का ताला और फिर कैश बॉक्स का लॉक तोड़ा। शॉप में रखे सवा लाख कैश लेकर भाग निकले। चोरी की ये पूरी वारदात शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर नोट गिनते दिख रहे हैं। पीड़ित मेडिकल शॉप संचालक ने सहायक खजांची थाना में आवेदन दिया गया है। घटना मंगलवार रात की है। मामला तब पता चला जब पीड़ित ने बुधवार को थाने में आवेदन दिया। शहर के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के लाइन बाजार स्थित कुंडी पुल के समीप स्थित नेशनल डिस्ट्रीब्यूटर नाम के दवा की थोक दुकान है। पीड़ित दवा दुकान संचालक दवा के थोक विक्रेता हैं। वहीं पीड़ित मेडिकल शॉप संचालक की पहचान सहायक खजांची थाना क्षेत्र निवासी छोटू कुमार साह के रूप में हुई है। पीड़ित संचालक छोटू कुमार साह ने बताया कि वे रोजाना की तरह देर रात शॉप बंद कर घर चले गए थे। सुबह स्टाफ ने देखा शटर का ताला टूटा हुआ है। स्टाफ ने कॉल कर चोरी की सूचना दी। वहीं जिसके बाद मैं शॉप पहुंचा। जहां कैश बॉक्स में रखे गए 1.25 रुपए गायब थे। सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया। जिसमें तीन की संख्या में आए चोर दिखे। उनकी हर एक हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वारदात को अंजाम देने के लिए लोहे की रॉड अपने साथ लाए थे। इसी रॉड से चोरों ने शटर और कैश बॉक्स का लॉक तोड़ा। दिन भर की कमाई गई सवा लाख रुपए कैश लेकर भाग निकले। शॉप संचालक ने बताया कि शाम हो जाने की वजह से वे ये कैश बैंक में जमा नहीं करा सके थे। सहायक खजांची थाना में आवेदन दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया गया है। सहायक खजांची थाना अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

महुआ धाम औरंगाबाद के लिए सभी ट्रैक्टर से जा रहे थे

# डंपर ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो की मौत, 23 लोग गंभीर रूप से घायल



- इस दुर्घटना में डंपर भी टक्कर मारने के बाद पलट गया सड़क किनारे
- डंपर को जब्त कर लिया गया

निज संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)**। चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी गेट के पास बुधवार की देर रात लगभग दो बजे डंपर द्वारा एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दिए जाने के कारण ट्रैक्टर पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। 23 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। मृतकों में कैमूर जिला के भगवानपुर थाना के उमापुर गांव निवासी बंधन कहार 26 साल तथा कुदरा थाना क्षेत्र के कुदरा बाजार निवासीअनिल बारी 30 वर्ष बताए जाते हैं। बताया जाता है कि उमापुर गांव से देर रात में महुआ धाम औरंगाबाद के लिए सभी ट्रैक्टर से जा रहे थे, तभी टेकारी गेट के समीप ओवरब्रिज पर एक अनियंत्रित डंपर ने पिछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में डंपर भी टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे पलट गया है। डंपर चालक भी बुरी तरह से घायल हो गया हैं। सभी घायलों को एनएचएआई के कर्मियों ने एम्बुलेंस से सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में पूनम कुमारी, राजू कुमार, निर्मला कुमारी, रीता कुमारी, धीरज कुमार, श्याम नारायण, चंदा, आशा, श्याम नारायण, सूरज समेत 23 लोग शामिल हैं। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को बचाने में एनएचएआई के पेट्रोलिंग कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अगर एनएचएआई कर्मियों ने समय से घटना स्थल पर नहीं पहुंचते तो घायलों में से अधिकतर लोगों की मौत हो जाती। घटना स्थल पर चेनारी थाना की पुलिस लगभग तीन घंटा बाद पहुंची, जिससे टेकारी गांव के ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखने को मिला। सासाराम के एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि डंपर को जब्त कर लिया गया है। शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल सासाराम में कराया जा रहा है।

### वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई-लखीसराय मुख्य मार्ग पर खड़गौर गांव के पास गुरुवार को वाहन की टक्कर से बाइक सवार बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मां गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल मां को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और घटना की जानकारी टाउन थाना की पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान लखीसराय थाना क्षेत्र के लोदिया गांव के सुबोध राम के रूप में की गई है। हादसे में सुबोध की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक युवक शादी शुदा था, जिसके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। युवक की छोटी बहन लक्ष्मी की शादी होनी थी, लेकिन भाई की एक्सीडेंट में मौत हो गई। घटना के बारे में रिश्तेदार रंजय राम ने बताया कि 21 अप्रैल 2024 को बहन की शादी के लिए निमंत्रण कार्ड देने के लिए अपने मां के साथ मेरे घर बरुअटा आया था। निमंत्रण देने के बाद खाना भी नहीं खाया, नाश्ता करके ही अपने घर लखीसराय के लिए दोनों मां-बेटे बाइक से निकल गए तभी सूचना मिली कि दुर्घटना हो गई है। उन्होंने बताया कि पहली बार मेरे घर निमंत्रण देने आए थे। डायल 112 नंबर की पुलिस कमलेश कुमार ने बताया कि हम लोगों को थाना प्रभारी के द्वारा सूचना मिला कि खड़गौर से आगे एक बाइक एक्सीडेंट हो गया है। घटना की जानकारी रिश्तेदारों ने परिजनों को दे दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कम से कम यहां 80 प्रतिशत तक हो मतदान : जिलाधिकारी



निज संवाददाता

**सुपौल**। सुपौल DM कौशल कुमार मरौना प्रखंड के कमरैल पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर पहुंचे। यहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डीएम ने कहा कि गांव में कुछ लोग रहने के बावजूद मतदान के दिन वोट नहीं करते हैं। ऐसे में मतदान की प्रतिशत कम रहती है। ऐसे मतदाताओं से डीएम ने कहा कि आप आधे घंटे के लिए घर से निकल कर अपना भी वोट गिराने के लिए निकले और आसपास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में यहां मतदान की प्रतिशत कम थी। इस बार कम से कम यहां 80 प्रतिशत तक मतदान हो। यही उम्मीद आप सभी से करते हैं। वहीं, एसपी शैशव यादव ने कहा कि चुनाव को लेकर हमलोग पूरी तैयारी कर चुके हैं। मतदान स्वच्छ पूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में हो इसके लिए सभी जगहों पर लगातार आपराधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। लगातार हथियार भी बरामद की जा रही। शराब कारोबारी पर लगातार नकेल कसी जा रही है। सदर सुपौल एसडीओ इंद्रवीर कुमार ने कहा कि कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो गांव में रहते हुए मतदान के दिन वोट नहीं डालने जाते हैं। वैसे मतदाताओं से आग्रह है कि मतदान के दिन मतदान केंद्र पहुंचकर वोट जरूर डालें। ताकि आपके पंचायत का भी नाम मतदान प्रतिशत में उच्च स्थान पर जाए। बीडीओ रचना भारतीय द्वारा सभी अधिकारियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने भी अपने प्रखंड के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करें। मतदान के दिन बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें। मौके पर निर्मली डीएसपी राजू रंजन, मरौना थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार, नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार, सीओ पिन्टू कुमार चौधरी सहित जनप्रतिनिधि, सेविका-सहायका, जीविका दीदी, स्वच्छता कर्मी आदि मौजूद रहे।

## हजारों लीटर अवैध शराब जब्त



निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई में उत्पाद विभाग और सोनो थाना की पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाकर सोनो थाना क्षेत्र की बलथर पंचायत के तेलिया छाऊरत इलाके में छापेमारी की है। दुर्गम इलाका होने के कारण शराब धंधेबाज भागने में सफल हुए। पुलिस ने 10 अवैध शराब की भट्टी सहित 500 लीटर देसी शराब बरामद कर उसे नष्ट किया है। उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर मद्य निषेध और सोनो थाना की संयुक्त छापेमारी अवैध शराब बनाने वाले कारोबारी पर की गई। भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब और उपकरण बरामद किए गए।10 भट्ठी को भी नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि तस्कर छापेमारी दल को देखकर फरार हो गए। जिसके खोजबीन जारी है नाम सत्यापित होते ही उस पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि दुर्गम क्षेत्र होने के कारण गाड़ियां दूर से आती है। लोगों को पहले पता चल जाता है। झाड़ियों और पेड़ों का फायदा उठाकर फरार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि 500 लीटर देसी शराब भी मिली है और 8 हजार लीटर को नष्ट किया गया। साथ ही काफी मात्रा में फुला हुआ महुआ और उपकरण जब्त किया गया है।

गेहूं की फसल, नकदी और जरूरी सामान जलकर राख

## अलग-अलग जगहों पर अगलगी में 11 घर जलकर राख

निज संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर में अलग-अलग जगह पर अगलगी की घटना घटित हुई है। इस घटना में कुल 11 घर जलकर नष्ट हो गई है, जिसमें पहली घटना मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनियाचक गांव में हुई है। दूसरी घटना वासुदेवपुरम थाना क्षेत्र के चूरम्बा गांव में हुई है। दोनों जगह पर फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानियारचक पीर स्थान के पास बुधवार को अचानक आग लगने से लगभग 10 झोपड़ी नुमा घर जलकर नष्ट हो गई। इस अगलगी की घटना में अनाज, कपड़ा, बरतन, टीवी, पंखा सहित नगद रुपए भी जलकर नष्ट हो गई है। हालांकि, अगलगी की घटना में कितना का नुकसान हुआ इसका अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं, आग की घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस और सदर सीओ कार्यालय के कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

जिसके बाद घटनास्थल पर जांच करने के बाद सभी पीड़ित का लिस्ट तैयार कर चले गए। कर्मियों ने कहा कि आपदा के तहत जो होता है वह दिया जाएगा। इसके अलावा पीड़ित परिवार को राहत सामग्री दिया जाएगा। जबकि इस मौके पर तारापुर दियारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बमबम कुमार चौधरी भी मौजूद थे। वहीं, घटना के संबंध में मंडल और जीवन मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम के लगभग 3 बजे हमलोग आसपास के खेत और भट्ठा पर मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। तभी अचानक घर से सूचना आया कि घर में आग लग गई है। इसके बाद हमलोग किसी तरह यहां पर आए और आग की लपटें बुझाने का प्रयास करने में जुटे। लेकिन कामयाब नहीं हो सके और देखते ही देखते लगभग आग की घटना में 10 घर जलकर पूरी तरीके से नष्ट हो गया। वहीं, वासदेवपुर थाना के चुरंबा इलाके में बुधवार की सुबह दूध गर्म करने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग में 2 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया। सिलेंडर फटने से जोरदार आवाज हुई। हालांकि, घर से सभी सदस्य बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन दस्ता ने इलाके के लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड में खेत से आए गेहूं की फसल, नकदी और जरूरी सामान जलकर राख हो गए। अग्नि पीड़ित मु.महताब आलम के घर गैस पर दूध गर्म किया जा रहा था। इस बीच अचानक गैस लीक होने से सिलेंडर में आग पकड़ ली और कुछ ही देर में सिलेंडर फट गया। इसके बाद देखते ही देखते आग तेजी से घर को चपेट में ले लिया।

तीन देसी कट्टा, कारतूस सहित दो बाइक बरामद

## हाईवे पर लूट गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार मुजफ्फरपुर से चार भाई थे गिरोह में शामिल

निज संवाददाता



**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच लुटेरा गिरोह के सात सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही जिला पुलिस ने अंतरजिला हाईवे लूटेरा गिरोह का उद्भेदन किया है। इस गिरोह में मुजफ्फरपुर से चार सगे भाई समेत सीतामढ़ी के तीन अन्य लोग भी शामिल है। पुलिस ने चारों भाइयों के साथ सातों बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। वही, पुलिस ने लूटी गयी दो बाइक व करीब एक दर्जन मोबाइल बरामद की है। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ सदर रामकृष्ण न बताया की एसपी मनोज कुमार तिवारी के निर्देश पर गठित विशेष पुलिस टीम ने उक्त कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की उक्त सभी बदमाश एनएच 77 पर लूट और छिनतई की घटना को अंजाम देते है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त कार्रवाई की गई। बदमाशों के पास से तीन कट्टा, 3 कारतूस, पुपरी और सीतामढ़ी में हुए लूट कांड में लूटी गई दो बाइक को भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुजफ्फरपुर के साहेबगंज थाना वार्ड 11 भतहंडी निवासी सह वर्तमान में नगर थाना के बरियारपुर बिस्मिल्लाह चौक निवासी शेख मोहम्मद हसन के पुत्र शेख रेयाज उर्फ रेहान उर्फ गुड्डु, शेख इरफान उर्फ रेहान, शेख सद्दाम, शेख रिजवान के रूप में की गई है। वही, नगर थाना के भूपभैरो निवासी स्व. बच्चु पासवान के पुत्र रतनेश कुमार, बरियारपुर वार्ड 37 निवासी सत्यनारायण पासवान के पुत्र सुनिल कुमार व विन्दा राय के पुत्र भरत राय के रूप में की गई है। एसडीपीओ सदर रामकृष्णा ने बताया कि नगर थाना को सूचना मिली कि बरियारपुर के पास कुछ अपराधी किसी बड़े घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को अवैध हथियार, डाईगर, लूट की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**मधुबनी (नि. सं.)**। मधुबनी के साहरघाट थाना क्षेत्र में आम के पेड़ से लटकता हुआ एक युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। घटना उत्तरा पंचायत के मिनती रतौली टीला गाछी में मौजूद बगीचे की बताई जा रही है। बुधवार को शव मिलने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर पोस्टमॉर्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक मिनती गांव के भोगेंद्र ठाकुर का 23 साल का बेटा राहुल ठाकुर बताया गया। जानकारी के अनुसार युवक की दो शादियां हुई और दोनों ही पत्नी छोड़ कर चली गई। वहीं युवक के भाई राजेश ठाकुर ने कहा कि वह मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। इसके साथ ही पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रवण यादव, सरपंच प्रतिनिधि अघोरी दास और युवा नेता प्रकाश साह ने भी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कही। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि फिलहाल मामला आत्महत्या का लग रहा है। जांच की जा रही है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद और बहुत कुछ पता चलेगा।

19 अप्रैल को जमुई लोकसभा क्षेत्र में मतदान

## भयमुक्त मतदान करने को ले एसपी ने लोगों से की अपील

निज संवाददाता



जमुई। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कराने को लेकर एसपी शौर्य सुमन ने नक्सल प्रभावती इलाकों में विशेष नक्सल टीम का गठन किया है। इसके तहत कुछ नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया है। वहीं एसपी शौर्य सुमन ने सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से लोगों से अपील की है कि भयमुक्त होकर मतदान करने गर से निकले। इसके साथ ही एसपी ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान को लेकर जवानों को अभ्यास कराया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट के अलावा पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा। इसमें अर्ध सैनिक बलों के अलावा सीआरपीएफ कोबरा और एसएसबी जवानों को भी लगाया जाएगा। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर मतदान के दिन हेलिकॉप्टर के जरिए नजर रखी जाएगी। वहीं असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर नजर रखने के साथ कार्रवाई की जा रही है। बता दे कि लोकसभा चुनाव में निर्दलीय सहित कुल मिलाकर सात उम्मीदवार मैदान में है। 19 अप्रैल को जमुई लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है।

## मारपीट में चार घायल, प्राथमिकी दर्ज



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के कोसुम्भा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कृपा बीघा गांव के बघार में एक पक्ष के लोगों ने खेत में पानी पटा रहे 4 लोगो को बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस की सहायता से इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया। घायलों में लोदीपुर गांव निवासी दल्लू यादव, जरिकन यादव, सतीश यादव और मारो देवी शामिल है। घायल दल्लू यादव ने बताया कि बदमाशों ने लाठी डंडों के साथ लोहे के रॉड से भी मारा। इसमें लोदीपुर गांव के सीतो यादव, संदीप यादव, रंजित यादव, संजीत यादव, सिद्धेश्वर यादव सहित अन्य शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि अपनी जमीन को दूसरों के यहां बेच देने के बाद मेरी जमीन पर अवैध कब्जा जमाना चाहते है। इसी को लेकर उन लोगों ने मारपीट किया। वहीं थाना अध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि भूमि को लेकर विवाद है। लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है।

घाटों पर चेंजिंग रूम, हेल्प-डेस्क की व्यवस्था, वॉच टावर भी बनाए गए

## कल नहाय खाय के साथ चैती छठ की होगी शुरुआत, 14 अप्रैल की शाम को पहला अर्घ्य, 15 को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य

निज संवाददाता



**पटना**। दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर है। 12 अप्रैल को नहाय खाय से इसकी शुरुवात होगी। जिसके बाद 13 अप्रैल को खरना होगा। 14 अप्रैल की शाम को सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं 15 अप्रैल की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद यह पर्व सम्पन होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए दानापुर नगर परिषद् तैयारियों में जुट गई है। नगर प्रशासन द्वारा चैती छठ पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अस्थाई बैरिकेडिंग की गई है। नगर परिषद् के सफाई कर्मचारी गंगा नदी के किनारों की सफाई में जुटे हैं। संबंधित अधिकारियों को भीड़ की निगरानी के लिए वॉच टावर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करने के अलावा घाटों पर चेंजिंग रूम, हेल्प-डेस्क, अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पीने के पानी की सुविधा और टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। दानापुर के नासरीगंज स्थित फक्कड़ महतो घाट, नारियल घाट, राजपूताना घाट के साथ ही अन्य घाटों को चैती छठ को लेकर तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में दानापुर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि छठ पूजा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। छठ वर्तियो को किसी भी तरह का परेशानियां न हो उसके लिए अस्थाई बेरिकेडिंग, भीड़ की निगरानी के लिए वॉच टावर, घाटों पर चेंजिंग रूम, हेल्प-डेस्क, अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। पूजा की शुरुवात से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चंदाली पुलिस लाईन में पुलिस ने की मॉक ड्रिल

**गुमला, एजेंसी।** आसन लोकसभा चुनाव और ईद, सरहुल व रामनवमी त्योहार को लेकर पुलिस के समक्ष विधि –व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर बड़ी चुनौती है ।इससे सफलतापूर्वक निपटने को लेकर मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परेड मैदान में उतरे एसडीपीओ की अगुवाई में पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर पुलिस पदाधिकारियों ने वहां मौजूद पुलिस कर्मियों के आवश्यक जानकारियां दीं ।वहीं एसडीपीओ ने बताया की पूर्वाभ्यास से किसी भी कार्यक्रम को निष्पादन करने में मदद मिलती है।

### घाघरा में लोस चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**घाघरा, एजेंसी।** लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुधवार को घाघरा में कांग्रेस कार्यकर्ता की बैठक आयोजित हुई। उत्सव बैंक्विट हॉल चांदनी चौक घाघरा में प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे की अध्यक्षता वाले इस बैठक में प्रखंड व पंचायत अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय सीट कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श करते हुए विशेष रणनीति तैयार की गयी। मौके पर प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत ने पंचायत व प्रखंड अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजय दिलाते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का आहवान किया। विशुनपुर विधानसभा प्रभारी जयदीप भगत ने भी लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड व पंचायत अध्यक्षों को कई बातों से अवगत कराया। मौके पर जिला सचिव कृष्ण कुमार लोहरा ,राजीव उरांव ,सहजाद अंसारी,दिलबहार अंसारी ,विजय राम ,राजेंद्र भगत ,कीनू लोहरा,गन्दूर महली,बुधवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्टेशन मास्टर ने लोको पायलट को पीटा, शिकायत

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद डिवीजन के टोरी (विराटोली) स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने असिस्टेंट लोको पायलट के साथ मारपीट कर दी। घटना नौ अप्रैल की है। घटना से पूरे डिवीजन में स्टेशन मास्टर के प्रति रनिंग कर्मचारियों में आक्रोश है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन ने बुधवार को डीआरएम से शिकायत की है। आरोपी स्टेशन मास्टर पर कार्रवाई की मांग की गई। एसोसिएशन के मंडल सचिव पंकज कुमार की ओर से डीआरएम को दिए गए पत्र में कहा गया कि विराटोली स्टेशन पर असिस्टेंट लोको पायलट ड्यूटी पर थे। स्टेशन मास्टर ने उन्हें लाठी से बेरहमी से पीटा है। मारपीट में एएलपी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से धनबाद मंडल के सीआईसी सेक्शन टोरी, बरवाडीह, पतरातू और खलारी के रनिंग स्टॉफ गुस्से में हैं। धनबाद, पाथरडीह, कतरास और गोमो में भी घटना की निंदा की गई है। घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। एसोसिएशन ने डीआरएम को बताया कि घटना से आपसी भाईचारे का माहौल बिगड़ा है। रेलवे की भी छवि धूमिल हुई है।

### केओ कॉलेज गुमला में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव

**गुमला, एजेंसी।** केओ कॉलेज गुमला के बहुउद्देशीय भवन में बुधवार को सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत कुड़ुख विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा अनाआदि प्रार्थना से हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ बीएन मिश्रा को सहायक प्राध्यापक ईसाबेला होरो व विशिष्ट अतिथि प्रो संजय कुमार को सहायक प्राध्यापक नंद किशोर रजक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. मिश्रा ने कहा कि सरहुल पर्व एक प्रकृति का त्योहार है ।इस समय के हर एक पेड़ पौधों में नयी पत्ते, टहनियां आते हैं। यह त्योहार बखूबी स्वागत करता है। इस पर्व अच्छी बारिश, फल, फूलों,बरकत की कामना की जाती है ।सरहुल प्रकृति संतुलन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। वरीय प्राध्यापक प्रो संजय कुमार व कुड़ुख विभाग के प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष प्रेमचंद उरांव ने सरहुल प्रकृति पर्व शुभकामनाएं दी। महोत्सव में मंच संचालन डॉ तेतरू उरांव व शशि विनय भगत ने किया। समारोह में प्राध्यापक नंद किशोर रजक,डॉ अनिल कुजूर,डॉ आशुतोष कुमार,डॉ अभिनव, प्रो.तरुण डुंगडुंग,डॉ सोहन मुन्डा,डॉ जीभवानी रजक, प्रो देवेंद्र साहु, प्रो. ईसाबेला, प्रो रोज फिलोमिना डुंगडुंग, डॉ लक्ष्मण उरांव,प्रो अजित कुमार हांसदा, प्रो समीर विलुंग, प्रो वरुण उरांव, प्रो देवेन्द्र साहु, प्रो डॉ शंभुनाथ, डॉ गजनाफर अली, प्रो सुमित तथा डॉ विंदेश्वर साहु आदि के साथ सभी छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची झामुमो

**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका लगाते हुए लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसने पार्टी के नाम की दो सम्पत्तियों की सीबीआई जांच कराने का आदेश दिया है। इस मामले में जस्टिस सुब्रह्मण्यम प्रसाद 23 अप्रैल को सुनवाई करेंगे।



### लोकपाल के 4 मार्च के आदेश को चुनौती दी

इस मामले में याचिकाकर्ता झामुमो की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने कोर्ट में पक्ष रखा और भारत के लोकपाल के 4 मार्च के आदेश को चुनौती दी। उच्च न्यायालय में पार्टी का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ वकील ने कोर्ट में कहा कि, पहली नजर में यह एक गलत आदेश है।

### झामुमो बोली- सुनवाई का मौका भी नहीं दिया

हाईकोर्ट में दायर याचिका में अपने वकीले के माध्यम से झामुमो ने कहा कि लोकपाल का आदेश कानून की नजर में प्रथम दृष्टया गलत और उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर का है। साथ ही इस आदेश को पारित करने से पहले झामुमो को किसी तरह का नोटिस भी नहीं दिया गया और ना ही उसे सुनवाई का कोई अवसर दिया गया।

### 5 अगस्त 2020 को की थी शिकायत

लोकपाल ने झामुमो से जुड़ी दो सम्पत्तियों की सीबीआई जांच का आदेश भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ दायर शिकायत पर दिया, जो कि 5 अगस्त 2020 को की गई थी। लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने के भीतर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी सम्पत्तियों की जांच करने का निर्देश भी दिया है। शिकायतकर्ता दुबे झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हैं।

### दुबे ने शिकायत में लगाए ये आरोप

लोकपाल से की गई अपनी शिकायत में भाजपा सांसद दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा था कि शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया। उन्होंने बेईमानी व भ्रष्ट तरीकों को अपनाते हुए अपने, अपने परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और अलग-अलग कम्पनियों के नाम पर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में बड़ी मात्रा में सम्पत्तियां अर्जित कीं, जो कि उनके आय के ज्ञात और घोषित स्त्रोतों के अनुपात में कहीं ज्यादा हैं। इस दौरान उन्होंने रांची, धनबाद और दुमका समेत प्रदेश के कई जिलों में सम्पत्तियां बनाईं।

साथ ही लोकपाल से की गई शिकायत में यह भी कहा गया कि सोरेन और उनके बेटे व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमित अग्रवाल, जो उनके करीबी दोस्त हैं, और उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली विभिन्न कंपनियों में भारी निवेश किया है।

### लोकपाल ने आदेश में ये कहा

शिकायत पर सुनवाई के दौरान लोकपाल ने यह भी कहा कि दो सम्पत्तियां झामुमो के नाम पर हैं, जो कि सोरेन द्वारा स्थापित एक राजनीतिक दल है और जिन्हें साल 2014 में उन्हीं के माध्यम से खरीदा गया था। झामुमो को प्रतिवादी लोक सेवक यानी शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा नियंत्रित और चलाया जाता है, जो भारी राजनीतिक प्रभाव रखते हैं।

मार्च में जारी अपने आदेश में लोकपाल ने कहा रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री को देखते हुए, एक राजनीतिक दल के रूप में झामुमो पर कोई आरोप लगाए बिना, जिसके साथ हमारा इस मामले में कोई लेना-देना नहीं है, हम इस बात पर विचार करते हैं कि झामुमो के नाम पर ली गई इन दोनों संपत्तियों के अधिग्रहण में क्या RPS की कोई भूमिका थी, इस बात की जांच की जानी चाहिए। लोकपाल ने सीबीआई को जांच का आदेश देने के साथ ही हर महीने जांच में हुई प्रगति की रिपोर्ट भी भेजने के लिए भी कहा है।

### केओ कॉलेज गुमला में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव

**गुमला, एजेंसी।** केओ कॉलेज गुमला के बहुउद्देशीय भवन में बुधवार को सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत कुड़ुख विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अनाआदि प्रार्थना से हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ बीएन मिश्रा को सहायक प्राध्यापक ईसाबेला होरो व विशिष्ट अतिथि प्रो संजय कुमार को सहायक प्राध्यापक नंद किशोर रजक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. मिश्रा ने कहा कि सरहुल पर्व एक प्रकृति का त्योहार है ।इस समय के हर एक पेड़ पौधों में नयी पत्ते, टहनियां आते हैं। यह त्योहार बखूबी स्वागत करता है। इस पर्व अच्छी बारिश,फल,फूलों,बरकत की कामना की जाती है।सरहुल प्रकृति संतुलन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। समारोह में प्राध्यापक नंद किशोर रजक,डॉ अनिल कुजूर,डॉ आशुतोष कुमार,डॉ अभिनव, प्रो.तरुण डुंगडुंग,डॉ सोहन मुन्डा,डॉ जीभवानी रजक, प्रो देवेंद्र साहु, प्रो. ईसाबेला, प्रो रोज फिलोमिना डुंगडुंग, डॉ लक्ष्मण उरांव,प्रो अजित कुमार हांसदा, प्रो समीर विलुंग, प्रो वरुण उरांव, प्रो देवेन्द्र साहु, प्रो डॉ शंभुनाथ, डॉ गजनाफर अली, प्रो सुमित तथा डॉ विंदेश्वर साहु आदि के साथ सभी छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

**भाजपा सांसद का दावा-सीएम चंपई को कुर्सी छोड़ने का फरमान**

# निशिकांत बोले-हेमंत पत्नी कल्पना को बनाना चाहते हैं मुख्यमंत्री

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे का दावा है कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन को सीएम की कुर्सी छोड़ने का फरमान जारी किया है। निशिकांत के मुताबिक, हेमंत अब अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम की कुर्सी पर बैठाना चाहते हैं।निशिकांत का कहना है कि यही वजह है कि सीएम चंपई सोरेन दो दिन से ना सरकारी कार्यक्रमों में पहुंच रहे हैं और ना पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। बीजेपी सांसद ने ये दावा सोशल मीडिया पर किया है।



उन्होंने एक्स पर लिखा कि झारखंड की राजनीति में खेला होगा। पहले सीता सोरेन ने जेएमएम छोड़ा, फिर लोबिन हेंब्रम ने राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। चमरा लिंडा भी नाराज चल रहे हैं। ये सारे संकेत बता रहे हैं कि झारखंड की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं है।

हालांकि, निशिकांत की इस ट्वीट पर जेएमएम या उसकी सहयोग पार्टियों का किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं अब तक नहीं आई है।

एक दिन पहले कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने भी एक ट्वीट किया। उस ट्वीट में एक वीडियो भी है। जिसमें जेएमएम विधायक और सरकार में मंत्री बसंत सोरेन भी नजर आ रहे हैं। जिसमें इरफान अंसारी ने कहा है कि निशिकांत दुबे ने राज्य के दो मंत्री बादल और हफीजुल हसन को खुले मंच से चुनौती देकर डराने का काम किया है।

वह खुलेआम कहते हैं कि ये दोनों मेरे खिलाफ कुछ भी नहीं बोल सकते हैं भले हम उनके पार्टी के नेताओं को लाख गाली दें, लेकिन मैंने कहा कि ऐसा नहीं होगा। आप डरिए नहीं।

इरफान अंसारी के इस ट्वीट के जवाब में डॉ. निशिकांत ने लिखा है कि हम क्या डराएंगे ? पूर्व सीएम ने वर्तमान सीएम को गद्दी छोड़ने का फरमान दिया है। उन्होंने लिखा है कि हेमंत सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव से पहले अपनी पत्नी कल्पना को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। डरा हुआ तो पूरा सरकार है। वास्तविकता को समझ कर आप और बसंत कट हंसी हंस रहे हैं।

करीब दो महीने पहले सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि हेमंत सोरेन की जगह चंपाई सोरेन के आने से भी कोई बदलाव नहीं दिखेगा, क्योंकि सिस्टम वही हैं। चंपाई सरकार की ताला-चाबी हेमंत सोरेन के पास ही है। सोरेन परिवार ने मधु कोड़ा पर विश्वास नहीं किया था, जबकि वह गुरुजी के ही मार्गदर्शन में सरकार चला रहे थे। संभव है कि कुछ दिनों बाद सोरेन परिवार फिर मुख्यमंत्री बनना चाहेगा।

# लातेहार के ग्रामीणों के लिए वरदान है महुआ, 100 करोड़ का होता है कारोबार

**लातेहार, एजेंसी।** महुआ का सीजन आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बहार आ जाती है। प्रकृति भी पीले फल और फूल से सराबोर हो जाती है। इस मौसम का इंतजार गांव में रहने वाले लोगों को बेसबरी से रहता है। ग्रामीणों को अपने गांव में ही अच्छी आमदनी का बेहतर विकल्प मिल जाता है। ऐसे में ग्रामीण पलायन करने के बदले गांव में ही रहकर महुआ के व्यवसाय से जुड़ जाते हैं। महुआ के पेड़ से ग्रामीण और मजदूरों के साथ-साथ व्यवसायी तथा समाज के अन्य वर्ग भी सीधे तौर पर लाभान्वित होते हैं।

**ग्रामीणों के लिए वरदान :** मार्च महीने के दूसरे हफ्ते से लेकर अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह तक महुआ का सीजन माना जाता है। लातेहार जिले में महुआ के पेड़ अत्यधिक मात्रा में पाए जाने के कारण यह सीजन यहां के ग्रामीणों के लिए वरदान माना जाता है। ग्रामीणों को गांव और आसपास के जंगली क्षेत्रों में ही आर्थिक कमाई का एक बेहतर विकल्प मिल जाता है। ग्रामीण सुबह और दोपहर में महुआ चुनते हैं। इसके बाद उसे धूप में सुखाने के बाद बाजार में बेचते हैं। इससे ग्रामीणों को अच्छी कमाई हो जाती है।

**मजदूरों का रुक जाता है पलायन :** महुआ का सीजन आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों से मजदूरों का पलायन रुक जाता है। होली में घर आने वाले मजदूर अपने घर में ही रहकर महुआ चुनने का काम करते हैं। कुल मिलाकर एक माह तक ग्रामीणों को उनके गांव और घर के आसपास ही रोजगार के बेहतर साधन मिल जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि एक माह तक गांव में रोजगार की कमी नहीं रहती। अगर सरकार महुआ के पेड़ को लेकर कोई योजना बना दे तो यहां के गरीब ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल पाएगा।

**गांव में रहती है चहल-पहल :** वहीं, ग्रामीण यह भी बताते हैं कि महुआ के सीजन में लोग महुआ चुनने के



बाद उसे बेचकर अपनी जरूरत का सामान खरीदते हैं। महुआ के सीजन में ग्रामीणों को किसी चीज की कमी नहीं होती है। महुआ से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलता है। स्थानीय व्यवसायी निर्दोष गुप्ता ने कहा कि इस सीजन में गांव में चहल-पहल रहती है।

**महुआ से सभी वर्ग के लोगों को लाभ :** ग्रामीणों के द्वारा बाजार में महुआ बेचा जाता है, जिससे व्यवसायी वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हैं। महुआ पूरी तरह नकदी फसल होने के कारण समाज के कई अन्य लोग भी अब महुआ खरीद कर स्टॉक करते हैं और फिर सीजन ऑफ होने पर इसकी बिक्री करते हैं। महुआ हमेशा मुनाफा ही देता है। उन्होंने बताया कि जिले में 100 करोड़ रुपए से अधिक के महुआ की खरीद बिक्री होती है। महुआ का मुख्य उपयोग शराब बनाने के अलावा कई अन्य दूसरे कामों में भी होता है।

**महुआ का तेल बेचने से अच्छा मुनाफा होगा – डीएफओ :** लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार का कहना है कि यदि ग्रामीण महुआ का प्रयोग वैल्यू एडिशन के साथ करें तो उन्हें अपेक्षाकृत काफी अधिक मुनाफा हो सकता है। उन्होंने कहा कि महुआ का तेल भी निकालकर ग्रामीण बेच सकते हैं, इससे काफी अच्छा मुनाफा होगा।

# एलोपैथिक दवा के साइड इफेक्ट खत्म करने में होम्योपैथ सक्षम

**धनबाद, एजेंसी।** एलोपैथिक दवा के सेवन से शरीर पर साइड इफेक्ट होता है, जबकि होम्योपैथी की दवाओं में साइड इफेक्ट का खतरा नहीं है। साथ ही यह एलोपैथिक दवाओं के साइड इफेक्ट खत्म करने और उससे हुई स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने में सक्षम है। यह कहना है डॉ अर्जुन पांडेय और डॉ मीता सेन का। वे होम्योपैथी विज्ञान के जनक डॉ सैमुएल हैनीमेन की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का विषय ड्रग डिजीज और होम्योपैथी था। जेसी मल्लिक रोड स्थित उद्यान होलेस्टिक लाइफ केयर सोसायटी के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र पाठक और डॉ जमुना यादव ने डॉ हैनीमेन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि अलग-अलग कारणों से ड्रग काफी अधिक मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है, जिससे शरीर में कई नई स्वास्थ्य समस्याएं शुरू होने लगती हैं, जबकि मेडिसिन का इस्तेमाल अनुपातिक रूप से किया जाता है। होम्योपैथी चिकित्सा में मेडिसिन दिया जाता है, जो शरीर की समस्याओं को बिना किसी नुकसान के खत्म करता है। साथ ही होम्योपैथी ड्रग के कारण शरीर में हो रही समस्याओं को खत्म करने में भी सक्षम है। मौके पर डॉ जेपी सिन्हा, डॉ अखिलेश्वर शर्मा, डॉ एस मित्रा, रवि सिन्हा, बिरेन्द्र सिन्हा, सुनिल सिन्हा, राजेंद्र मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सिंहभूम में 25 साल बाद झामुमो मैदान में-2 महिलाओं में भिड़ंत; कांग्रेस से बीजेपी में आई गीता कोड़ा के सामने जोबा मांझी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झामुमो ने 1999 लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उतारा है। झामुमो अंतिम बार 25 साल पहले यहां से लोकसभा चुनाव लड़ा था। झामुमो ने विधायक जोबा मांझी को टिकट दिया है। उनकी सीधी टक्कर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा से होगा। पूरे झारखंड में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र ही ऐसा है, जहां से भाजपा व झामुमो की दो कद्दावर महिलाओं की सीधी टक्कर होगी।.

सिंहभूम क्षेत्र की सभी छह विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए सुरक्षित है। फिलहाल इनपर झामुमो-कांग्रेस का कब्जा है। पांच विधानसभा क्षेत्र सरायकेला, चाईबासा, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, मझगांव पर झामुमो का कब्जा है। जबकि, जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस ने जीती है। यहां की निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। ऐसी



परिस्थिति में यह सीट इंडी गठबंधन की पार्टनर झामुमो की खाते में आ गई है।

झामुमो ने हेमंत सोरेन सरकार में महिला, समाज कल्याण व बाल विकास मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी को सिंहभूम सीट से प्रत्याशी बनाया है। जोबा अभी मनोहरपुर विधानसभा सीट से झामुमो की विधायक है। 31 जनवरी को ईडी की गिरफ्तारी के बाद सीएम हेमंत सोरेनने इस्तीफा दे दिया।2 फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार बनी, तो हेमंत सरकार में एकमात्र महिला मंत्री रही जोबा मांझी को कैबिनेट में स्थान नहीं मिला। उनकी जगह चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ को मंत्री बनाया गया। अब जोबा मांझी को झामुमो ने सिंहभूम लोकसभा का टिकट देकर इसकी भरपाई करने की कोशिश की है। चुनाव की अधिसूचना 18 अप्रैल से जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जाएगा। 13 मई को मतदान होगा।

2014 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जोबा मांझी ने चुनाव जीतने के बाद पति देवेंद्र माझी द्वारा बनाई गई पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा डेमोक्रेटिक का विलय झामुमो में कर दिया था। जोबा मांझी अब तक चार बार मंत्री भी बन चुकी हैं। जोबा मांझी के पति देवेंद्र मांझी सिंहभूम के बड़े आदिवासी नेता रहे थे। देवेंद्र मांझी 1980 में चक्रधरपुर और 1985 में मनोहरपुर से विधायक बने थे।

# नोटिस को फाड़कर रद्दी में फेंक दिया, ढुलू को सरयू राय ने दी खुली चुनौती, कहा- साजिश का करूंगा पर्दाफाश

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व मंत्री सरयू राय द्वारा धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के विरुद्ध आपराधिक छवि से संबंधित आरोप लगए जाने पर ढुलू महतो ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। विधायक ढुलू महतो की ओर से अधिवक्ता नीरज कुमार विशियार ने सोमवार को सरयू राय को नोटिस भेजकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा अपमानजनक शब्दों को वापस लेने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि यदि सरयू राय ऐसा नहीं करते हैं तो ढुलू महतो उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा करेंगे। नोटिस में कहा गया है कि सरयू राय ने बीते दिनों प्रेस कांफ्रेंस में ढुलू महतो पर कई तरह के आरोप लगाए। कहा है कि वह कोयले के धंधे में अवैध उगाही में लिप्त थे, जो वास्तविकता से कोसों दूर है। यह आरोप इलाके के पिछड़े समुदाय और गरीब लोगों के खिलाफ आपकी सामंतवादी मानसिकता का परिचायक है। नोटिस में कहा गया है कि आपकी पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस मेरे मुवक्किल को बदनाम कर उनकी सामाजिक, राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। दलितों की सेवा करके तथा लंबे समय तक संघर्ष करके ढुलू महतो ने यह सम्मान अर्जित किया है।

अधिवक्ता ने सरयू राय को भेजे नोटिस में कहा है कि





आपने जान-बूझकर असंसदीय और अपमानजनक शब्दों तथा टिप्पणियों से मेरे मुवक्किल ढुलू महतो तथा उनके क्षेत्र के लोगों की भावनाओं को आहत किया है। आपने ढुलू महतो की सार्वजनिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए ही धनबाद में प्रेसवार्ता की थी। बता दें कि सरयू राय ने पिछले दिनों धनबाद से निर्दलीय चुनाव लड़ने का संकेत दिया था, तब से वह ढुलू पर हमलावर हैं। विधायक ढुलू महतो के नोटिस पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि यह कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है और जवाब देने लायक नहीं है। मैंने नोटिस को फाड़कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है।

सरयू राय ने कानूनी नोटिस के जवाब में मीडिया में अपना बयान जारी करते हुए कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी और बाघमारा विधानसभा चुनाव में 800 वोटों से जीतकर विधायक बने ढुलू महतो ने मुझे एक धमकी भरा कानूनी नोटिस भेजा है। पलटवार करते हुए सरयू राय ने कहा कि ढुलू को अगर इतना ही शौक है तो वे उनके विरुद्ध आरोपों के पंपलेट और पोस्टर धनबाद के चौक-चौराहों पर लगवा देंगे। ढुलू को चुनौती देते हुए राय ने कहा कि हिम्मत है तो सीधे न्यायालय जाएं और मानहानि का मुकदमा कर दें। नोटिस भेजना चुनावी चाल और अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है। मैं यह साजिश सफल नहीं होने दूंगा। इसका पर्दाफाश करूंगा। सरयू राय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेताओं को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए कि ढुलू महतो पर 46 मुकदमे होने की जानकारी स्वयं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ने झारखंड उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर दिया है। इनमें से चार मुकदमों में सजा हो चुकी है। शेष चार मुकदमे धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय को लिखे गए पत्र के बाद दर्ज हुए हैं।

# कचनार टोली की घटना, सेना की जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में 14 को जेल

**रांची , एजेंसी।** जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने कचनार टोली में मंगलवार रात आठ बजे सेना की जमीन पर अवैध कब्जा करने और रातों रात चहार दीवारी खड़ी करने के मामले में 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस मामले में जगन्नाथपुर थाना के दारोगा राजेंद्र कुमार राणा ने 14 के विरुद्ध नामजद और 150 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कचनार टोली में प्लॉट नंबर-370 सेना की जमीन है। वहां पर सेना की 4.5 एकड़ जमीन थी। जिसके बड़े हिस्से पर धीरे-धीरे कब्जा कर लिया गया। जो जमीन बची हुई है, उस पर भी मंगलवार को कब्जा करने के लिए अवैध रूप से चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत सेना की ओर से मंगलवार को की गई। इस पर जगन्नाथपुर थाना पुलिस रात करीब 8.30 बजे पहुंची। लेकिन वहां उपस्थित 200 महिलाओं-पुरुषों ने उक्त जमीन पर तेजी से करने लगे और दीवार खड़ी कर दी।पुलिस ने उन्हें मना किया, लेकिन उन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली। दारोगा राम कुमार टाना भगत के साथ उन लोगों ने दुर्व्यवहार किया। इसकी जानकारी जब वरीय अधिकारियों को दी गई, तब जगन्नाथपुर थाना प्रभारी सशस्त्र बल के साथ वहां पहुंचे। उनके भी मना करने के बावजूद काम चलता रहा। इसके बाद पुलिस ने चहारदीवारी कर रहे उक्त लोगों को गिरफ्तार किया और वहां मजमा लगाए अन्य लोगों को खदेड़ा गया।मुबारक खान, शमीम खान, मो. अतीक, मो. इकबाल, मो. जाकिर, नाजिर हुसैन, मो. इकराम, मो. सलीम, अब्दुल जब्बार, अब्दुल रसीद, मो. हुसैन, दिनेश कुमार, मो. मंजूर और मो. अनवर।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला कर्मचारी से दोस्ती कर बैंक कर्मचारी ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**इंदिरापुरम।** कोतवाली पुलिस को एक बैंक की महिला कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ साथी पर दोस्ती के बहाने नजदीकी बढ़ाकर दुष्कर्म करने का मुकदमा कराया है। उनका आरोप है कि साथी ने नैनीताल में जन्मदिन मनाने के दौरान उनका फोटो-वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। विरोध पर बेटी की कनपटी पर तमंचा लगाकर घर से 50 हजार रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौतमबुद्धनगर की महिला ने 12 सितंबर 2020 को निजी बैंक में नौकरी शुरू की थी। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में घर से काम करने लगीं । 2021 में लॉकडाउन हटने के बाद ऑफिस जाना शुरू कर दिया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह फोन कॉल पर सहेली से घर की आर्थिक स्थिति के बारे में बात कर रही थीं। मनीष नाम का वरिष्ठ साथी बात सुनकर महिला के पास पहुंचा। वहां उसने कहा वह आर्थिक मदद करके उन्हें कभी परेशान नहीं होने देगा। मई 2022 के शुरुआत में मनीष पीड़िता के घर पहुंचा। वहां उसने नैनीताल में बैंक कर्मचारियों के साथ अपना जन्मदिन मनाने की बात कही और पीड़िता को अपने साथ चलने को कहा। वह पति और ससुरालियों की अनुमति से मनीष के साथ नैनीताल चली गईं। आरोप है कि बैंककर्मी ने वहां कमरे में उनकी वीडियो और फोटो फोन में कैद कर ली। वहां से घर लौटने के बाद आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने व रिश्तेदारों को दिखाने के बहाने उन्हें ब्लैकमेल किया। इस बीच इंदिरापुरम के होटल में बुलाकर कई बार महिला से दुष्कर्म किया। उन्होंने घटना की शिकायत कविनगर और इंदिरापुरम पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पर दुष्कर्म, मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मनीष को टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

### सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता बच्ची को चाइलड केयर भेजा

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 10 साल की बच्ची के साथ चाचा और सौतेले पिता द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने बच्ची को साहिबाबाद के चाइल्ड केयर भेज दिया है। पुलिस ने बच्ची के नाना नानी को बुलाया है। पुलिस ने मामले में जल्द खुलासे का दावा किया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। मेडिकल में बच्ची के साथ दुष्कर्म होना पाया गया है। मेडिकल के बाद अब बच्ची को साहिबाबाद के एक चाइल्ड केयर में भर्ती कराया गया है। बच्ची ने पूछताछ में कुछ अहम जानकारी परिजनों के बारे में दी है। बच्ची बहुत घबराई हुई है। बच्ची के परिजनों के बारे में पता चला है, लेकिन अभी नही मिले हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। बता दें कि बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 10 साल की बच्ची के साथ पिता और उसके चाचा ने दुष्कर्म किया था। घटना के दौरान बच्ची की मां और चाची को घर से बाहर भेज दिया था। बच्ची के असली पिता की मौत हो गई है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद उसे दिल्ली की बस में बैठाकर चले गए थे। दिल्ली पुलिस ने मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर मुकदमा लोनी बॉर्डर थाने में ट्रांसफर कर दिया था। घटना के दौरान बच्ची के हाथ बांध कर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था।

### इंदिरापुरम और कौशांबी डिपो में मिले दो शव, रेलवे ट्रैक पर मृत मिला युवक

**इंदिरापुरम।** कोतवाली की नीतिखंड चौकी क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट में बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से शव कब्जे लेकर जांच की। वहीं, लिंकरोड थाना क्षेत्र में कौशांबी डिपो पर 50 साल के बुजुर्ग का शव मिला। इसके अलावा तेज रफ्तार रेल की चपेट में आने से 35 साल के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी कि नीतिखंड चौकी क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट पर निर्भेद फाउंडेशन बना है। उसके गार्ड विजय ने सूचना दी कि सड़क किनारे 35 से 40 साल का युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी की तो किसी ने युवक की पहचान नहीं की। उसने नीली रंग की शर्ट और काली जींस पहनी थी। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले।

# यूपी की नई सूची में भाजपा ने चेहरे तो बदले पर बिरादरी वही, तीन सांसदों के टिकट कटे




**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश में अपने कोटे की 75 में से 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी भाजपा ने हर सीट पर जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है। कई सीटों पर नए चेहरों को मौका देकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं की उम्मीदें भी जगाई हैं। इसी फॉर्मूले पर बुधवार को जारी 7 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची में पार्टी ने चेहरे तो बदले हैं, पर उसी बिरादरी को मौका देकर किसी भी तरह के विरोधी स्वर से बचने का भी प्रयास किया है।

भाजपा ने पहली सूची की तरह ही इसमें भी जातीय समीकरण का विशेष ख्याल रखा है। इस सूची में भी तीन मौजूदा सांसदों के टिकट पर कैंची चलाई गई है, लेकिन किसी प्रकार के संभावित विरोध से बचने के लिए उसी बिरादरी के उम्मीदवार उतारे हैं, जिससे मौजूदा सांसद ताल्लुक रखते हैं। मसलन- बलिया से क्षत्रिय के स्थान पर क्षत्रिय, तो गाजीपुर में भूमिहार के स्थान पर इसी बिरादरी का प्रत्याशी उतारा गया है।

फूलपुर में पटेल के स्थान पर पटेल उम्मीदवार दिया गया है। इसी प्रकार इलाहाबाद में ब्राह्मण के स्थान पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र को टिकट देकर भी ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी से बचने का रास्ता निकाला है। शेष चार सीटों में से सिर्फ मैनपुरी सीट पर ही चेहरे के साथ बिरादरी बदली है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, लेकिन इस बार यहां से प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मछलीशहर और कौशांबी सीट पर जातीय समीकरण साधने के लिए पुराने चेहरों को ही मौका दिया गया है।

### ऐसे तय हुआ गाजीपुर का प्रत्याशी

भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बने गाजीपुर सीट पर नए भूमिहार चेहरे के तौर पर पारसनाथ राय को मौका दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस सीट के लिए कराए गए सर्वे में सबसे ऊपर मनोज सिन्हा और दूसरे नंबर पर उनके बेटे अभिनव सिन्हा का नाम था। जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य की जिम्मेदारी संभालने की वजह से भाजपा मनोज सिन्हा को वहां से हिलाना नहीं चाहती थी। वहीं बेटे अभिनव को टिकट नहीं देने से साफ है कि भाजपा परिवारवाद के आरोपों से बचना चाहती थी। संघ की ओर से पारस राय का नाम प्रस्तावित किया गया। पारसनाथ शिक्षा जगत के जाने-माने नाम हैं। भाजपा का मानना है कि उनकी साफ सुथरी छवि मुख्तार अंसारी परिवार की माफिया छवि के मुकाबले जनता में भारी पड़ेगी ।

### अब तक कुल 12 मौजूदा सांसदों के टिकट कटे

भाजपा की ओर से जारी अब तक कुल 70 उम्मीदवारों की सूची में 12 मौजूदा सांसदों के टिकट कटे हैं। पहले जारी 63 उम्मीदवारों की सूची में 9 और इसमें 3 मौजूदा सांसदों का टिकट काटा गया है। जिन सांसदों के टिकट काटे गए हैं, उनमें जनरल वीके सिंह (गाजियाबाद), राजेंद्र अग्रवाल (मेरठ), वरुण गांधी (पीलीभीत), उपेंद्र रावत (बाराबंकी), संतोष गंगवार (बरेली), संघमित्रा मौर्य (बदायूं), अक्षयबर लाल गोंड (बहराइच), सत्यदेव पचौरी (कानपुर), राजवीर सिंह दिलेर (हाथरस), वीरेंद्र सिंह मस्त (बलिया), रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद) व केशरी देवी पटेल (फूलपुर) शामिल हैं।

#### बलिया में चेहरा बदला

मौजूदा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटने के पीछे वैसे तो उम्र को वजह बताया जा रहा है, लेकिन सियासी गलियारों में चर्चा है कि माहौल उनके अनुकूल नहीं था। पूर्व पीएम चंद्रशेखर का पुत्र होने की वजह से नीरज उनपर भारी पड़े।

#### मैनपुरी : सपा को मजबूत चुनौती

दरअसल इस सीट पर उतारे गए जयवीर सिंह का लंबा समय बसपा और सपा में बीता है। दोनों सरकारों में वह मंत्री भी रहे हैं। वह मैनपुरी सदर सीट से विधायक हैं। माना जाता है कि वे न केवल इलाके से, बल्कि सपा के दांवपेच से भी परिचित हैं।

## इंदिरा और सोनिया गांधी की तरह अब रायबरेली से प्रियंका का इंतजार, दो माह से जुटे कांग्रेस के रणनीतिकार

**रायबरेली, एजेंसी।** शांत, सुस्त और मौन साधे रायबरेली कांग्रेस में अब उमंग है। उल्लास है। बस एक उम्मीद पर कि प्रियंका आएंगी...। पिछले दो माह से चुनाव को लेकर रणनीतिकारों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। ब्लॉक से लेकर गांव तक कार्यकर्ता और पदाधिकारी बैठक करने के साथ ग्रामीणों के बीच चौपाल लगा रहे हैं।

केंद्रीय नेतृत्व ने भले ही प्रियंका गांधी के नाम को अभी फाइनल नहीं किया है, लेकिन कार्यकर्ता उनको लेकर आशान्वित हैं। कुल मिलाकर रायबरेली के सियासी समर में इस समय वही हालात हैं जो वर्ष 1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में सोनिया गांधी के लिए बने थे।



**बूथों पर पांच न्याय और 25 गारंटी की हो रही बात:** कांग्रेस संगठन जिले के 1800 से अधिक बूथों पर ताकत लगाए है। कारण भाजपा भी बूथ जीतने की रणनीति पर चल रही है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। एक-एक मतदाता के नाम और उसके जातीय गणित का हिसाब रखा जा रहा है। कांग्रेस के एजेंडे को बूथों पर प्रचारित भी किया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी की बात की है और जिला कांग्रेस समिति भी इसी पर फोकस कर रही है।

**बीएमडी फार्मूले पर रहेगी नजर:** कांग्रेस संगठन जिले के जातीय समीकरण पर नजर रखे हुए है। विधानसभा में जिस जाति का अधिक प्रभाव है, उसी के मुताबिक संगठन के पदाधिकारियों को लगाया गया है। पुराने कांग्रेसियों की भी मदद ली जा रही है। कांग्रेस रायबरेली में अभी भी अपने पुराने ब्राह्मण, मुस्लिम और दलित (बीएमडी) फार्मूले को मुफीद मान रही है। इसी कारण इस बार के चुनाव में भी पार्टी इसी फार्मूले पर काम कर रही है।

**भाजपा को भी कांग्रेस के पत्ते खुलने का इंतजार:** प्रियंका गांधी का नाम जब से रायबरेली में चला है, तब से भाजपा भी कांग्रेस के पत्ते खुलने का इंतजार कर रही है। पार्टी के जानकार इस कारण किसी भी प्रत्याशी के नाम की चर्चा तक नहीं कर रहे हैं। जब कुछ गुप्त रखा गया है। कौन उतर रहा है, इस पर भाजपा के बड़े पदाधिकारियों को भी पता नहीं है।

## स्मृति इरानी के सामने दुविधा में दावेदारी, उलझन में जिम्मेदारी, बसपा भी प्रत्याशी को लेकर खामोश





**अमेठी , एजेंसी।** सुर्खियों में छाई अमेठी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी स्मृति जूबिन इरानी के सामने चुनावी अखाड़े में कांग्रेस-सपा गठबंधन से कौन लड़ेगा, इसको लेकर स्थिति साफ नहीं है। फिलहाल, राहुल गांधी या राबर्ट वाड्रा में से किसी एक के चुनाव लड़ने के संकेत के बाद कांग्रेसी अंदर ही अंदर तैयारी कर रहे हैं लेकिन गठबंधन में सहयोगी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी उलझन में है। बिना प्रत्याशी के नाम की घोषणा के वह कैसे अपनी रणनीति तैयार करें, इसको लेकर माथापच्ची का दौर चल रहा है। बसपा का कहना है कि दावेदार उतारेंगे लेकिन कब.. बस जल्द ही।

**उम्मीदवार का ऐलान कर भाजपा ने बनाई बढ़तः** 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट एक बार फिर हाईप्रोफाइल बनी हुई है। दरअसल, भाजपा ने पहली सूची में ही यहां से सीटिंग सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चुनावी मैदान में उतार दिया है। भाजपा का चुनाव अभियान भी शुरू हो गया है। गांव-गांव टीमें लगाई गई हैं। मंडल स्तर पर बैठकें की जा रही है। हरेक बूथ का बायोडाटा तैयार किया जा रहा है।

**वायनाड मतदान पर टिकी निगाहें:** कभी कांग्रेस का गढ़ रही अमेठी में इस बार अजीब सी स्थिति है। दावेदार को लेकर कोई राहुल गांधी पर जोर दे रहा है तो कोई गांधी परिवार के दामाद राबर्ट वाड्रा या प्रतापगढ़ जिले की विधायक आराधना मिश्रा के नाम का जिक्र कर रहा है।

हालांकि तैयारी के सवाल पर सब यही कहते हैं कि इंतजार करिए, दावेदारी भी हमारी रणनीति का हिस्सा है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि इसके पीछे वायनाड का पेंच फंसा हुआ है। दरअसल, राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां पर मतदान 26 अप्रैल को होगा।

#### गांधी परिवार पर टिकी सपा की नजर

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव बताते हैं कि इसका संसदीय चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वैसे तो अभी चेहरा सामने नहीं है लेकिन, पार्टी गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को केंद्र में रखकर तैयारी कर रही है।

#### इंतजार करिए, तैयारी पूरी है

बहुजन समाज पार्टी में भी इस बार दावेदार को उलझन है। वर्ष 2019 में गठबंधन के कारण अमेठी से बसपा का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं था। इस बार पार्टी किस पर दांव लगाएगी, यह एक बड़ा सवाल है। हालांकि टिकट की दौड़ में शामिल लोगों के नाम का भी खुलासा करने को पार्टी के नेता तैयार नहीं है। रही बात तैयारी की तो सभी बस यही बोल रहे हैं कि तैयारी पूरी है। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार का कहना है कि इंतजार करिए, तैयारी पूरी है। कई नेता लाइन में हैं। जल्द ही टिकट की घोषणा हो जाएगी। यह स्थिति तब है जब 1989 में बसपा संस्थापक कांशीराम ने अमेठी से पहला चुनाव लड़ा था।

**पांचवें चरण में मतदान :** अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पांचवें चरण में चुनाव होगा। नामांकन 26 अप्रैल से तीन मई तक कराया जाएगा। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। छह मई का नाम वापसी होगी। 20 मई को मतदान।

## स्कूल में पढ़ाते समय भाजपा से टिकट मिला तो चौंक गए पारसनाथ

#### नहीं कर पा रहे थे भरोसा

**गाजीपुर , एजेंसी।** भाजपा ने गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से पारसनाथ राय को प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया। पारसनाथ को ही भरोसा नहीं हो रहा था कि उन्हें टिकट मिला है। जब पारसनाथ के नाम का एलान किया गया, तब वह अपने ही विद्यालय में कक्षा सात के विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ा रहे थे। भाजपा के एक पदाधिकारी ने फोन करके उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट मिलने की जानकारी दी। यह सुनते ही पारसनाथ बोल पड़े, क्या यह सही है? टिकट मिलने की बात पर उन्हें भरोसा दो घंटे बाद हो सका। फिर कहा कि इसकी कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन पार्टी छोटे कार्यकर्ताओं का भी सम्मान करती है।

2 जनवरी 1955 को जन्मे पारसनाथ राय मनिहारी ब्लॉक के सिखड़ी निवासी हैं। वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े हैं। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के करीबियों में हैं। उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़े बेटे आशुतोष राय 2014 में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इस वक्त भाजपा संगठन में काम कर रहे हैं। है। छोटे बेटे आशीष राय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। भाजपा से टिकट मिलने पर पारसनाथ राय ने खुशी जताई और कहा कि बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजार रहे थे। पंडित मदन मोहन मालवीय सिखड़ी इंटर कॉलेज में कक्षा सात के विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ा रहा था। इसी बीच भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह का फोन आया। जिलाध्यक्ष ने ही प्रत्याशी बनाए जाने की जानकारी दी। हालांकि मुझे दो घंटे तक विश्वास नहीं हुआ। इसके बाद घर आए और पहले से तय कार्यक्रम के चलते जिला स्तर पर आयोजित संघ की बैठक में चले गए। जब बधाइयां मिलने लगी, तब वास्तव में टिकट मिलने का विश्वास हुआ। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं जताई थी। न ही कभी टिकट मांगा था, लेकिन भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का ख्याल रखती है।

## भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल और मजलूम पार्टी के लियाकत को नोटिस जारी

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल व मजलूम पार्टी के प्रत्याशी लियाकत को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को नोटिस जारी कर दिया। बताया गया कि चुनाव आयोग के अनुपालन में प्रत्याशियों को खर्च की निर्धारित धनराशि का हिसाब देना होता है। जिसमें खर्च का मिलान करने के लिए प्रत्याशी या उनके समर्थक को जिला कोषागार में बुलाया था। दोनों उम्मीदवारों की तरफ से कोई नहीं पहुंचा। जिस पर उनको नोटिस जारी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को खर्च करने की चुनाव आयोग ने 95 लाख रुपये धनराशि तय की है। प्रत्याशियों द्वारा खर्च करने की निगरानी के लिए दो रजिस्टर बनाए। जिसमें एक रजिस्टर जिला कोषागार और दूसरा प्रत्याशी या उसके समर्थक के पास होना है। दोनों रजिस्टरों में खर्च का मिलान करने के लिए तीन तारीख निर्धारित की गई थी। बुधवार को पहली तारीख पर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल और मजलूम पार्टी के प्रत्याशी लियाकत खर्च का ब्योरा देने के लिए नहीं पहुंचे और नहीं उनका कोई समर्थक जिला कोषागार आया। जिसकी जानकारी मुख्य जिला कोषागार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई।

## दुआ के लिए उठे सैकड़ों हाथ, मस्जिद- ईदगाहों में पढ़ी गई नमाज

#### गले मिल एक दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

**मऊ , एजेंसी।** ईद पर्व पर जिले के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम बंधुओ ने नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे मऊ शहर के पहाड़पुर ईदगाह और औरंगाबाद ईदगाह में मुस्लिम बंधुओ ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दिया।

ईद पर पर जहां बड़े एक दूसरे को मुबारकबाद दिए वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी एक दूसरे के गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। वहीं ईद पर्व को लेकर शहर में सुरक्षा के मध्य नजर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती रही। नगर के पहाड़पुरा ईदगाह में नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी तो वही औरंगाबाद ईदगाह में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तैयब पालकी ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।



## बाबा विश्वनाथ धाम में राकेश टिकैत ने टेका मत्था, भगवा पगड़ी पर बोले- ये सबका रंग है

**वाराणसी , एजेंसी।** देश में चुनावी रणभेरी के बीच बिहार के चौसा में आंदोलनरत किसानों से मुलाकात करने के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार की सुबह श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। दर्शन पूजन करने के बाद बातचीत के दौरान उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा। टिकैत भगवा रंग की पगड़ी पहने हुए थे। इस पर सवाल करने पर उन्होंने कहा कि यह रंग सबका है। हर समाज व संत-महात्माओं का भी है।



राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को उनका हक दिलवाकर रहूंगा। वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए या एनडीए गठबंधन में किसके साथ रहेंगे के सवाल पर कहा कि हम किसी के साथ नहीं हैं। जिसको जहां इच्छा है वे उसे अपना वोट दें। हमारे आंदोलन में दोनों लोग रहते हैं।

जिसकी भी सरकार किसानों की विरोधी होगी तो किसान विरोध करेंगे। वर्तमान सरकार ने फूट डालो के तहत कुछ किसानों को अलग करके आंदोलन चलाया। सरकार चाहती है कि किसानों का आंदोलन पंजाब में रहे ताकि सिख समुदाय बदनाम हो।

मुख्तार अंसारी को जहर देने के सवाल पर कहा कि जनता कभी झूठ नहीं बोलती है। आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार ने 10 साल के बाद सम्मानित किया। उनके जूनियर को पहले सम्मानित किया गया। कहा कि जहां संगठन मजबूत नहीं होगा वहां किसानों की जमीन पर सरकार की निगाहें रहेगी और किसान लूटे जाएंगे। पूर्वांचल में संगठन मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सैनिक स्कूलों के निजीकरण की खबर पर खरगे ने जताई आपत्ति, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखी चिट्ठी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर सैनिक स्कूलों के निजीकरण का आरोप लगाया। खरगे ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में बताया है कि सैनिक स्कूलों को निजी हाथों में देने से जुडी यह जानकारी सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जरिए सामने आयी है। खरगे ने कहा कि जो जानकारी सामने आयी है, उसके तहत सरकार ने अब तक ऐसे 40 सैनिक स्कूलों को खोलने को लेकर निजी लोगों के साथ व संस्थाओं के साथ एमओयू किया है। खरगे ने कहा कि इनमें से 62 फीसद से अधिक एमओयू बीजेपी और आरएसएस से जुड़े लोगों के साथ किए गए है। इनमें मुख्य मंत्रियों के परिवार, कई विधायक, भाजपा व आरएसएस पदाधिकारी शामिल है। उन्होंने सरकार के इस कदम को सैन्य बलों के भीतर एक विचारधारा को थोपने की कोशिश बताया है। साथ ही कहा है कि सैन्य बलों को किसी राजनीतिक सोच या विचारधारा से दूर रखने की जरूरत है। ऐसे में राष्ट्रहित को देखते हुए कांग्रेस पार्टी इस पहल को तुरंत वापस लेने की मांग करती है।

### हैदराबाद में ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, पुलिस ने सट्टेबाजों से 40 लाख किए बरामद

**हैदराबाद।** हर साल आईपीएल का गेम होता है और हर साल इस गेम के बढ़ते रोमांच के बीच ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के आरोप कई लोग आते हैं। इस बार भी आईपीएल शुरू हो चुका है और उसके साथ सट्टेबाजी भी। हैदराबाद की साइबराबाद पुलिस ने चार सट्टेबाजों की गिरफ्तारी के साथ एक ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदराबाद के मियापुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत मातृश्री नगर के एक अपार्टमेंट आईपीएल 2024 में सट्टा लगाने का खेल चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर गिरोह को पकड़ लिया।साइबराबाद पुलिस ने आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से 40 लाख भी जब्त किए, इसके अलावा 3.57 लाख के पांच बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान आलुरु त्रिनाद, मनम राजेश, बोले स्वामी और मार्पेन्ना गणपति राव के रूप में की गई है। यह सभी आरोपी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों पर क्रिकेट लाइव गुरु और लकी ऑनलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का आयोजन किया था।

### केरल में ट्रेन की चपेट में आने से 2 की मौत, पुलिस कर रही मामले की जांच

**कोट्टायम।** केरल के वेल्लोर से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है। बुधवार सुबह यहां वेल्लोर के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोट्टायम रेलवे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब चार बजे हुई। रेलवे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि वे त्रिवेन्द्रम-मैंगलोर ट्रेन की चपेट में आ गये। दोनों व्यक्तियों की उम्र 19 और 21 साल थी। उनके शव फिलहाल कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं और उनके संबंधित परिवारों द्वारा पहचान की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना कैसे हुई इसको लेकर आगे की जांच के बाद ही मिल पाएगा।

### तमिलनाडु के तिरुमंगलम में कार और दोपहिया वाहन की हुई भीषण टक्कर

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के तिरुमंगलम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। आज सुबह तिरुमंगलम के पास शिवराकोट्टई में विरुधुनगर और मदुरै राजमार्ग पर एक कार और दोपहिया वाहन की टक्कर में पांच लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई। यह पूरा हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया। मदुरै जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना तब हुई जब विरुधुनगर-मदुरै राजमार्ग पर तिरुमंगलम के पास शिवराकोट्टई में एक तेज रफ्तार एसयूवी एक मोपेड से टकरा गई।

## यूपी-बिहार में बदले मौसम के तेवर

# दिल्ली में बारिश के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में पारा एक बार फिर चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल यानी शुक्रवार को तापमान में और इजाफा हो सकता है और गर्मी से लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

वहीं, यूपी, बिहार, हरियाणा और पंजाब में गर्मी में राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि, दो दिन से लोगों को हवा में गर्माहट महसूस होने लगी है। दिल्ली में दो दिनों से तापमान में इजाफा देखने को मिल रहा है। अब हवा में भी गर्माहट देखने को मिल रही है। बुधवार को दिल्ली के नरेला में तापमान 41.2 डिग्री आंका गया। मौसम विभाग की मानें तो दो दिनों तक यही हाल रहने वाला है और गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

मौसम विभाग की मानें तो 13 अप्रैल को आंधी के साथ दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। वहीं, 14 और 15 अप्रैल



को भी हल्की बारिश और आंधी की संभावना है। इसके चलते तापमान में 5 डिग्री की कमी देखने को मिल सकती है।

दिल्ली में इन दिनों सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। इसके चलते दिन के समय लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, आसमान साफ होने और ठंडी हवा के चलते न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रह रहा है। मानक वेधशाला सफदरजंग के मुताबिक, दिल्ली में बुधवार का दिन सीजन के सबसे गर्म दिन के रूप में रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में बुधवार को अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है जबकि, यहां पर न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से तीन डिग्री कम है।

दिल्ली में आर्द्रता का स्तर 55 से 26 फीसदी दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक ही रहने का अनुमान है। इस दौरान लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ेगा। हालांकि शनिवार की शाम के बाद दिल्ली के मौसम पर एक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। इसके चलते तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। रविवार और सोमवार को भी हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा का मौसम बना रहने का आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में 13 से 15 अप्रैल तक मौसम खराब रहेगा। दिल्ली में 13 अप्रैल को 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार वाली हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की बारिश देखी जा सकती है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो दिल्ली में 14 अप्रैल को मौसमी गतिविधियां अपने चरम पर होंगी। इस दौरान दिल्ली में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई। साथ ही गरज चमक के साथ बारिश भी होगी। दिल्ली में 15 अप्रैल को भी आंधी बारिश वाला मौसम रहेगा।

यूपी और बिहार के कई जिलों में तापमान में गिरावट देखने को मिली है। यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, बिहार के 7 जिलों में मौसम विभाग द्वारा बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के कुछ इलाकों में दो दिनों तक हल्की बारिश के आसार हैं। औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जमुई, बांका समेत कई इलाकों में गर्जन के साथ बारिश को अलर्ट जारी किया गया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर राज्यों में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुरक्षा और कड़ी

**अगरतला, एजेंसी।** भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों के बाद 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए आठ पूर्वोत्तर राज्यों में 5,437 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह बात कही। सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारी अक्सर पूर्वोत्तर में सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर रहे हैं, कई बैठकें कर रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात अपने सैनिकों को जागरूक कर रहे हैं। 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से बाड़बंदी नहीं की गई है। ईसीआई द्वारा नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और समीक्षा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगे गांवों और संकटग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि म्यांमार, बांग्लादेश, चीन, भूटान और नेपाल के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर भी विशेष उपाय किए जा रहे हैं। पूर्वी कमान के बीएसएफ एडीजी रवि गांधी अब मिजोरम और असम के सीमावर्ती इलाकों के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्हें परिचालन स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।

बीएसएफ एडीजी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ असम के करीमगंज और कछार जिलों में भारत-बांग्लादेश सीमाओं का भी दौरा किया और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान बीएसएफ के कमांडरों और सैनिकों और सुतारकांडी में एकीकृत मुख्य चौकियों (आईसीपी) के अधिकारियों से भी बातचीत की।

पिछले महीने अधिकारी ने त्रिपुरा से लगे भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया।




### अन्नामलाई को जोकर कहने पर गरमाई तमिलनाडु की राजनीति, भाजपा नेता ने किया पलटवार

**चेन्नई।**
तमिलनाडु में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में जुबानी जंग तेज हो गई है और भाषा की शालीनता खत्म हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन द्वारा कहने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई ने बुधवार को पलटवार किया।

कोयंबटूर से भाजपा उम्मीदवार अन्नामलाई ने कहा कि परिवार के उपनाम के बिना दयानिधि मारन की कोई हैसियत नहीं है। विगत दिनों एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में द्रमुक नेता दयानिधि मारन ने अन्नामलाई को और अच्छा कहा था।

#### परिवार के उपनाम के बिना उन्हें कहीं नौकरी भी नहीं मिलेगी

भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने द्रमुक नेता मारन पर हमला करते हुए कहा कि परिवार के उपनाम के बिना उन्हें कहीं नौकरी भी नहीं मिलेगी। वह केवल अपने परिवार के दम पर राजनीति में हैं। उन्होंने द्रमुक पर भी निशाना साधा और कहा कि यह देश की सबसे गंदी पार्टी है और इसकी स्थापना की गंदी भाषा पर ही हुई है। यदि आप द्रमुक के इतिहास को देखें तो इस पार्टी ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और नए कार्यकर्ता के प्रति असहिष्णुता दिखाई। वे राजनीतिक शब्दावली में अभद्र भाषा लेकर आए। उन्होंने खुद को करार देते हुए कहा कि वह द्रमुक के दुर्व्यवहार को सम्मान बैज के रूप में सजाएंगे। इधर, द्रमुक नेता दयानिधि मारन ने बुधवार को कहा कि वह अन्नामलाई के प्रति की गई अपनी टिप्पणी पर कायम हैं।

#### अपमान करने वालों को जनता सिखाएगी सबक

पीएम मोदीप्रधानमंत्री मोदी ने भी भाजपा नेता पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि द्रमुक नेता की टिप्पणियां पार्टी का असली चरित्र दिखाती है। पीएम ने दावा किया कि अपमान करने वालों को प्रदेश की जनता सबक सिखाएगी। कोयंबटूर के मेट्टुपालयम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार की राजनीति करने वाले युवाओं को आगे बढ़ने से रोकते हैं। क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करनेपर कांग्रेस को अपराध बोध नहीं कच्चातिवु मुद्दे पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई ने क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करने और हमारे तमिल मछुआरों का जीवन खतरे में डालने का कांग्रेस को कोई अपराधबोध नहीं है। अभी हाल ही में दिल्ली में मध्य प्रदेश को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा था कि क्या वहां कोई रहता है ये बिल्कुल बकवास है और पीएम मोदी बेबुनियाद बातें करते हैं।

### छत्तीसगढ़ी एक्टर की सड़क हादसे में मौत

**बिलाईगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़ी हुई एक बड़ी खबर सामने आ रही है बताया जा रहा है कि एक भीषण सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ी कलाकार सूरज मेहर की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बिलाईगढ़ के पास स्कॉर्पियो और पिकअप में जोरदार टक्कर हुई है। जिसमें छत्तीसगढ़ी एक्टर सवार था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है। बतादे की छत्तीसगढ़ी कलाकार सूरज मेहर फिल्मों में विलेन का रोल अदा करता था। बताया जा रहा है कि आज उनकी ओड़ीशा में सगाई थी और सगाई से पहले ही उनकी मौत हो गई है।

खबरें हैं कि हादसे के दौरान सूरज मेहर गाड़ी में सामने वाली सीट पर बैठे हुए थे। इस वक्त दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर इतनी जोरदार हुई कि सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। वही इस हादसे के बाद सरसीवा की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को निकाल कर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## दिल्ली मेट्रो ट्रेन में होली खेलने वाली दोनों लड़कियां गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने होली के त्योहार से पहले मेट्रो ट्रेन में होली खेलने और रील बनाने वाली दोनों लड़कियों को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उन्हें कुछ ही देर में थाने से ही जमानत भी मिल गई। पुलिस ने बताया कि दोनों लड़कियों के खिलाफ 8 अप्रैल को नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो पुलिस स्टेशन में द्धक्कट की धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) और मेट्रो रेलवे (संचालन और रखरखाव) अधिनियम की धारा 59 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

#### अश्लील और बेहूदा वीडियो बनाकर वायरल किया

इस बारे में पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया- दिल्ली मेट्रो ट्रेन में अश्लीलता फैलाने और गैरकानूनी गतिविधियों के



सम्बन्ध में एक मेट्रो अधिकारी से शिकायत मिली थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि दो लड़कियों ने ट्रेन में अश्लील और बेहूदा वीडियो बनाते हुए उसे रिकॉर्ड किया और फिर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मल्होत्रा के मुताबिक, जांच के दौरान नोएडा पुलिस ने उस वीडियो को बनाने वाली उन दोनों लड़कियों का पता लगाकर उनसे सम्पर्क किया। जिसके बाद ग्रेटर नोएडा में रहने वाली इन लड़कियों ने 21 मार्च को चलती ट्रेन में रील बनाने की बात मान ली। बाद में कुछ शर्तों के साथ दोनों को पुलिस स्टेशन से ही जमानत भी मिल गई। जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़कियों के खिलाफ यह कार्रवाई तब हुई जब दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पुलिस को एक पत्र लिखकर उस वायरल वीडियो की गहन जांच करने का अनुरोध किया था। उस वीडियो में दो लड़कियां ट्रेन के अंदर एक-दूसरे पर रंग लगातीं दिखाई दी थीं। इससे पहले, दोनों लड़कियों को नोएडा में चलती स्कूटी पर रंग लगाते और अंतरंग हाव-भाव करते देखा गया था। एक अन्य वीडियो में होली के दौरान स्टंट करते वक्त एक महिला स्कूटी से गिर गई। जिसेक बाद नोएडा पुलिस ने दोनों वीडियो का संज्ञान लिया और तीनों महिलाओं को अश्लीलता और सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

### असम राइफल्स का संयुक्त अभियान, बड़ी मात्रा में हथियार के साथ लाखों रुपए किए बरामद

**असम।** असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में एक संदिग्ध को 13,11,130 रुपये नकद, एक कार्बाइन मशीन गन, एक पिस्तौल, एक ग्रेनेड, एक शॉटगन और गोला-बारूद के साथ पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति को बरामदगी के साथ आगे



की जांच के लिए उखरूल पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। असम राइफल्स की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। असम राइफल्स ने अपने बयान में कहा कि पकड़े गए व्यक्ति को बरामदगी के साथ उखरुल पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले, सुरक्षा बलों ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में भारी हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। अधिकारियों के मुताबिक, मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के साथ मिलकर रविवार को एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया और एक भूमिगत ठिकाने से एक 7.65 मिमी पिस्तौल, 10 ग्रेनेड, एक केनवुड रेडियो सेट और एक मेडिकल किट बरामद की।

### मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनकाब्रेथलाइजर परीक्षण किए जाने की मांग वाली याचिका खारिज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला ब्रेथलाइजर परीक्षण किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता किसी भी ऐसे विशिष्ट कानूनी प्रविधान पर अपना ध्यान आकर्षित



करने में विफल रहा है जो भारत के चुनाव आयोग के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य बना दे कि मतदान की अनुमति मिलने के बाद मतदान केंद्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रक्त में अल्कोहल की मात्रा मापने वाला ब्रेथलाइजर परीक्षण हो। जनवाहिनी पार्टी ने छह जनवरी के अपने प्रतिवेदन पर चुनाव आयोग की कथित निष्क्रियता को चुनौती दी। प्रतिवेदन में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश बिंदु पर एक ब्रेथलाइजर परीक्षण की व्यवस्था करने और केवल उन्हीं मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देने की मांग की गई है, जो शराब के नशे में ना हों।

## बीजेपी प्रत्याशी अरुण गोविल के लिए 'राम' की छवि चुनौती, समझें मेरठ का समीकरण

**मेरठ, एजेंसी।**
राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी। मेरठ के चुनावी रण में यह गीत तो खूब बज रहा है, लेकिन पर्दे के राम यानी भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल अपनी छवि के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। आशाओं के रथ पर सवार भाजपा प्रत्याशी के सामने एक तरफ ग्लैमर की परंपरागत परेशानियां हैं तो दूसरी ओर नेता जैसे गुणों का अभाव। चुनाव मैदान में वह अपने को 'अराजनीतिक' बता रहे हैं और यही उत्तर भाजपा को परेशानियों में डाल रहा है। माहौल 'राममय' है लेकिन राजनीतिक विभीषण भी सक्रिय हैं। जन्मजात मेरठी होने के बावजूद अभिनेता से नेता बने अरुण गोविल का स्थानीय जुड़ाव नहीं बन पा रहा। उनके लिए उनकी 'राम' की छवि ही चुनौती बनी हुई है।

मेरठ के साकेत में स्वागत की लंबी श्रृंखला के बाद संचालक घोषणा करता है... अब 'रामजी' अरुण गोविल आपको 'दर्शन' देंगे और



हमको 'आशीर्वाद' प्रदान करेंगे। रामनामी पटका पहने कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच केसरिया वस्त्रत्धारी गोविल रामायण फेम मुस्कराहट के साथ यह विशेषण स्वीकार करते हैं। नेता बनना मुश्किल है या अभिनेता? इसका दृश्य भी स्वागत समारोह में देखने को मिला। वह 'आशीर्वाद' देने माइक पर आये। जय श्रीराम का उद्घोष किया। नेताई अंदाज बिल्कुल नहीं था। कोई संबोधन नहीं। सीधे अपनी बात। न नेताई भाषण के आरोह-अवरोह। न दावे-न वादे। न वार-न प्रहार। बस एक अपील... सौ परसेंट वोट देना। उच्च आय वर्ग के लोग वोट नहीं डालते हैं। वह छुट्टी मनाते हैं। ऐसा मत करना... प्लीज।

भाषण का अंदाज रामायण के संवाद की तरह था। मंद-मंद। कोई सियासी पुट नहीं। मनोयोग से भाजपा-संघ के पदाधिकारियों ने यह आशीर्वचन सुने। भाजपा का यह कार्यक्रम चुनावी जरूर था मगर अंदाज अलग। कार्यकर्ता से लेकर मंत्री तक और संघ पदाधिकारी तक सब 'दर्शन' कर रहे थे। सियासत में पैंतरे चलते हैं। पर्दे का राम इससे अनभिज्ञ है। वह भाषण देने में निपुण नहीं है। लेकिन धीरे-धीरे धार बढ़ रही है। यह बात हम नहीं, साथ के लोग बताते हैं। वे कहते हैं... पहले एक मिनट मुश्किल से बोलते थे। अब तीन-चार मिनट बोल लेते हैं। पहले गाड़ी से कम उतरते थे। अब जहां जरूरत होती है, वह चल देते हैं। चुनाव संचालन समिति के सदस्यों की बात मानते हैं। एक दिन में उनके 17 दौरे लग रहे हैं। लेकिन टाइम बंधा हुआ है। सुबह नौ बजे से रात के 9 बजे तक। कार्यक्रम में फूल मालाएं नदारद हैं। रामनाम के पटके ही छाये हैं। पर्दे के राम का अपना सत्ता संग्राम वार-पलटवार से अलग है। यह काम शीर्ष नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी को नहीं बख्शा। लेकिन गोविल का अपना 'युद्ध' बिना शब्द बाण के चल रहा है। बकौल उनके लोग मुझमें राम देख रहे हैं... मैं इंसान हूं। राम तो भगवान थे। रामेच्छा से चुनाव लड़ रहा हूं। टिकट मिलने के बाद मेरठ आए भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल आते ही परेशानियों में घिरे। बड़ी मुश्किल से उन्होंने मीडिया से बातचीत की। मेरठ की किसी समस्या के बारे में वह जवाब नहीं दे सके। इतना कहा- एक बार जितवा दीजिए, फिर पता करेंगे कि क्या-क्या समस्याएं हैं।

### सत्ता सिंहासन का गलियारा है पूर्वी राजस्थान

**जयपुर, एजेंसी।** पूर्वी राजस्थान सत्ता सिंहासन का गलियारा माना जाता है। दौसा, करौली-धौलपुर, अलवर, जयपुर शहर-जयपुर ग्रामीण, टोंक-सवाई माधोपुर अहम सीटें मानी जाती है। पिछले दो चुनावों में बीजेपी लगातार जीत रही है। लेकिन इस बार कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वजह यह है कि सत्ता विरोधी लहर की काट बीजेपी प्रत्याशियों के पास नहीं है। बीजेपी ने रणनीति के तहत कई सीटों पर अपने प्रत्याशी बदल दिए है। पीएम मोदी का रोड शो और जनसभाएं प्रस्तावित है, ताकि माहौल बन सके। सियासी जानकारों का कहना है कि इस बार करौली-धौलपुर जयपुर ग्रामीण, अलवर, दौसा और टोंक-सवाई माधोपुर में बीजेपी की सीट फंसी हुई है। कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिल रही है। दौसा सीट को निकालने के लिए बीजेपी कल 12 अप्रैल को पीएम मोदी का रोड शो करवाने जा रही है।

विधानसभा चुनाव के हिसाब से कांगेस बढ़त में है। दौसा में किरोड़ी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। भजनलाल सरकार के मंत्री किरोड़ी लाल का गृह जिला दौसा है। ऐसे में किरोड़ी लाल गांव-गांव जाकर मोदी के रोड शो को सफल बनाने की अपील कर रहे है। दौसा में पहले यह माना जा रहा था कि किरोड़ी लाल के भाई जगमोहन को बीजेपी का टिकट मिलेगा, लेकिन पार्टी ने नहीं दिया है। ऐसे में भीतरघात का खतरा भी कन्हैयालाल को हो सकता है। एसटी के लिए रिजर्व सीट दौसा में इस बार कांटे के मुकाबले में कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा भारी पड़ते हुए दिखाई दे रहे है। सचिन पायलट दौसा में उनके पक्ष में कई जनसभाएं कर चुके है। बता दें दौसा सचिन पायलट का गढ़ माना जाता है। सचिन पायलट के पिता स्वर्गीय राजेश पायलट दौसा से 5 बार सांसद रहे। इस बार बीजेपी ने सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



## संजू सैमसन पर 12 लाख जुर्माना

- गुजरात के खिलाफ ओवररेट धीमा था, फील्डिंग प्रतिबंध भी लगा, पंत पर 2 बार लग चुका फाइन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जयपुर में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी बुधवार को दी। 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को इस सीजन की पहली हार मिली। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया।

20वें ओवर में जीता गुजरात, इस ओवर में सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर थे

गुजरात को जीत के लिए 20वें ओवर जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। राजस्थान की टीम तय वक्त पर ओवर करने से 5 मिनट पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में संजू 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए।राशिद खान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी। ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन टीम राजस्थान की यह पहली गलती थी, इसलिए कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। कप्तान शुभमन गिल और कप्तान संजू सैमसन की यह फोटो बुधवार के मैच की है। इस मैच में ही सैमसन पर जुर्माना लगा है।




## डोपिंग अपराध के लिए तीन भारतीय एथलीटों पर चला नाडा का डंडा

- किए गए निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग विरोधी एजेंसी पैनल द्वारा धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था। गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है।

इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे। शीर्ष धाविका हिमानी चंदेल पर भी पिछले साल 15 जून से चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

### मैक्स से मिल सकती है कड़ी चुनौती

# 18 जून को पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज' स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। दिग्गज भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने जा रहे पावो नूरमी खेलों में खेलते नजर आएंगे।

इसमें उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसकी जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उन्होंने 2023 में चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। वहीं, डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

### डायमंड लीग मीट से सत्र की शुरुआत करेंगे चोपड़ा

चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज' स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है।

टूर्नामेंट के आधिकारिक वेबसाइट पर खिलाड़ियों से करार के लिए जिम्मेदार आर्टटू सलोनेन ने कहा,÷भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा जून में तुर्कू लौटेंगे। चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी।

### जूलियन वेबर और मैक्स डेह्निंग से भी किया गया अनुबंध

उन्होंने बताया कि चोपड़ा के अलावा जर्मनी के दिग्गज जूलियन वेबर और मैक्स डेह्निंग के साथ भी अनुबंध किया गया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले तुर्कू में गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है। हम चाहते हैं कि शीर्ष घरेलू नाम तुर्कू में प्रतिस्पर्धा करें जिसका नेतृत्व ओलिवर हेलैंडर (जिन्होंने 2022 सत्र में 89.83 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था) करेंगे।

# हार्दिक-क्रूणाल के साथ करोड़ों का धोखा पंड्या ब्रदर्स ने सौतेले भाई को कराया गिरफ्तार




**मुंबई, एजेंसी।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को बुधवार को क्रिकेटर और उनके भाई के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के बयान के अनुसार, सौतेले भाई वैभव पंड्या (37) ने कथित तौर पर मुंबई स्थित साझेदारी फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपये का हेरफेर किया, जिससे क्रिकेटर और उनके भाई क्रुणाल को नुकसान हुआ।

वैभव पर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया गया है। दरअसल, 2021 में तीनों ने संयुक्त रूप से एक पॉलीमर बिजनस शुरू किया था। साझेदारी की शर्तें यह थीं कि क्रिकेटर और उनके भाई प्रत्येक 40% पूंजी लगाएंगे, जबकि सौतेला भाई 20 प्रतिशत फंड लगाएगा और फर्म को चलाने की पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। बिजनस से मिला फायदे भी उसी अनुपात में वितरित किए जाने थे। हालांकि, सौतेले भाई ने टर्म्स का उल्लंघन करते हुए क्रिकेटर और उनके भाई को सूचित किए बिना उसी बिजनस का एक और फर्म खोल दिया। एक सूत्र ने कहा- इससे मुख्य कंपनी को 3 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। उन्होंने कहा कि सौतेले भाई ने गुप्त रूप से अपने लाभ को 20% से बढ़ाकर 33.3% कर दिया, जिससे क्रिकेटर और उनके भाई को नुकसान हुआ। सौतेले भाई ने कथित तौर पर साझेदारी फर्म के खाते से लाखों रुपये अपने खाते में डायवर्ट किए, जिसमें 1 करोड़ रुपये लिए गए। इस बारे में जब पंड्या ब्रदर्स ने भाई से बात करनी चाही तो उन्होंने उन्हें धमकाया। इस बारे में क्रुणाल पंड्या और हार्दिक पंड्या ने वैभव के खिलाफ एक्शन लेने का फैसला किया।

बात दें कि हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के कप्तान हैं, जबकि क्रुणाल पंड्या केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में शामिल हैं। इससे पहले दोनों लंबे समय तक अंबानी फैमिली की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में एक साथ खेल चुके हैं।

### यूईएफए चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल...पहला लेग

## बार्सिलोना ने पीएसजी को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्वार्टरफाइनल के तीसरे मुकाबले में बार्सिलोना ने पीएसजी को 3-2 से हराया। एफसी बार्सिलोना की ओर से विंगर राफिन्हा ने 2 गोल दागे। वहीं, तीसरा गोल डिफेंडर आंद्रेस क्रिश्चनसन ने किया। पीएसजी की ओर से ओसमान डेम्बेले और विटिन्हा ने गोल किए। बुधवार देर रात क्वार्टरफाइनल के दो मुकाबले खेले गए। एक मुकाबला स्पैनिश क्लब बार्सिलोना और फ्रैंच क्लब पीएसजी के बीच पेरिस में हुआ। वहीं, दूसरा मुकाबला मैड्रिड में स्पैनिश क्लब एथलेटिको मैड्रिड और जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के बीच खेला गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एथलेटिको मैड्रिड ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराया।

इससे पहले मंगलवार को रियल मैड्रिड में मैनचेस्टर सिटी और रियल मैड्रिड के बीच खेला गया पहला मुकाबला और लंदन में इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल और जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख के बीच खेला गया दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। दूसरे लेग के मुकाबले अगले हफ्ते खेले जाएंगे।

**पहले हाफ में बार्सिलोना ने बनाई लीड, दूसरे हाफ में पीएसजी के सितारे चमके**

बार्सिलोना ने मैच की शुरुआत शानदार की। टीम ने लगातार गोल करने के चांस बनाए। वहीं, दूसरी ओर पीएसजी ने भी लगातार प्रयास किए। हालांकि, पहले हाफ में बार्सिलोना ने बढ़त हासिल कर ली ब्राजीलियन फुटबॉलर और टीम के विंगर राफिन्हा ने 37वें मिनट में गोल दाग दिया। पहले हाफ में बार्सिलोना ने 1-0 से बढ़त बना ली।

दूसरे हाफ में पेरिस ने अपनी स्ट्रैटजी में बदलाव किया और अटैकिंग शुरुआत की। 48वें मिनट में ओसमान डेम्बेले ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके तीन मिनट बाद ही 50वें मिनट में विटिन्हा ने गोल स्कोर कर 2-1 से बढ़त ले ली।

### वर्ल्ड कप 2024

## खराब फॉर्म यशस्वी जायसवाल के लिए खड़ी करेगा मुसीबत!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल का फॉर्म में आना भारतीय टीम के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस युवा बल्लेबाज के पास वो विस्फोटक क्षमता है, जो उन्हें रोहित शर्मा के साथ एक बतौर सलामी बल्लेबाजी में चाहिए. बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 5 पारियों के स्कोर कुछ ऐसे हैं- 24, 5, 10, 0, 24. यानी 5 पारियों में सिर्फ 63 रन. टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का सेलेक्शन जल्द होने वाला है. इस सेलेक्शन में आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम होगा. इस बीच आईपीएल 2024 के मैच नंबर 24 में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर हुई. फैंस को उम्मीद थी कि खराब फॉर्म से जूझ रहे यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस मुकाबले में चलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं. गुजरात टाइटंस के खिलाफ यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए. यशस्वी जायसवाल को उमेश यादव ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड के हाथों कैच कराया.

अभी तक ये सीजन यशस्वी जायसवाल के लिए बेहद खराब रहा है. यशस्वी जायसवाल ने अपने पहले पांच मुकाबलों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है.


### सुनील गावस्कर ने राशिद खान की तुलना बेन स्टोक्स से की, कहा-

## कुछ ही खिलाड़ी हैं जो फील्ड में सब कुछ झोंक देते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के उपकप्तान राशिद खान के प्रदर्शन की तारीफ की है। गावस्कर ने राशिद की तुलना इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स से की है। राशिद खान ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस को आखिरी गेंद पर जीत दिलाई।

राशिद खान ने पहले गेंद से कमाल दिखाया और फिर बल्ले से उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की ये तीसरी जीत है, जबकि टीम ने तीन मुकाबले गंवाए भी हैं। राशिद खान ने गेंदबाजी के दौरान जोस बटलर को आउट किया और 11 गेंद में 24 रन की दमदार पारी खेली। गावस्कर ने राशिद की न





केवल महत्वपूर्ण विकेट लेने की उनकी क्षमता के लिए बल्कि उस समय बल्ले से उनके योगदान के लिए भी प्रशंसा की जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। सुनील गावस्कर ने कहा, ाशिद हमेशा की तरह विकेट लेता है और जब बल्ले से जरूरत होती है तो वह अपना काम करता है।

यही कारण है कि दुनिया भर में मौजूद फ्रेंचाइजी उसे खरीदना चाहती हैं। वे उसे चाहते हैं क्योंकि वे उसकी प्रतिबद्धता, बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण देखते हैं। देखिए जिस तरह से वह क्षेत्ररक्षण करते समय अपना सब कुछ झोंक देते हैं। गेंदबाज फील्डिंग के दौरान डाइव लगाने से दूर भागते है लेकिन राशिद के साथ ऐसा नहीं है। राशिद टीम को सौ प्रतिशत देना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, एक क्रिकेटर और है जो आईपीएल में नहीं खेल रहा है। कुछ ऐसा ही बेन स्टोक्स है। जब भी आप बेन स्टोक्स को देखो, बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग, वह सौ प्रतिशत देता है। वह सब कुछ देता है और आप जानते हैं, ये ऐसे क्रिकेटर हैं जिन्हें कोच चाहते हैं, कप्तान चाहते हैं। हो सकता है कि वे हमेशा रिजल्ट न दें। लेकिन आप जानते हैं कि प्रयास का प्रतिशत कभी भी 100त्न से कम नहीं होगा।



# शुभमन गिल आईपीएल में बनाया ये बिग रिकॉर्ड

### विराट कोहली को पछाड़कर आगे निकले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने 10 अप्रैल को आईपीएल इतिहास में एक नया मुकाम हासिल किया. वह आईपीएल में 3000 रन तक पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए. इस तरह इंडियन प्रीमियर लीग की रिकॉर्ड बुक में शुभमन गिल ने अपने नाम की एंट्री करवा ली.

वहीं इस रोमांचकारी मुकाबले में में गुजरात टाइटन्स ने गजब अंदाज में आखिरी गेंद पर 3 विकेट से जीत दर्ज की. इस मैच में पहले खेलते हुए राजस्थान ने 196/3 का स्कोर खड़ा किया था.

बहरहाल, इस मैच में शुभमन गिल ने 24 साल और 215 दिन की उम्र में 3000 आईपीएल रन बनाने की बड़ी उपलब्धि हासिल की. उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 26 साल और 186 दिन में यह कारनामा कर दिखाया था. 3000 रन कम उम्र में में पूरा करने के मामले में संजू सैमसन (26 वर्ष और 320 दिन) तीसरे स्थान पर हैं, उनके बाद सुरेश रैना (27 वर्ष और 161 दिन) और रोहित शर्मा (27 वर्ष और 343 दिन) का नंबर है.

वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलते हुए गिल ने 4000 टी20 रन भी पूरे किए. महज 24 साल की उम्र में गिल ने यह उपलब्धि हासिल कर यह जता दिया है कि क्यों उनको भारतीय क्रिकेट का सबसे शानदार प्रतिभाशाली खिलाड़ी क्यों कहा जाता है? गिल ने आईपीएल में 3000 रन बनाने के लिए 94 पारियां खेली हैं.

वह आईपीएल के इतिहास में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले संयुक्त रूप से चौथे सबसे तेज खिलाड़ी हैं. वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल 75 पारियों में इसे हासिल करके टॉप पर काबिज हैं, उनके बाद केएल राहुल (80) और जोस बटलर (85) का नंबर है.

### सबसे कम उम्र में 3000 आईपीएल रन

- 24 साल 215 - शुभमन गिल
- 26 साल 186 दिन - विराट कोहली
- 26 साल 320 दिन - संजू सैमसन
- 27 साल 161 दिन - सुरेश रैना
- 27 साल 343 दिन - रोहित शर्मा

## एक नजर

### बिहार में मातृ मृत्यु दर शून्य करना अब भी चुनौती

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में मातृ मृत्यु दर में कमी भले ही आई है पर इसे शून्य करना अब भी चुनौती है। सूबे में अभी भी लगभग 25 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का अस्पतालों में प्रसव नहीं होता है। बिहार में 2011-12 में मातृ मृत्यु दर का अनुपात 208 था, जो 2022-23 में घट कर 118 हो गया है। यानी लगभग 50 प्रतिशत तक कमी आयी है। केरल में सबसे कम 19 है। राष्ट्रीय औसत 97 (प्रति लाख) है। बता दें कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हर साल 11 अप्रैल मनाया जाता है। मातृ मृत्यु दर रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दे रहा है। जननी सुरक्षा योजना के तहत सुरक्षित मातृत्व के लिए लोगों जागरूक किया जा रहा है। योजना के तहत संस्थागत प्रसव में वृद्धि हो रही है। बिहार में संस्थागत प्रसव 2005-06 के 9.9 प्रतिशत से 2019-20 में बढ़ कर 76.2 प्रतिशत पहुंच गया है। 2022-23 में 15.75 लाख महिलाओं ने संस्थागत प्रसव का विकल्प चुना था। 2023-24 में दिसंबर 2023 तक 12.30 लाख महिलाएं इस सुविधा का लाभ ले चुकी हैं।

### खान विभाग ने निर्धारित लक्ष्य से 10 फीसदी अधिक किया राजस्व संग्रह

**पटना (नि.सं.)।** खान एवं भूतत्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 10.32 फीसदी अधिक राजस्व की वसूली की है। बीते वित्तीय वर्ष में 3 हजार करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसकी तुलना में 3 हजार 300 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में बालू एवं पत्थर खनन से 2 हजार 729 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था। इस बार राजस्व संग्रह पिछले बार के मुकाबले 281 करोड़ रुपये अधिक हुआ है। राज्य में सबसे ज्यादा राजस्व संग्रह करने वाला जिला शिवहर है। यहां तय लक्ष्य 867 करोड़ से करीब 205 फीसदी अधिक यानी 1782 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। इसके बाद शेखपुरा में निर्धारित लक्ष्य 4688 करोड़ रुपये से 165 फीसदी अधिक 7747 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह हुआ है। इस तरह निर्धारित लक्ष्य से अधिक या इसके अनुरूप वसूली करने वाले जिलों की संख्या 14 है। इसमें शिवहर, शेखपुरा, अररिया, सहरसा, सीवान, समस्तीपुर, मधुबनी, अरवल, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, पटना, बक्सर और भोजपुर शामिल हैं। पटना जिला ने भी निर्धारित लक्ष्य 41239 करोड़ रुपये के मुकाबले 102 फीसदी अधिक 42464 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह किया है। राजस्व संग्रह में 60 फीसदी से कम वसूली करने वाले छह जिले हैं। इनमें नवादा, कैमूर (भभुआ), बांका, नालंदा, जहानाबाद और जमुई शामिल हैं। 60 फीसदी से थोड़ा अधिक या इसके आसपास राजस्व संग्रह करने वाले जिलों में गया (63 प्रतिशत), सारण (61 फीसदी), औरंगाबाद (60 फीसदी) और किशनगंज (60 फीसदी) हैं। 100 फीसदी से कम और 75 फीसदी से अधिक राजस्व संग्रह करने वाले जिलों की संख्या 13 जिले हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मना ईद उल फितर का त्योहार गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को लगाया गले

निज संवाददाता



**औरंगाबाद/रफीगंज।** औरंगाबाद जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। ईद का त्योहार खुशियों और भाईचारे का त्योहार है। रमजान का पाक महीना पूरा होने के बाद शव्वाल महीने की पहली तारीख को ईद का त्योहार मनाया जाता है। देश में बुधवार की शाम शव्वाल का चांद नजर आया जिससे यह पुष्टि हो गई कि गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। औरंगाबाद में आज ईद मनी। गुरूवार की सुबह ईदगाहों में सबसे पहले ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद दुआ भी की गई। पूरे विश्व के लिए शांति और अमन की कामना की गई। ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर के त्योहार की बधाई दी। नमाज के बाद घर जाकर खुद सेवईयां खाई और ईष्ट मित्रों को खिलाई। सबने मिल जुलकर सेवइयां और शीर खुरमा और खीर खाया। इस दौरान दस्तरखान पर तरह-तरह के पकवान सजे नजर आए। ओबरा में भी ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे के गले लगे। इस दौरान ओबरा के आरजेडी विधायक ऋषि कुमार, राजद के प्रदेश सचिव एहसानुल हक अंसारी आदि ने लोगो को ईद की मुबारकबाद दी। वही रफीगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में इ ईद उल फितर के त्योहार पर गुरुवार को मस्जिदों में नमाज अदा की गई। गौरतलब है कि इस्लाम में रमजान को सबसे पाक महीना माना गया है। इस महीने में लोग रोजे रखकर इबादत करते हैं। एक माह रोज़ा पूरे होने पर अल्लाह ने इनाम के तौर पर ईद-उल-फितर का तोहफा मिलता है। इस दिन इस्लाम धर्म के मानने वाले मस्जिद तथा ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। लोग अपने घरों में मीठे पकवान खासतौर पर सेवईयां भी बनाते हैं। सभी मस्जिदों में लोगों ने मुल्क की हिफाज़त, आपसी भाईचारा एवं अमन के लिए दुआएं की। शहर के महराजगंज मस्जिद, जामा मस्जिद इमादपुर, मदीना मस्जिद, राजा बागीचा, हाजीपुर गोला, सदर बाजार मस्जिद, काजीचक मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल फितर की नमाज़ पढ़ी गई। पर्व के मद्देनजर रफीगंज, कासमा एवं पौथू थाना द्वारा विभिन्न जगहों पर पुलिस गश्ती के साथ सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की तैनाती रही। स्थानीय समाजसेवियों ने प्रशासन को शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक अशोक सिंह, पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ गुलाम शाहिद, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खां, तरक्की के सचिव मिन्हाजुल एकराम फरोग, मो. सुहैल आरजू, मो. जमील अख्तर, खालिद नोमानी, मो. सरफराज, मो. शहाबुद्दीन, अब्दुल्लाह सिद्दिकी, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, सिद्धि यादव, पूर्व मुखिया नेशात अहमद, मुखिया सेराज अंसारी, जैनुल अंसारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, जदयू नेता तजम्मुल खां, लक्कू खां, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, पूर्व मुखिया एस शहजादा शाही, पप्पू यादव उर्फ बाबा, प्रोफेसर हाशिम रजा, ख्वाजा अतीक रज़ा, जैनुल आबेदीन अशरफी, लालदेव पासवान, मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, संजय अम्बेडकर, बसपा नेता रामजीवन दास सहित अन्य लोगों ने सभी को ईद की बधाई दी।

# वोटर्स को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के निर्देश के आलोक में औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए निरंतर प्रयास में जुटी है। इसी कड़ी में उनके निर्देश पर गुरुवार को औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस पदाधिकारियों के दल ने शहर के रमेश चौक से धर्मशाला चौक, धरणीधर रोड होते हुए नावाडीह से बड़ी मस्जिद तक, बड़ी मस्जिद से टिकरी रोड ओवरब्रिज होते हुए रमेश चौक तक फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में साइबर डीएसपी अनु कुमारी, प्रोबेशनर डीएसपी मनीषा देवी, हेडक्वार्टर डीएसपी विनोद कुमार सिंह, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पांडेय, नगर थाना के सर्किल इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष भवन बैठा एवं नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह शामिल रहे। इसके अलावा जम्होर एवं टंडवा थाना के विभिन्न क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान लोगो से पुलिस पदाधिकारियो ने निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

# शराब तस्करी के फरार आरोपियों की होगी तलाश

**पटना (नि.सं.)।** शराबबंदी कानून को पूरी सख्ती से लागू करने के लिए इससे जुड़े तस्करों को दबोचने की कवायद तेज कर दी गई है। शराब तस्करी में राज्य के बाहर के 140 वारंटी ऐसे हैं, जो जेल से छूटने के बाद फरार चल रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे आरोपी हैं, जो संबंधित थानों में जाकर न हाजिरी बना रहे हैं और न ही दिए गए पते पर ही उपलब्ध हैं। कुछ के तो पते भी फर्जी बताए जा रहे हैं। इसी तरह राज्य के अंदर विभिन्न जिलों में करीब 5 हजार आरोपी ऐसे हैं, जो जेल से छूटकर आने के बाद से लापता हो गए हैं या लगातार फरार चल रहे हैं। अब इन सभी आरोपियों को दबोचने के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग पुलिस महकमा के पदाधिकारियों की भी मदद लेगा। इसे लेकर उत्पाद विभाग ने पुलिस महकमा को पत्र भी लिखा है। ताकि संयुक्त रूप से इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे आरोपी भी हैं, जो शराब की तस्करी, पीने, डिलेवरी करने, भंडाकरण या इससे जुड़े किसी अन्य तरह के मामले में जेल गए थे। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के स्तर पर छानबीन में यह बात सामने आई है।

# भक्तिमय माहौल में सत्यचंडी महोत्सव का आगाज

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ग्राम रायपुरा ग्राम में अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम में तीसरा महोत्सव का आयोजन किया गया भक्तिमय वातावरण में आयोजित महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के महामंत्री धनंजय जयपुरी, सिंहा कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पंचदेव धाम चपरा के व्यवस्थापक संजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, कल्पवृक्ष धाम परता के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, कवि लवकुश प्रसाद सिंह सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति एवं सत्यचंडी युवा क्लब के सदस्यों द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं अंग वस्त्र से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने किया जबकि संचालन जिला हिंदी साहित्य के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि सत्यचंडी धाम की महिमा रायपुरा ही नहीं बल्कि अगल-बगल के दर्जनों गांव में फैली है। दर्जनों गांव के लोग यहां सत्यचंडी माता को कुलदेवी के रूप में पूजते हैं।डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि सनातन संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि है। डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि नवरात्रि में माता की अराधना विशेष फलदाई है। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने महोत्सव के माध्यम से स्थल के विकास पर चर्चा की।संध्या में कवि नागेंद्र केसरी रचित सत्यचंडी चालीसा का लोकार्पण भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रगति रानी एवं अदिति सिंह चौहान ने भजन की शानदार प्रस्तुति की।एस एस म्यूजिकल ग्रुप औरंगाबाद के कलाकारों द्वारा भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। आकाश कुमार एवं हैप्पी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया।टिंकू टाइगर ने भी जलवा बिखेरा। दानिका परिवार के कलाकारों की भी विशेष प्रस्तुति रही। डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में उनके कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।महोत्सव के मौके पर सुरेंद्र सिंह, नन्हकू सिंह, अजय सिंह, सूरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# छठ पूजा : नहाय-खाय के साथ आरंभ होगा चार दिवसीय अनुष्ठान



निज संवाददाता

**पटना।** लोक आस्था का महावपर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ होगा। छठ व्रती गंगा स्नान कर घरों में गंगाजल लाकर पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने का दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लेंगी। ज्योतिष आचार्यों के अनुसार, शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र व आयुष्मान योग में नहाय-खाय के साथ पर्व आरंभ होगा। वहीं, 13 अप्रैल शनिवार को मृगशिरा नक्षत्र व शोभन योग में व्रती पूरे दिन निराहर रह कर शाम में खरना का पूजा कर गुड़ से बने खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास को लेकर संकल्प लेंगी। 14 अप्रैल रविवार को आर्द्रा नक्षत्र व गर करण योग में व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। 15 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण कर चार दिवसीय महापर्व को पूर्ण करेंगी। धार्मिक मतों के अनुसार खरना का प्रसाद ग्रहण करने से निरोग काया, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। भगवान सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है।

# अलग-अलग जगहों पर चलाई गई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर विविध मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा कार्यकर्ताओं ने पौथु स्थित मध्य विद्यालय में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया। गतिविधियों में जीएनएम आरती कुमारी ने शिक्षकों के साथ मतदान के लिए शपथ ग्रहण में भाग लिया। वहीं औरंगाबाद स्थित डीआरसीसी के प्रबंधक ने आवेदकों एवं सह-आवेदकों को आवश्यक मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही उन्हें 'मेरा पहला वोट देश के लिए' का संदेश दिया। इसके अलावा नारी शक्ति जीविका समूह, ओबरा में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाया गया। इस दौरान अरूण कुमार तिवारी, सामुदायिक समन्वयक भरत कुमार भारती, साथ मे इंदु देवी, एवं नीलू देवी आदि मौजूद रही। वही हसपुरा प्रखंड में जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीविका दीदियां एवं जीविका कर्मियों ने भाग लिया।

# तारामंडल में शो देखने पहले दिन एक हजार लोग पहुंचे

निज संवाददाता

**पटना।** तारामंडल में शो देखने के लिए पहले दिन दर्शकों की काफी भीड़ रही। लंबी कतार में लगकर लोगों ने टिकट लिया। जो पहले से ऑनलाइट टिकट लेकर तारामंडल पहुंचे थे, उनका क्यूआर कोड स्कैन कर प्रवेश किया गया। शो के समय पर नहीं पहुंचने वाले दर्शक को बाहर बैठकर अगले शो का इंतजार करना पड़ा। पहले दिन ही एक हजार 86 दर्शकों ने तारामंडल थ्री-डी शो सहित एस्ट्रोनोमी एंड स्पेस गैलरी का आनंद लिया। तारामंडल में दर्शकों को पहली बार विशेष प्रकार का चश्मा उपलब्ध कराया गया, जिसकी मदद से वे थ्री डी शो का लुत्फ उठा सके। जर्मन थ्री डी स्क्रीन और अमेरिकन प्रोजेक्टर के माध्यम से सौरमंडल पर आधारित फिल्में दिखायी गयीं। इसमें पृथ्वी की उत्पति, डायानासोर का जीवनकाल, सूर्य, तारों के साथ ब्रह्मण्ड के बारे में बताया गया।

शो देखने के बाद दर्शकों को उसी टिकट पर स्पेस एंड एस्ट्रोनोमी गैलरी देखने को मिली। इसमें जंतर मंतर, राम यंत्र, मिश्र यंत्र, सम्राट यंत्र, घटिका यंत्र, पिठा यंत्र, यष्टि यंत्र व गोल यंत्र का थ्री-डी मॉडल दिखाया गया। सभी प्रदर्शों के बारे में अंग्रेजी व हिंदी भाषा में जानकारी भी लिखी गयी है। इसके अलावा हर्शेल की विशाल दूरबीन को भी देखा गया। अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास को बताते हुए मैरिनियर 2, अपोलो 11, पायनियर 10, मैरिनियर 10, वॉयजर, पायनियर 11, आइएसएस, एमओएम, चंद्रयान-3 व आदित्य एल 1 की थ्री डी रूप में दर्शकों के लिए प्रदर्शित किया गया है।

# राजद नेताओं ने महात्मा फूले को किया नमन

**पटना(नि.सं.)।** राजद नेताओं ने समाज सुधारक महात्मा ज्योति राव फूले की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया और उनके योगदानों को याद किया। गुरुवार को प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी नेताओं ने महात्मा फूले के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने जीवन पर्यन्त सामाजिक बदलाव के लिए आन्दोलन किया और गरीबों, दलितों, पिछड़ों तथा समाज के कमजोर वर्गों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है।

# टेकारी, गुरूआ व इमामगंज क सेक्टर पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर औरंगाबाद नगर भवन में गुरुवार को औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के टेकारी, गुरूआ तथा इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों की समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में तीनो विधानसभा क्षेत्र के 110 सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि गया जिले के इन तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी पोल्ड ईवीएम शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज स्थित बज्र गृह में जमा होगा। बैठक में मौजूद सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि अब तक आप लोगों ने अपने संबंधित मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया होगा तथा इससे संबंधित सभी रिपोर्ट भी अपने सहायक निर्वाचन पदाधिकारी को सौप दिया होगा। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र के आसपास के कम से कम 10 व्यक्तियों का संपर्क नंबर भी प्राप्त कर लिए होंगे। अब से आपकी दूसरी भूमिका की शुरुआत होगी। मतदान के एक दिन पहले सभी को रिजर्व ईवीएम दी जाएगी। मतदान दिवस पर उसका उपयोग खराब ईवीएम को बदलने में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य एवं दायित्वों को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली ने सेक्टर पदाधिकारियों को उनके मतदान दिवस के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने मतदान प्रक्रिया, मॉक पोल, ईवीएम रिप्लेसमेंट, रिपोर्ट तैयार करने, मतदान समाप्ति के बाद के कार्यों के बारे में बताया।

# हमारी सरकार बनी तो प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेता सलाखों के पीछे होंगे : मीसा

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में गर्मी के साथ ही राजनीति का पारा भी तेजी से चढ़ रहा है। चुनावी सभाओं, रैलियों के बीच दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से राजद की उम्मीदवार ने मीसा भारती के एक बयान ने राजनीति में उबाल ला दिया है। गुरुवार को मीसा भारती ने कहा कि यदि देश की जनता ने आइएनडीआइए को देश में मौका दिया और हमारी सरकार बनी तो प्रधानमंत्री समेत भाजपा के सभी नेता सलाखों के पीछे होंगे। मीसा के खिलाफ पाटलिपुत्र संसदीय सीट पर भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल चुनाव मैदान में हैं। पार्टी से सिंबल मिलने के बाद बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लेने के बाद मीसा भारती लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हैं। गुरुवार को मनेर में प्रचार के दौरान मीसा भारती ने प्रधानमंत्री पर जमकर भड़ास निकाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आइएनडीआइए पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि आइएनडीआइए तो 30 लाख रोजगार दे रहा है। इसमें भी उन्हें तुष्टिकरण नजर आ रहा है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि हम किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं। एमएसपी लागू करने की बात कर हैं तो उन्हें इसमें भी तुष्टिकरण दिखता है। इसमें क्या तुष्टिकरण है। इलेक्टोरल बॉन्ड पर कौन जवाब देगा। मीसा भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री जब आते हैं हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। जानते हैं कितना बड़ा भ्रष्टाचार है। इसी क्रम में उन्होंने कहा अगर देश की जनता आइएनडीआइए के पक्ष में मतदान करती है और केंद्र में हमारी सरकार बनती है तो प्रधानमंत्री समेत भाजपा के तमाम नेता भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे नजर आएंगे।

# सड़कों की बेतरतीब खुदाई से कंई इलाके में लग रहा जाम

**पटना(नि.सं.)।** नमामि गंगे परियोजना के तहत बुडको द्वारा शहर में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। निर्माण एजेंसी ने जहां-तहां सड़क की खुदाई कर ऐसे ही छोड़ दिया है। इससे इन इलाकों में जाम लगने लगा है। बोरिंग रोड से नागेश्वर कॉलोनी जाने वाले रास्ते के पास पिछले दो माह में तीसरी बार सड़क की खुदाई कर दी गई। इससे बोरिंग रोड चौराहा से हाईकोर्ट की ओर आने वाले रास्ते पर जाम लग रहा है। यहां पर सीवर पाइप लाइन में बार-बार लीकेज हो रहा है। इसके कारण सड़क पर जलजमाव है। बुडको के अधिकारी सीवर पाइप लाइन से लीकेज की समस्या को पूरी तरह समाप्त नहीं कर पाए हैं।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षो से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433